सूर्योदय : 6:07
सूर्यास्त : 5:34
अधिकतम तापमान : 31.0
न्यूनतम : 18.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या: SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-178 पेज-16

मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 07 दिसम्बर 2023

21 जमादिउल अव्वल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com




लोकसभा में अमित शाह ने नेहरू की चिट्ठी पढ़कर विपक्ष पर बोला जोरदार हमला

# नेहरू की गलतियों से बना पीओके

**पलटवार**

- कश्मीर मसले को यूएन ले जाना ऐतिहासिक भूल
- नेहरू की दो गलतियों का कश्मीर ने कई सालों तक भुगता खामियाजा



**नई दिल्ली।** संसद में जम्मू कश्मीर से जुड़े दो विधेयकों पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए अमित शाह ने एक बार फिर से कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर भारत का है। इसके साथ ही उन्होंने कश्मीर से विस्थापित हुए लोगों के लिए सहानुभूति जताई।

जम्मू कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2023 और जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2023 पर सदन में चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर विधानसभा में एक सीट पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से विस्थापित लोगों के लिए आरक्षित होगी। अमित शाह ने इस दौरान देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि नेहरू के समय में जो गलतियां हुई थीं, उसका खामियाजा वर्षों तक कश्मीर को उठाना पड़ा। उन्होंने आगे कहा कि पहली और सबसे बड़ी गलती- जब हमारी सेना जीत रही थी, पंजाब का क्षेत्र आते ही सीजफायर कर दिया गया और पीओके का जन्म हुआ। अगर सीजफायर तीन दिन बाद होता तो आज पीओके भारत का हिस्सा होता। दूसरा- यूएन में भारत के आंतरिक मसले को ले जाने की गलती की। शाह ने कहा कि दो बड़ी गलतियां नेहरू के कार्यकाल में हुई। नेहरू के समय में जो गलतियां हुई थीं, उसका खामियाजा वर्षों तक कश्मीर को उठाना पड़ा। पहली और सबसे बड़ी गलती वह थी जब जब हमारी सेना जीत रही थी, पंजाब का क्षेत्र आते ही संघर्ष विराम कर दिया गया और पीओके का जन्म हुआ।

**आतंकवाद का होगा खात्मा**

पहले जम्मू में 37 सीटें थीं, अब 43 हैं। कश्मीर में पहले 46 थीं, अब 47 हैं और पीओके में 24 सीटें हमने रिजर्व रखी हैं, क्योंकि पीओके हमारा है। अमित शाह ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 2024 में एक बार फिर प्रधानमंत्री बनेंगे और 2026 तक जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद का पूरी तरह खात्मा हो जाएगा। जब ये (कश्मी पंडित) विस्थापित हुए, तो अपने ही देश में उन्हें शरणार्थी बनना पड़ा। आज के आंकड़ों के मुताबिक, 46,631 परिवार और 1,57,967 लोग अपने ही देश में विस्थापित हो गए और इस प्रकार से विस्थापित हुए कि उनकी जड़ें अपने देश और प्रदेश से उखड़ गईं।

# करणी सेना अध्यक्ष की हत्या पर कई राज्यों में हुआ बवाल

- कई जिलों में चक्का जाम व उग्र प्रदर्शन
- कांग्रेस नेता ने की एनकाउंटर की मांग




**जयपुर।** राजस्थान के जयपुर में राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की घर में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस हत्याकांड के बाद से राजस्थान के राजपूत समाज में आक्रोश है। हत्या के विरोध में आज कई जगह पर बंद भी रखा गया है।

करणी सेना के कार्यकर्ता हत्याकांड के विरोध में राजधानी जयपुर, उदयपुर, जोधपुर, कोटा, धौलपुर समेत कई शहरों में सड़क पर उतर आए और विरोध प्रदर्शन किया। मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के कई शहरों में भी विरोध प्रदर्शन देखने को मिला। सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या पर बीजेपी और कांग्रेस के नेताओं ने भी गुस्सा जाहिर किया है। राजस्थान के कांग्रेस नेता प्रताप सिंह खाचरियावास ने सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्या को गंभीर मामला बताया। उन्होंने कहा, हत्यारों को एनकाउंटर में मार देना चाहिए। उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। पूर्व विधायक राजेंद्र गुड़ा ने भी सुखदेव की हत्या पर दुख जताया। इस मामले की जांच हाईकोर्ट जज की निगरानी में होना चाहिए। उन्होंने गोगामेड़ी को सुरक्षा उपलब्ध न कराने जाने को लेकर गहलोत सरकार पर भी निशाना साधा। करणी सेना के कार्यकर्ता और नेता सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के हत्यारों के एनकाउंटर की मांग कर रहे हैं।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजभवन, लखनऊ में राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से शिष्टाचार भेंट की।

## चेन्नई में अब भी बाढ़, कई क्षेत्रों में बिजली नहीं

**चेन्नई।** चक्रवात मिचौंग के बाद से जूझ रहा है। स्थानीय लोगों को बुधवार को शहर और पड़ोसी इलाकों के कई हिस्सों में जलभराव और बिजली व्यवधान से जूझना पड़ा। तमिलनाडु सरकार ने कहा कि कुछ क्षेत्रों में एहतियाती उपाय के रूप में बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई है क्योंकि केबल पानी में डूबे हुए हैं और सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। चक्रवात के कारण हुई भारी बारिश के कारण वेलाचेरी और तांबरम सहित इलाकों में बाढ़ आ गई थी। बुधवार को, लोगों को अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित क्षेत्रों में, अपने बच्चों को लेकर और रुके हुए पानी से गुजरते देखा गया। चेन्नई के कोलाथुर में एक दुकान के मालिक राजाराम ने कहा कि 30 से अधिक दुकानों में पानी घुस गया है। पिछले दो दिनों से बिजली की आपूर्ति नहीं है।

# मोदी सरकार ने बाबा साहब के सपनों को किया साकार: योगी

## सीएम योगी ने किया ऐलान: डॉ. आंबेडकर पर शोध करने वाले छात्रों को दी जाएगी छात्रवृत्ति

- डॉ. आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर दी श्रद्धांजलि
- जाति के नाम पर बांटने वाले आबंडेकर विरोधी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जो लोग भारत का विरोध करते हैं वह बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर का अपमान करते हैं। मुख्यमंत्री ने बुधवार को डॉ. आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर आंबेडकर महासभा में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्षी दलों की सरकारों ने दलितों और गरीबों के नाम पर केवल राजनीतिक रोटियां सेकी थी। लेकिन डबल इंजन की सरकार गरीबों, वंचितों और दलितों के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग जातीयता के नाम पर समाज में खाई उत्पन्न करने का काम करते हैं। ऐसे लोग सही मायने में बाबा साहब का अपमान करते हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहब को भी लालच देने का काम हुआ था, लेकिन बिना झुके और बिना डिगे वे भारत और भारतीयता के लिए काम करते रहे। दुनिया में जब भी दबे और कुचले समाज के उत्थान की बात आती है तो बाबा साहब को याद किया जाता है। उन्होंने कहा कि आज कुछ लोग समाज को बांटने का प्रयास कर रहे हैं ऐसे लोगों से सावधान रहना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ में बनाए जा रहे डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक से शोध करने वाले विद्यार्थियों को सरकार छात्रवृत्ति भी देगी। उनकी सरकार ने समाज को जाति के आधार पर नहीं बांटा बल्कि कमजोर, गरीब, दलित वर्ग के विकास पर ध्यान दिया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार वास्तव में डॉ. आंबेडकर के के सपनो को साकार कर रही है। इससे पहले सीएम ने हजरत गंज चौराहा स्थित डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि योगी सरकार में किसी की हैसियत नही है कि दलित या गरीब का शोषण कर सके। दलितों और मजदूरों के खिलाफ कोई घटना नही हो रही है। सीएम ने दलित कल्याण के काम किए हैं। समाज कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने कहा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के शासन में दलितों और डॉ. आंबेडकर का अपमान किया गया। उन्होंने कहा कि पहले अखिलेश यादव दलितों से माफी मांगे उसके बाद जय भीम का नारा लगाने की बात सोचें। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव बताएं कि जब वह सरकार में थे तो दलितों के लिए क्या किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब गरीब कल्याण के पुरोधा ही नहीं बल्कि श्रमिकों के हितैषी थे। उन्होंने कहा कि बाबा साहब सही मायने ने विश्व गुरु थे।

**कांग्रेस पर विश्वास मत करना**

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा डॉ. आंबेडकर के कारण नागरिकों को महत्वपूर्ण अधिकार मिले। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ. आंबेडकर की सोच को धरातल पर उतारा। कांग्रेस ने बाबा साहब को चुनाव हरवाया था। बाबा साहब ने कहा था कि कांग्रेस पर बिल्कुल विश्वास मत करना।

## 2024 के चुनाव में होगा खेला: ममता

**कोलकाता।** 2024 लोकसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बीजेपी को फिर से तृणमूल के मंच से चुनौती दी है। साथ ही उन्होंने हालिया विधानसभा में निराश हुई कांग्रेस को भी खास संदेश दिया। ममता बुधवार को उत्तर बंगाल के लिए उड़ान भर रही हैं। उनके सात दिवसीय दौरे में पारिवारिक शादियाँ भी शामिल हैं। इसलिए वे इस दिन शहीद मीनार स्थित तृणमूल के समरसता मंच पर सशरीर उपस्थित नहीं हो सकीं। मंत्री अरूप विश्वास ने उन्हें बुलाया और वर्चुअली मंच पर उपस्थित हुईं। फोन के जरिए तृणमूल सुप्रीमो ने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि 2024 में खेला होगा। सम्मेलन में उपस्थित अल्पसंख्यकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गेरुआ खेमा बंटवारे की राजनीति करने की कोशिश कर रहा है। वे धर्म के नाम पर लोगों के बीच मतभेद पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं।

शिंदे सरकार को बॉम्बे हाईकोर्ट की कड़ी फटकार

# ढिलाई नहीं कर सकते स्वीकार

- एक विशेषज्ञ समिति ने रिपोर्ट सौंपी
- आग लगने की घटनाओं का है मामला



**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने बुधवार को अग्नि सुरक्षा नियमों को ताक पर रखने के लिए महाराष्ट्र सरकार को कड़ी फटकार लगाई। उसने कहा कि हर दूसरे दिन मुंबई में आग लगने की कोई न कोई घटना होती है, जिसमें मासूम लोगों की जान चली जाती है।

मुख्य न्यायाधीश (सीजे) डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति आरिफ डॉक्टर की खंडपीठ ने कहा कि यह मुद्दा बहुत ज्यादा गंभीर है। इसलिए इस मामले में किसी भी तरह की ढिलाई को स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि आग लगने की घटनाएं लगातार बढ़ती दिख रही हैं। इस शहर में हर दूसरे दिन आग लगने की घटना होती है और लोगों की जान जाने की खबरें आती हैं। बॉम्बे हाईकोर्ट ने फटकार लगाते हुए कहा कि यह अदालत का काम नहीं है कि वह सरकार को बताए कि क्या कदम उठाने की जरूरत है। सीजे उपाध्याय ने कड़े शब्दों में सरकार पर सवालों की बौछार करते हुए कहा, यह बिल्कुल सही नहीं है। क्या हम आपको (सरकार को) हर कार्रवाई के लिए प्रेरित करने के लिए यहां बैठे हैं? क्या यह हमारा काम है? यह सब यहां क्या हो रहा है? पीठ ने हाल ही में दक्षिण मुंबई में एक चार मंजिला आवासीय इमारत में आग लगने की घटना का भी जिक्र किया। इस हादसे में 82 वर्षीय एक महिला और उसके 60 वर्षीय बेटे की जान चली गई थी। उन्होंने कहा कि ये दो मौतें जिस तरह हुई है, क्या आप इस शहर के लोगों के लिए यही चाहते हो कि परिवार अपने प्रियजनों को खोते रहें? अतिरिक्त सरकारी वकील ज्योति चव्हाण ने अदालत को सूचित किया कि पिछले साल गठित एक विशेषज्ञ समिति ने फरवरी 2023 में अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। रिपोर्ट को विचार के लिए राज्य के शहरी विकास विभाग के समक्ष रखा गया है और विकास नियंत्रण एवं संवर्धन नियंत्रण (डीसीपीआर) 2034 में संशोधन के लिए कदम उठाए जाएंगे।

## मुझे ईवीएम में मेरा पूरा भरोसा है: कार्ति चिदंबरम

**नई दिल्ली।** ईवीएम के मुद्दे पर कांग्रेस में दो फाड़ हो गई है। कांग्रेस का एक धड़ा जहां ईवीएम में गड़बड़ी का आरोप लगा रहा है, वहीं दूसरा भाग इसे सिरे से नकार रहा है। विधानसभा चुनाव में एक तरफ भाजपा को अपार जमसमर्थन मिला। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस को करारी हार मिली है। इसके बाद सबसे पुरानी पार्टी के कुछ नेताओं ने ईवीएम पर सवाल खड़े कर दिए थे। हालांकि, अब विपक्षी पार्टी के कुछ नेताओं ने अपने ही लोगों के बयान से असहमति जताई है। कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम का कहना है कि उन्हें ईवीएम पर पूरा भरोसा है। वहीं, उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें पता है कि पार्टी के कई लोग उनसे अलग राय रखते हैं। गौरतलब है, पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजे सामने आने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने ईवीएम को लेकर सवाल खड़े किए थे। उन्होंने 199 विधानसभा सीटों पर पोस्टल बैलेट में मिले कांग्रेस को वोट और ईवीएम में मिले कांग्रेस के वोटों का आकलन करने की बात कही थी।

# तीन राज्यों में जीते सांसदों ने दिया इस्तीफा

- मध्य प्रदेश में नरेंद्र सिंह तोमर-प्रह्लाद पटेल के नाम रेस में
- मप्र में सबकी निगाहें अभी शिवराज सिंह चौहान पर टिकी हैं



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव में 21 सांसदों को मैदान में उतारा था। इसमें 11 सांसदों को जीत मिली थी, जबकि 10 सांसदों को हार का सामना करना पड़ा था।

भाजपा ने आज एक चौंकाने वाला फैसला लेते हुए अपने जीते हुए 10 सांसदों से इस्तीफा ले लिया है। इसमें केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, पूर्व केंद्रीय मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौर, राकेश सिंह, प्रहलाद सिंह पटेल और मध्य प्रदेश के सीधी लोकसभा चुनाव क्षेत्र से सांसद रीति पाठक शामिल हैं। छत्तीसगढ़ से अरुण साव और गोमती साईं से भी इस्तीफा ले लिया गया है। भाजपा ने जीते हुए चुनावी राज्यों में अभी तक मुख्यमंत्री का चेहरा तय नहीं किया है। इससे इस बात की भी अटकलबाजी तेज हो गई है कि इनमें से कुछ लोगों को मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। दरअसल, नरेंद्र सिंह तोमर को मध्य प्रदेश की कमान सौंपने की चर्चा जोरों पर है। केंद्रीय कृषि मंत्री रहते हुए उन्होंने काफी अच्छा काम किया है। वे पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के करीबी के रूप में भी देखे जाते हैं, इसीलिए इस बात की अटकलें लगाई जा रही हैं कि उन्हें मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। लेकिन चुनावों के दौरान ही एक विवादित वीडियो के सामने आ जाने के बाद उनकी दावेदारी कुछ कमजोर हो गई है। पिछड़े समुदाय से आने वाले प्रह्लाद सिंह पटेल को भी मध्य प्रदेश के संभावित मुख्यमंत्री के रूप में देखा जा रहा है। पिछड़े समुदाय से आने के कारण वे भाजपा की राजनीति को खूब सूट भी करते हैं। मप्र में लगभग आधी आबादी पिछड़े समुदाय की है। अनुमान है कि भाजपा इस बार भी मध्य प्रदेश में किसी पिछड़े चेहरे को ही मैदान में उतारेगी। एमपी के वर्तमान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह पिछड़े समुदाय से आने के कारण ही अब तक पार्टी की पहली पसंद बने हुए थे।

**आदिवासी मतदाताओं ने दिया साथ**

लोकसभा चुनाव के साथ-साथ गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में आदिवासी मतदाताओं ने भाजपा का अच्छा साथ दिया है। यही कारण है कि अटकलें लगाई जा रही हैं कि मोदी किसी आदिवासी चेहरे को मुख्यमंत्री बनाकर इस समुदाय को अपने साथ और मजबूती से जोड़ने का काम कर सकते हैं। अगले चार महीने के अंदर लोकसभा चुनाव होना है। लोकसभा चुनाव में विपक्ष आदिवासियों का मुद्दा उठा सकता है। ऐसे में माना जा रहा है भाजपा आदिवासी चेहरे पर ही गांव खेलेगी।

**समीक्षा** यूपी में ट्रैफिक रूल तोड़ने वालों पर सख्त हुई योगी सरकार

# तीन बार चालान होने पर निरस्त होगा लाइसेंस

- 15 दिसंबर से शुरू होने वाले सड़क सुरक्षा पखवाड़ा को लेकर मुख्य सचिव ने दिए कड़े निर्देश
- नौ को सभी जिलों में राष्ट्रीय लोक अदालत

**लखनऊ।** प्रदेश में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत कमी लाने के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के क्रम में बार-बार ट्रैफिक रूल तोड़ने वालों से प्रशासन अब सख्ती से निपटेगा।

किसी भी चालक का लगातार तीन बार से अधिक चालान होने पर उसका ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त किया जाएगा और इसके बाद भी ट्रैफिक रूल का उल्लंघन करने पर वाहनों का पंजीयन निरस्त किया जाएगा। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने बुधवार को 15 से 31 दिसंबर तक मनाए जाने वाले सड़क सुरक्षा सप्ताह की समीक्षा के दौरान इस संबंध में सख्त निर्देश दिए। मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ ऑनलाइन बैठक में मुख्य सचिव ने सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अंतर विभागीय समन्वय के साथ मनाने का सुझाव दिया। नौ दिसंबर को प्रदेश के सभी जिलों में प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत को भी लेकर मुख्य सचिव ने निर्देश दिए। कहा, पूर्व में आयोजित लोक अदालतों में वादों के निस्तारण में उत्तर प्रदेश का प्रथम स्थान रहा है। इस बार भी प्रदेश का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहना चाहिए। मुख्य सचिव ने कहा कि हमारी संस्कृति-हमारी पहचान के तहत संस्कृति उत्सव 25 दिसंबर से 26 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। संस्कृति उत्सव के सफल आयोजन के लिए सभी तैयारियां समय से सुनिश्चित करा ली जाएं। राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने एक वर्ष से पुराने लंबित मामलों के निपटारे पर जोर दिया। विकसित भारत संकल्प यात्रा की समीक्षा के दौरान कहा कि यात्रा में स्थानीय स्तर पर अधिक से अधिक नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित कराई जाए।

**दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जागरुकता जरूरी**



ओवरस्पीडिंग, रॉन्ग साइड ड्राइविंग, मोबाइल फोन का प्रयोग और नशे में गाड़ी चलाने के कारण अधिकतर सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। इसमें कमी लाने के लिए जागरुकता की बहुत जरूरत है। सभी मंडलायुक्त व जिलाधिकारी इस पर गंभीरता से कार्य करें। पखवाड़े के दौरान सभी स्कूली वाहनों के फिटनेस की जांच के साथ ही वाहन चालकों के भी मेडिकल फिटनेस की जांच कराई जाए। शिक्षण संस्थानों में छात्रों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात के नियमों की जानकारी दी जाए। कोहरे को देखते हुए प्रभावी पेट्रोलिंग की जाए।

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र

**ओवरलोडिंग को टास्क फोर्स द्वारा रोका जाए**

कॉमर्शियल चालकों के लिए हेल्थ कार्ड अनिवार्य रूप से जारी किए जाएं। ओवरलोडिंग को टास्क फोर्स द्वारा रोका जाए। उन्होंने कहा कि सभी मंडल व जिलों में सड़क सुरक्षा समिति की बैठकें अनिवार्य रूप से करें। जिलों में उपलब्ध क्रिटिकल केयर फैसिलिटी का भी समय-समय पर निरीक्षण करें, ताकि सड़क दुर्घटना से प्रभावित व्यक्तियों को जिले में ही तत्काल उपचार मिल सके।

# प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी: पीएम मोदी उतारेंगे रामलला की पहली आरती

**150 वैदिक आचार्य करेंगे अनुष्ठान**



**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि परिसर में नवनिर्मित राममंदिर में रामलला की नई मूर्ति की पहली आरती प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही उतारेंगे। प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान में 150 वैदिक आचार्यों को लगाया जा रहा है। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि ने बताया कि काशी के शंकराचार्य विजयेंद्र सरस्वती के मार्गदर्शन में आचार्यों की टोली का चयन हुआ है।

काशी के वैदिक विद्वान लक्ष्मीकांत दीक्षित प्रमुख आचार्य रहेंगे। उनके साथ डेढ़ सौ पंडितों की टोली रहेगी, जो विभिन्न पारायण, पाठ, यज्ञ आदि करेगी। काशी के ही प्रसिद्ध वैदिक विद्वान गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ की निगरानी में सारे अनुष्ठान होंगे। 17 जनवरी को रामलला की अचल मूर्ति की भव्य शोभायात्रा निकालकर राम जन्मभूमि परिसर में स्थापित की जाएगी। उसके बाद 18 जनवरी से पूजन, अर्चन अनुष्ठान की प्रक्रिया शुरू होगी। गोविंद देवगिरी ने बताया कि पीएम मोदी राम जन्मभूमि परिसर में पहुंचने के बाद सबसे पहले जटायु मंदिर जाएंगे। जटायु उन कारसेवकों, बलिदानियों के प्रतीक हैं, जिन्होंने भगवान के कार्य के लिए जीवन को न्योछावर किया। उन सबके प्रतिनिधि के रूप में जटायु को पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद वे प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे। फिर उद्घाटन भाषण को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में मौजूद देशभर से आए साधु संतों से आशीर्वाद लेंगे।

# बाबा साहब के विचारों से आज पूरी दुनिया लाभान्वित हो रही है जागन सिंह



अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** डॉ.भीमराव अंबेडकर संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर के 68 वें परिनिर्माण दिवस के मौके पर जिला पंचायत सभागार में एक श्रद्धांजलि सभा एंव भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी जागन सिंह ने कहा बाबा साहब ने समाज में समता स्थापित करने के लिए वैचारिक आजादी, सामाजिक आजादी, धार्मिक आजादी, आर्थिक आजादी के लिए जीवन पर्यंत कार्य करते रहे। उनके विचार आज सारी दुनिया फॉलो कर रही है। यह हमारा सौभाग्य है कि बाबा साहब को कोलंबिया यूनिवर्सिटी ने सिंबल ऑफ नालेज की उपाधि से उन्हें सम्मानित किया जागन सिंह ने कहा बाबा साहब के विचारों से आज पूरी दुनिया लाभान्वित हो रही है।उनके विचारों में विश्व बंधुत्व की सद्भावना है कार्यक्रम में अवर अभियंता लक्ष्मी कान्त ,मनीष वर्मा, राजीव सिंह, रमेश विश्वकर्मा, लेखाकार ,धमेंद्र यादव ,दिनेश यादव ,अलका मिश्रा, ज्योति गुप्ता, मतीन उल्ला खां, सुनील कुमार राज ,कमलेश , राजेश श्रीवास्तव, एवं जिला पंचायत का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## जमीन का बैनामा करने का झांसा देकर 11 लाख 40 हजार रू हडपे

**मोहम्मदी-खीरी।** नगर के एक मोहल्ला निवासी पूर्व राजस्व निरीक्षक के साथ एक व्यक्ति ने अपने हिस्से की 7 बीघा जमीन का सौदा कर मूल्य प्राप्त करने के बाद रजिस्ट्री न करने पर पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बदनियती और बेईमानी कर पैसा हड़पने के मामले में धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है।नगर के मोहल्ला देवीस्थान निवासी नीरज श्रीवास्तव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया तहसील मोहम्मदी परगना पसगवां के गांव भानपुर में लोदीपुर रौजा जिला शाहजहांपुर निवासी अंबुज श्रीवास्तव की गाटा संख्या 383, 385 ,396 के सहखातेदार में 7 बीघा जमीन का हिस्सेदार था। जिसने अपनी संपूर्ण भूमि का सौदा 11 लाख 40 हजार में कर भूमि बिक्री कर दी थी। और अपने खाते पर पीड़ित से रकम दो बार में उसके खाते से ट्रांसफर करा ली थी । जिसके बाद भूमि की रजिस्ट्री करने के लिए आने को 30 नवंबर तारीख मुकर्रर कर दी। पीड़ित ने निश्चित तारीख पर रजिस्ट्री के लिए 57 हजार 500 रुपया का स्टांप पेपर खरीदने के बाद रजिस्ट्री करने के लिए बुलाया पर वह नहीं आया। 3 नवंबर को पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर विवेचना एस आई अवनीश कुमार को सौंपी है।

## ई-रिक्शा और पिकअप की टक्कर हादसे में चार बच्चे और दोनों वाहनों के चालक घायल

**लखीमपुर खीरी।** मोहम्मदी में गोला-हाईवे पर बुधवार सुबह ई-रिक्शा और पिकअप की टक्कर हो गई। ई-रिक्शा में स्कूली बच्चे सवार थे। हादसे में चार बच्चे और दोनों वाहनों के चालक घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जानकारी के मुताबिक, दिलावलपुर निवासी सुफियान बुधवार सुबह ई-रिक्शा से निजी स्कूल के बच्चों को लेकर जा रहा था। मोहम्मदी गोला हाईवे पर सामने से आ रही पिकअप ई-रिक्शे से टकरा गई। टक्कर होते ही घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही बच्चों के अभिभावक पहुंच गए परिजनों ने घायल बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे में कक्षा एलजी की पांच वर्षीय मधिया, यूकेजी की दानिया, नौ वर्षीय अफसा और नौ साल का अफसर घायल हुआ है ई रिक्शा चालक दिलावरपुर निवासी 20 वर्षीय सुफियान और पिकअप चालक भूपेंद्र सिंह भी घायल हुआ है। जिनको उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

# परिनिर्वाण दिवस पर हुई प्रभारी डीएम की अध्यक्षता में हुई पुष्पांजलि सभा



अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** बाबा साहब डा0भीमराव अम्बेडकर के 67वें परिनिर्वाण दिवस पर बुधवार को कलेक्ट्रेट में प्रभारी डीएम/एडीएम संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में पुष्पांजलि सभा का आयोजन हुआ। डीएम ने अधीनस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों संग भारत रत्न बाबा साहब डा.भीमराव अम्बेडकर के छवि चित्र पर पुष्पांजलि तथा फूल माला चढाकर नमन किया। प्रभारी डीएम संजय कुमार सिंह ने बाबा साहब के सिद्धांतों एवं मूल्यों को आत्मसात कर उनके द्वारा दिखाये गये मार्ग पर चलकर अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करने की बात कही। उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुये उनके जीवन संघर्षों को याद किया तथा उनके शिक्षा, सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक, विधिक योगदान पर चर्चा की। बाबा साहेब के संघर्ष ने लाखों लोगों में आशा का संचार किया और उनके प्रयासों ने भारत को ऐसा व्यापक संविधान प्रदान किया जिसे कभी नहीं भुलाया जा सकता। यह दिवस हम सबको उनके द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों एवं मूल्यों पर चलने के लिए पुनर्संकल्पित होने की प्रेरणा देता है। हमें बाबा साहब द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों एवं मूल्यों को आत्मसात कर उनके द्वारा दिखाये गये मार्ग पर पूरी निष्ठा के साथ चलने का व्रत लेना होगा और यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि भी होगी।इस मौके पर एसडीएम रेनू मिश्र, राजीव निगम, एआरओ अवधेद्र कुमार सिंह, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी (कलेक्ट्रेट), प्रशासनिक अधिकारी खुशाल सिंह, सुधीर सोनी, मो. सलीम, सुरेश कुमार, विवेक सक्सेना सहित बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट के कार्मिक मौजूद रहे। बताते चलें कि जिले भर में सरकारी संस्थान, शिक्षण संस्थाओं में बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर उन्हें श्रद्धापूर्वक स्मरण करने के लिए इस अवसर पर पुष्पांजलि सभा आयोजित हुई।

## गंगाराम के नेतृत्व में किया गया डाक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण का कार्यक्रम



अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण एवं गोष्ठी का कार्यक्रम गंगाराम एडवोकेट डायरेक्टर जिला सहकारी बैंक के संयोजन में आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गंगाराम ने बाबा साहेब डॉक्टर अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि अर्पित किया पुष्पांजलि सभा में कुलभूषण सिंह जिला उपाध्यक्ष भाजपा राम जी मौर्य जिला महामंत्री भाजपा रमेश चंद्र मिश्र मीडिया प्रभारी आकाश वाल्मीकि जिला उपाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा शिवम नगर अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा अजय निराला खीरी लोकसभा राजीव धौरहरा लोकसभा के लोग भी उपस्थित रहे भारी संख्या में छात्र एवं नागरिकों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बाबा साहेब अंबेडकर के किये गए देशहित राष्ट्रीय सामाजिक कार्यों पर विचार व्यक्त करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# जनपद में 107 धान क्रय केन्द्र स्थापित

## धान क्रय केन्द्र शासन के निर्देशों के अनुरूप करें कार्यवाही: डीएम

अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया है कि खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के लिए किसानों से सीधे धान क्रय किये जाने और उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ दिलाये जाने हेतु जनपद रायबरेली में विभिन्न एजेंसियों के कुल 107 धान क्रय केन्द्र को अनुमोदित किये हैं, जिसमें खाद्य विभाग के 32, पी0सी0एफ0 के 50, पी0सी0यू0 के 17 तथा भारतीय खाद्य निगम के 06 एवं मण्डी परिषद के 02 धान केन्द्र सम्मिलित है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों,कर्मचारियों को निर्देश दिये है कि अनुमोदित,चयनित किये गये धान क्रय केन्द्रों पर किसानों की सुख-सुविधाओं की व्यवस्था के लिए इलेक्ट्रॉनिक कांटा, नमी मापक केंद्र आदि की व्यवस्था धान क्रय केन्द्रों पर कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने धान क्रय केन्द्रों के बारे में बताया है कि तहसील सदर में कुल 33 क्रय केन्द्र है, जिसमें खाद्य विभाग के 09 रायबरेली मण्डी प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, राही, अमावां उपमंडी स्थल, हरचन्दपुर प्रथम, द्वितीय, सतांव में धान क्रय केन्द्र स्थापित है। इसी प्रकार पीसीएफ के 15 क्रय केन्द्र है, जिसमें बी-पैक्स नतन्सीपुर, बी-पैक्स उत्तरपारा, क्र.वि.सह.लि. रायबरेली एट मंडी रायबरेली, डीसीडीएफ एट मुंशीगंज एट संघ, बी-पैक्स खागीपुर सड़वा, क्रय विक्रय समिति लोधवारी, बी-पैक्स रसेहता, बी-पैक्स दुसौती, बी-पैक्स बावन बुजुर्ग बल्ला, पीसीएफ कृ0से0कें0 गढ़ी गोदाम, बी-पैक्स खिजिरपुर करौंदी, बी-पैक्स रहवां, पीसीएफ कृ0से0कें0 गंगागंज, बी-पैक्स मनेहरू में क्रय केन्द्र स्थापित है। पी.सी.यू. के 05 क्रय केन्द्र है जिसमें सह0सं0 मेजरगंज, बी-पैक्स खुरेहटी गोंदवारा, बी-पैक्स डिघिया, बी-पैक्स लोधवामऊ एवं बी-पैक्स कोरिहर क्रय केन्द्र है। भारतीय खाद्य विभाग के 03 क्रय केन्द्र है जिसमें रायबरेली मंडी, भांव एवं ढकिया चौराहा सतांव क्रय केन्द्र है। मण्डी परिषद के 01 रायबरेली मंडी है।

इसी प्रकार तहसील महराजगंज में कुल 18 क्रय केन्द्र है, जिसमें खाद्य विभाग के 07 महराजगंज उपमण्डी प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, बछरावां एट महराजगंज उपमण्डी पंचम एवं षष्ठम, शिवगढ़ एग्रीकल्चर मार्केटिंग हब (ए0एम0एच0) एट जहाबगंज में धान क्रय केन्द्र स्थापित है। इसी प्रकार पी0सी0एफ0 के 08 क्रय केन्द्र है, जिसमें बी-पैक्स टूक, पीसीएफ कृ0से0कें0 महराजगंज, सहकारी संघ शिवगढ़, बी-पैक्स कलुईखेड़ा, पीसीएफ कृ0से0कें0 बन्नावां, डी0सी0डी0एफ0 एट राजामऊ संघ एवं गूढ़ा संघ तथा क्र0वि0 समि0लि0 बछरावां में क्रय केन्द्र स्थापित है। पी0सी0यू0 के 02 क्रय केन्द्र है जिसमें बी-पैक्स बेंती, बी-पैक्स कसरावां में क्रय केन्द्र है। भारतीय खाद्य विभाग के 01 क्रय केन्द्र है पहरेमऊ महराजगंज है।

तहसील लालगंज में कुल 11 क्रय केन्द्र है, जिसमें खाद्य विभाग के 04 लालगंज मंडी प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ में धान क्रय केन्द्र स्थापित है। इसी प्रकार पी0सी0एफ0 के 04 क्रय केन्द्र है, डी0सी0डी0एफ0 एट खजूरगांव संघ, बी-पैक्स मल्केगांव, बी-पैक्स इब्राहिमपुर एवं बी-पैक्स पाहो में क्रय केन्द्र स्थापित है। पी0सी0यू0 के 02 क्रय केन्द्र है, बी-पैक्स

## पुलिस अधीक्षक ने आंबेडकर जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि



अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** संविधान निर्माता डॉ0 भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा आंबेडकर जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही आंबेडकर जी के समतापूर्ण समाज की परिकल्पना पर विचार कर उसे आत्मसात करने तथा अपने दृष्टिकोण में लागू करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर पुलिस कार्यालय के समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक का हुआ आयोजन

**गौतमबुद्धनगर।** भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य स्वीप कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

इसी श्रृंखला में विगत दिवस स्वीप कार्यक्रम के तहत इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी नॉलेज पार्क ग्रेटर नोएडा में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से युवाओं को मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए पंजीकरण एवं मतदान के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह, जिला दिव्यांगजन अधिकारी आशीष कुमार उपस्थित रहे।

# कैबिनेट मंत्री ने दिलाई विकसित भारत की शपथ

## शासकीय योजनाओं से संबंधित स्टॉलों का कैबिनेट मंत्री ने किया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** मंत्री, उच्च शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग उत्तर प्रदेश योगेन्द्र उपाध्याय योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं कागजों तक ही सीमित न रहकर पात्रों तक सीधे पंहुच रहीं है। अब योजना का लाभ पात्र को सीधे मिल रहा है। सरकार की पारदर्शिता से साथ कार्य करने से बिचोलिए समाप्त हो गये है। सरकार आमजन के जीवन स्तर को बेहतर करने के लिए प्रतिबद्ध है जिसका परिणाम निरंतर देखने को मिल रहा है। उन्होने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य शासकीय योजनओं को घर-घर तक पंहुचाना है। तहसील रामपुर मनिहारान की ग्राम नन्दपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए कैबिनेट मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए सरकार के साथ-साथ आमजन की सहभागिता आवश्यक है। उन्होने कहा कि विकसित भारत के संकल्प हेतु ली गयी शपथ को अपने जीवन में उतारें। उन्होने कहा कि गुलामी की मानसिकता से निकलकर अपनी समृद्ध विरासत एवं मातृ भाषा पर गर्व करें। उन्होने विकसित भारत की संकल्पना को स्पष्ट करते हुए कहा कि हम विकासशील देशों से आगे बढकर विकसित देश की ओर बढ रहे है तथा जल, थल और नभ के साथ ही समस्त विश्व में नई पहचान स्थापित कर रहे है। यह कार्य 2047 तक पूर्ण होगा तब हम विश्व के विकसित देशों के समकक्ष आ सकेंगे। उन्होने कहा कि देश बदल रहा है, प्रदेश बदल रहा है, चंहुओर समृद्धि की ओर हम बढ रहे है। इससे पूर्व कैबिनेट मंत्री ने माँ सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर एवं बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उन्होने सभी को विकसित भारत के संकल्प की शपथ दिलाई। इस अवसर पर एलईडी वीडियो वैन के माध्यम से सरकार की योजनाओं पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी देखा।

# सर सैयद अहमद खां की शख्सियत को भुलाया नहीं जा सकता है उनकी खिदमात लासानी मिसाल

अवधनामा संवाददाता



**सहारनपुर(अहमद रज़ा)।** आज यहां ए एम यू ओल्ड ब्वायज एलुमनाई एसोसिएशन के द्वारा होटल स्काईलार्क में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के संस्थापक की याद में सर सय्यद डे मनाया गया इस अवसर बोलते हुए मुख्य अतिथि अलीगढ से पधारे भूत पूर्व पब्लिक रिलेशन ऑफिसर ए एम यू डॉक्टर राहत अबरार ने कहा के उन्नीसवीं शताब्दी के सुधारवादी आंदोलनों का एक हिस्सा सर सय्यद तहरीक या अलीगढ़ आंदोलन है आधुनिक शिक्षा विषेश कर विज्ञान और अंग्रेजी के लिए सर सय्यद ने 1875 में एम ए ओ कॉलेज की स्थापना की जो आगे चलकर 1920 में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय बना। सर सय्यद ने अपने दूरदर्शिता से ये अंदाजा लगा लिया था कि मुस्लिम में जड़ता वा अंधविश्वास को अगर कोई दूर कर सकता है तो वह ही आधुनिक शिक्षा विषेश कर विज्ञान और अंग्रेजी उन्होंने सर सय्यद और सहारनपुर के रिश्तों पर भी रोशनी डाली कहा की यहां के लगभग तीन सौ व्यक्तियों से उनके करीबी संबंध थे अलीगढ से पधारे बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन के चेयर पर्सन प्रोफ़ेसर जमाल फारूकी ने कहा ने कहा की अशिक्षा बेरोज़गारी और समाजिक हास ने मुसलमानों के उन्नति के सभी मार्ग अवरूद्ध कर दिए ऐसे में मुसलमानों में जागृति लाने के लिए एक अभियान शुरू किया आधुनिक शिक्षा का अभियान। वह लंदन गए वहां युनिवर्सिटी में जाकर वहां के तालीम और संस्कृति का भरपूर जायजा लिया । यूरोप से वापस आकर उन्होने मुसलमानों के अंदर शैक्षिक, आर्थिक और सामाजिक बुराईयों को दूर करने के लिए साइंटिफिक सोसायटी का गठन किया।

मुस्लिम में अभी भी उच्च शिक्षा में प्रतिशत 5 परसेंट है जो चिंता का विषय है गरीबी के कारण कोई अच्छा बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं होना चाहिए हम समाज के लोग आगे आकर ऐसे बच्चों की मदद करें । भूत पूर्व आर टी आई कमिश्नर उत्तर प्रदेश सरकार हाफिज उस्मान ने कहा कि मुसलमान अपने अंदर वैज्ञानिक सोच विकसित करें शिक्षा पर ध्यान दें तभी वे समाज की मुख्य धारा में आ पाएंगे अध्यक्षता करते हुए डॉक्टर कुद सिया अंजुम ने कहा कि उन्होने अपना पूरा जीवन शिक्षा और राष्ट्र की उन्नति के लिए समर्पित किया वह एक सच्चे देश भक्त थे जो शिक्षा को व्यक्ति वा व्यक्तित्व के विकास और राष्ट्र की उन्नति का साधन मानते थे।

## प्रभारी मंत्री विकसित भारत संकल्प यात्रा में हुई शामिल

**रायबरेली।** जनपद प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला ब्लॉक बछरावां के ग्राम पंचायत दुंदगढ़ में विकसित भारत संपन्न संकल्प यात्रा में शामिल हुई। इस अवसर पर उन्होंने वहां पर उपस्थित गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की और नवजात शिशुओं का अन्नप्राशन करवाया। प्रभारी मंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य के संबंध में वहां पर उपस्थित लोगों से विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने बताया कि भारत सरकार और राज्य सरकार जनता के कल्याण के लिए कटिबद्ध है। सरकार द्वारा जो भी योजनाएं चलाई जा रही हैं वह आम आदमी के आर्थिक और सामाजिक विकास से संबंधित है। इन योजनाओं का उद्देश्य आम जनमानस के जीवन स्तर में सुधार लाना और उनके जीवन को बेहतर बनाना है। इस अवसर पर उन्होंने आयुष्मान कार्ड भी वितरित किए।

## आबकारी विभाग की टीम द्वारा देशी, विदेशी, बीयर एवं मॉडल शॉप फुटकर दुकाना का किया गया स्थलीय निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**गौतमबुद्धनगर।** आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में व पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह एवं जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में अवैध शराब के निष्कर्षण एवं अवैध शराब के व्यापार के विरूद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत जिला आबकारी अधिकारी गौतम बुद्ध नगर सुबोध कुमार ने जानकारी देते हुये बताया कि विगत दिवस आबकारी विभाग की टीम द्वारा बरोला 3, सदरपुर, सेक्टर 37 स्थित देशी, विदेशी, बीयर एवं मॉडल शॉप फुटकर दुकानों व छपरौली, नंगली वाजिदपुर, सेक्टर 135 की देशी शराब, विदेशी, मदिरा, बीयर दुकानों का निरीक्षण व कैन्टीन की गहनता से चेकिंग की गयी। दुकानों पर गोपनीय रूप से टेस्ट परचेज कराया गया एवं विक्रेताओं को नियमानुसार दुकानों को संचालित करने के लिए निर्देशित करते हुये दुकानों पर पॉस मशीन, पेटीएम व गूगल पे से ही विक्रय हो इसको भी सुनिश्चित किया गया। जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार ने कहा कि आगे भी जिलाधिकारी के निर्देशन में अवैध शराब की बिक्री को लेकर आगे भी जनपद में निरंतर गहन सर्च अभियान जारी रहेगा। उन्होंने अवैध शराब का कारोबार करने वालों को सचेत करते हुए कहा है कि उनके विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत सख्त से सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**गौतमबुद्धनगर।** भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य स्वीप कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

इसी श्रृंखला में विगत दिवस स्वीप कार्यक्रम के तहत इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी नॉलेज पार्क ग्रेटर नोएडा में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से युवाओं को मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए पंजीकरण एवं मतदान के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह, जिला दिव्यांगजन अधिकारी आशीष कुमार उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप




में बोर्ड आफ डायरेक्टर कॉलेज डॉ पूनम पांडे, उमेश कुमार आदि उपस्थित रहे। संपूर्ण कार्यक्रम जिला स्वीप कोर्डिनेटर डॉक्टर शालिनी सिंह, वंदना यादव एवं गीता भाटी के मार्गदर्शन में हुआ।

इसी प्रकार कोठारी इंटरनेशनल स्कूल में संविधान क्विज का आयोजन कर छात्र-छात्राओं को मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया, जिसमें विद्यालय की प्रधानाचार्य संगीता अरोड़ा, गौरांश त्रिपाठी, दीप्ति चावला, गरिमा, वन्या एवं सुमिता आदि उपस्थित रहे।

इसी प्रकार स्वीप कार्यक्रम के तहत नगर पंचायत जेवर में सभी को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया और 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले या जिनका अभी तक मतदाता पंजीकरण नहीं हुआ है, ऐसे सभी नागरिकों को आगामी 9 दिसंबर तक मतदाता पंजीकरण करने के लिए प्रेरित किया गया।

## पश्चिमी उप्र में हाईकोर्ट बैंच स्थापित किए जाने की मांग

**सहारनपुर।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की बैंच स्थापित किए जाने की मांग को लेकर को आज उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल की जनपद इकाई ने एक ज्ञापन सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजकर अविलम्ब कार्यवाही की मांग की।

जिलाध्यक्ष शीतल टण्डन ने ज्ञापन में कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की बैंच की स्थापना की जाए, क्योंकि इलाहाबाद उच्च न्यायालय सहारनपुर से 700 किमी. की दूरी पर है और लखनऊ खण्डपीठ 500 किमी. की दूरी पर है। पश्चिमी उप्र के निवासियों को अपने मुकदमों के लिए काफी लम्बी दूरी तय करनी पड़ती है और खर्च भी बहुत अधिक होता है, जो कि मुकदमों से सम्बन्धित अनेक व्यक्ति वहन करने में असमर्थ होता है।

# नशेड़ी पिता से तंग आकर पुत्र ने ही गला घोंटकर की थी हत्या

**सहारनपुर।** नशे की आदत व महिलाओं से छेड़छाड़ की हरकतों से क्षुब्ध होकर बेटे ने ही अपने पिता की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी थी, जिसका आज पुलिस ने खुलासा कर हत्यारोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया और घटना में प्रयुक्त रस्सी को बरामद किया गया। आज पुलिस लाईन के सभागार में पत्रकारों के सम्मुख हत्याकांड का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक देहात सागर जैन ने बताया कि 03 दिसम्बर कृष्ण कुमार पुत्र जलधार सिंह निवासी पीरड थाना नागल ने अपने पिता जलधार सिंह की गला दबाकर हत्या कर देने के सम्बन्ध में थाना नांगल पर मुकदमा पंजीकृत कराया था। एसपी देहात ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा के निर्देश पर थाना प्रभारी नागल श्रीमती कुसुम भाटी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मुकदमा से सम्बन्धित मृतक जलधार सिंह की हत्या करने वाले उसके लडके अरुण उर्फ संजय उर्फ छज्जु पुत्र जलधार सिंह निवासी पीरड थाना नागल को मुखबिर की सूचना पर ग्राम चन्देना कोली वाले रास्ते से गिरफ्तार किया। अभियुक्त के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा। अभियुक्त अरुण ने पूछताछ में बताया कि उसके पिता जलधार सिंह की गाँव में छवि बहुत खराब थी तथा आये दिन वह शराब पीकर महिलाओ और लडकियो के साथ मारपीट व छेड़छाड़ करने जैसे अपराध को लेकर हम लोग काफी परेशान हो गये थे। अपनी बदनामी से बचने व अपनी परेशानी से छुटकारा पाने के लिये उसने 3 दिसम्बर की रात्रि को घेर में सो रहे अपने पिता जलधार सिंह की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी थी। जिसके बाद उसने रस्सी को भूसे में छिपाकर रख दिया था जिसको बरामद करा दिया गया है। हत्यारोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक श्रीमती कुसुम भाटी, उपनिरीक्षक नरेन्द्र भडाना, हैड कांस्टेबल मनोज धामा, कांस्टेबल सद्दाम हुसैन, विनीत पंवार व रणजीत सिंह शामिल रहे।

# गरीबों और असहायों के साथ खड़ी है प्रदेश सरकारः राज्य मंत्री

अवधनामा संवाददाता



- भू-माफियाओं के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई
- राजस्व संहिता द्वारा निर्धारित समयावधि में करें राजस्व वादों का निस्तारणः राज्य मंत्री

**देवरिया।** राज्य मंत्री राजस्व विभाग अनूप प्रधान ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व व चकबंदी विभाग के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने शासन की मंशानुरूप राजस्व वादों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मनानीय राज्य मंत्री ने कहा कि योगी सरकार गरीबों और असहायों के साथ खड़ी है। भू-माफियाओं को चिन्हित कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

राज्य मंत्री ने राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राजस्व संहिता द्वारा निर्धारित समयावधि में वादों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने धारा 24 से जुड़े प्रकरणों में सीमांकन कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी पक्षकारों की आपत्तियों को सुनने के पश्चात करने का निर्देश दिया। धारा 67 के तहत आने वाले प्रकरणों पर प्राथमिकता के साथ कार्रवाई की जाए, लेकिन इस बात का भी ध्यान रखा जाए कि कार्रवाई करते समय किसी गरीब असहाय व्यक्ति का अस्थायी घर न उजड़े। राजस्वकर्मी किसी भी तरह की सरकारी भूमि पर अतिक्रमण न होने दें और ऐसा करने वाले भू माफियाओं चिन्हित कर सख्ती से निपटे। उनके विरुद्ध बेदखली की कार्रवाई कर उनसे अधिकतम जुर्माना भी वसूले। उन्होंने तहसीलवार मुक्त कराई गई भूमि का ब्यौरा भी तलब किया। राज्यमंत्री ने कहा कि धारा 80 के तहत आने वाले वादों का निस्तारण 45 दिन के भीतर अनिवार्य रूप से किया जाए। धारा 34 और 116 से संबंधित लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राजस्व वादों के निर्धारित अवधि से अधिक समय तक चलने से लोगों को असुविधा होती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजस्व वादों के समयबद्ध निस्तारण के लिए विशेष पहल की है। अधिकारी शासन की मंशानुरूप जनहित में कार्य करें या कार्रवाई के लिए तैयार रहें। चकबंदी विभाग की समीक्षा में बताया गया कि वर्तमान समय में कुल 81 गांव चकबंदी विभाग के अंतर्गत अधिसूचित हैं। गत वर्ष तक 78 ग्राम अधिसूचित थे तथा इस वर्ष 3 नए ग्राम अधिसूचित किये गए हैं। राज्यमंत्री ने सभी अधिसूचित ग्रामों में चकबन्दी का कार्य निर्धारित 5 वर्ष की अवधि में पूर्ण करने का निर्देश दिया। राज्य मंत्री ने निवास, आय एवं जाति प्रमाण पत्र से संबंधित प्रकरणों की भी समीक्षा की।

## विद्युत अभियंता से बिल न जमा करने की बात सुनकर ग्रामीण परेशान

अवधनामा संवाददाता

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** तहसील क्षेत्र के गांव अमैयापुर विद्युत अभियंता होरीलाल घरों में जा जाकर बिल न जमा करने और सरकार के खिलाफ आप शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं। विद्युत अभियंता ने ग्रामीणों से कहा कि सरकार बहुत खराब है। गरीबों पर अत्याचार कर रही है इतना ही नहीं उन्होंने कई अभद्र भाषाओं का प्रयोग किया। जब ग्रामीणों ने सरकार के बारे में अच्छाई गिनाई तो महिलाओं को गाली गलौज करने लगे कहा कि इसीलिए तुम लोगों की केबिल काटी जा रही हैं या तो हमें 500 दो तो केबिल बची रहेगी। अन्यथा केबिल हटा दी जाएगी। जिन लोगों ने पैसे जमा किए जाकर उन लोगों की छोड़ दी गई और जिन व्यक्तियों ने 500 दिए उनकी छोड़ी गई और उन लोगों पर भी बिल बकाया है और आधे गांव में ना कोई जांच की गई ना ही कोई केबिल काटी गई। कई लोगों ने सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह सरकार बहुत अच्छी है जिस पर जेई होरीलाल चिढ़ गए और उन लोगों की टेबलेट भी काट दी।

## सपा ने संकल्प दिवस के रूप में मनाया डॉ भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय बुधवार को संविधान रचयिता भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस सपा जिला अध्यक्ष लालजी यादव की अध्यक्षता में संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया।

इस दौरान बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया तथा एक विचार गोष्ठी कर बाबा साहब के जीवन पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रवक्ता/ जिला सचिव अब्दुल कलाम सिद्दीकी ने किया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि बाबा साहब का तप और संघर्ष इस पृथ्वी से भी बड़ा था और उन्होंने जो किताब लिखी वह भारत का संविधान था बाबा साहब का पूरा जीवन संघर्षो से भरा रहा उन्होंने छुआछूत, भेदभाव तिरस्कार और अपमान को खत्म करने के लिए शिक्षा को अपना हथियार बनाया और विपरीत परिस्थितियों के बीच उच्च शिक्षा हासिल किया और दुनिया को अपने ज्ञान का लोहा मनवाया देश की आजादी के समय इतना विद्वान और उतना शिक्षित कोई दूसरा व्यक्ति नहीं था लेकिन बाबा साहब को जो नागरिक सम्मान मिलना चाहिए था वह उन्हें नहीं मिल पाया आजादी के 43 सालों के बाद 1990 में मरणोपरांत समाजवादी सरकार द्वारा देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देकर उन्हें विभूषित किया गया बाबा साहब ने समता समानता बंधुत्व के साथ सभी को सम्मान, सुरक्षा और सद्भावना से जीने का अधिकार देकर आधुनिक भारत की नींव राखी, आज के परिवेश में खुशहाल, सशक्त, एवं समृद्ध भारत का सपना बाबा साहब के बनाए संविधान रूपी रास्ते पर चलकर ही पूरा होगा। कार्यक्रम में वरिष्ठ सपा नेता बेचई यादव, विभा शुक्ला, नागेंद्र नाथ चतुर्वेदी, अनूप कुमार यादव, बहरइची प्रसाद प्रेमी, रमजान अली, चंद्रभान पहलवान, चंद्रभूषण आर्य, सोनू यादव, साहू, राजेश गुप्ता, जेपी यादव, कृष्ण नाथ यादव, चंद्रजीत यादव, अमित यादव, अखिलेश मौर्या, लव कुश साहनी, चंद्रभूषण आर्य, चंद्रहास यादव, गोपाल फौजी, राजू चौधरी, जलालुद्दीन खान, लतीफ अहमद, राम शंकर मौर्य, विजय चौधरी, चंद्रभान आर्य आदि मौजूद रहे।

## फैशन डिजाइनिंग का प्रशिक्षण लेने वाली महिलाओं को मिला प्रमाणपत्र

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** प्रशिक्षण प्राप्त कर महिलाएं स्वरोजगार



अपना सकती हैं। इससे वह आत्म निर्भर होंगी। यह बात एसडीएम ने मिशन रोजगार के अंतर्गत फैशन डिजायनिंग का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं को प्रमाणपत्र वितरण के दौरान कही। इस दौरान प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली 70 महिलाओं को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। एक्शन प्वाइंट समिति लखनऊ द्वारा कौशल प्रशिक्षण व सेवायोजन के माध्यम से रोजगार एवं स्वरोजगार कार्यक्रम के तहत महिलाओं को फैशन डिजाइनिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा था। जालौन में पूर्णा देवी इंटर कॉलेज में लगाए गए प्रशिक्षण शिविर में 70 महिलाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद तहसील सभागार में प्रमाणपत्र वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें एसडीएम सुरेश कुमार ने कहा कि कोई भी प्रशिक्षण बेकार नहीं जाता है। जिन महिलाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है। वह इससे अपना रोजगार खोल सकती हैं। यदि लागत न हो तो प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाएं बैंक से आसानी से लोन ले सकती हैं। इससे महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी और उन्हें अपनी आवश्यकताओं के लिए किसी दूसरे पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। समिति संचालक शीतल वर्मा ने कहा कि समिति के माध्यम से विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। जिनमें अपनी रूचि के अनुसार भाग लेकर प्रशिक्षणार्थी स्वरोजगार अपना सकते हैं। इस मौके पर नायब तहसीलदार गौरव कुमार, समीर राय, डूडा के समुदाय आयोजक योगेंद्र कुमार, प्रमोद कुमार, प्रशिक्षण प्रबंधक सुनीता अग्रवाल, महादेवी कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## इच्छुक आवेदक हज के लिए करें आवेदन

**मैनपुरी।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि हज-2024 में जनपद के सभी हज यात्रा के इच्छुक आवेदकों का ऑनलाइन आवेदन किये जाने हेतु घोषणा हज कमेटी ऑफ इण्डिया द्वारा दि. 04 दिसम्बर को किया जा चुका है तथा ऑनलाइन आवेदन करने हेतु हज 2024 हेतु ऑनलाइन आवेदन 20 दिसम्बर तक जारी रहेगा, हज आवेदन पत्र भरने से पूर्व आवेदन हज 2024 के दिशा-निर्देशों को ध्यान से पढ़ लें, आवेदन की निर्धारित अन्तिम तिथि को भारतीय अंतर्राष्ट्रीय पासपोर्ट की वैद्यता 31.01.2025 से कम न हा, आवेदन करते समय कोई रजिस्ट्रेशन शुल्क जमा नहीं करना होगा, आवेदक ऑनलाइन आवेदन फार्म हज कमेटी ऑफ इन्डिया मुम्बई की वेबसाइड पद पर व मोबाइल एप 'हज सुविधा' के माध्यम से आवेदन करेगें, एक कवर में एक परिवार के अधिकतम 4 व न्यूनतम 01 वयस्क व 2 इंफेण्ट आवेदन कर सकेगें, आवेदन फार्म में अंकित पता व पासपोर्ट में अंकित पता एक समान होने पर आवासी प्रमाण के रूप में पासपोर्ट की छायाप्रति मान्य होगी।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए संविधान निर्माता डॉ बाबा साहेब अंबेडकर





बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण करते मुख्य अतिथि

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर जिले भर में राजनैतिक पार्टियां, संस्था, सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं में बाबा साहेब को श्रद्धांजलि दी गई।

इसी क्रम में विधान सभा रामकोला के ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर में ग्राम प्रधान अकमल हुसैन की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसमें बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देते हुए उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर रामकोला विधायक विनय प्रकाश गौंड ने कहा कि भारतवर्ष के लिए बड़े सौभाग्य की बात है की बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा कठिन परिश्रम कर संविधान का निर्माण कर भारतवर्ष में रहने वाले सभी जाति वर्ग के लोगों को स्वतंत्र भारत में अपने अधिकारों के साथ जीवन जीने की रूप रेखा तैयार की।

बाबा साहब के द्वारा निर्मित संविधान पर ही चलकर आज देश प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में पूरे विश्व में अपनी पताका लहराने का काम कर रही है। ग्राम प्रधान अकमल हुसैन ने कहा कि बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलकर देश व समाज की सेवा किया जा सकता है। बाबा साहब संविधान निर्माता के साथ एक समाजसुधारक भी थे। इनके बताए मार्ग पर चलने का हम सभी लोग संकल्प ले। इस मौके पर इस्तेयाक खान, विवेक चौबे, सुदामा प्रसाद, गौतम भरती, मार्कण्डेय भारती सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## तीन सड़कों व दो इंटरलॉकिंग कार्य का भूमि पूजन



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** बुधवार को नगर पंचायत बढ़नीचाफा के वार्ड जानकी नगर के काली माता स्थान सिरसिया में पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह व नगर पंचायत अध्यक्ष बढ़नीचाफा धर्मराज वर्मा ने एक करोड़ 60 लाख 19 हजार के लागत की तीन सड़कों व दो इंटरलॉकिंग कार्य का भूमि पूजन किया। इस दौरान विद्वान पण्डित द्वारा सड़कों का वैदिक मंत्रोच्चारण व विधि विधान से भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह का नगर वासियों ने ढोल नगाड़े व पुष्पों वर्ष के द्वारा भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि इन सड़कों के बन जाने से एक बड़ी आबादी को सुविधा मिलेगी और दर्जनों गांवों के लोगों का आवागमन आसान हो जाएगा। नगर पंचायत अध्यक्ष धर्मराज वर्मा ने बताया कि महर्षि वाल्मीकि नगर वार्ड, जानकी नगर वार्ड, नाथ नगर वार्ड, एवं महाराजा अग्रसेन नगर वार्ड में बनने वाले तीन सड़कों व दो इंटरलॉकिंग कार्य का भूमि पूजन किया गया हैं। उन्होंने बताया की मेरी प्राथमिकता हैं कि नगर पंचायत को शहर बनाना, स्वच्छ व सुंदर बनाना। पूरे नगर में सड़कों का जाल बिछाना और विद्युतीकरण से पूरे नगर को जगमगाना है। इस दौरान मधुसूदन अग्रहरि, जगराम मौर्या, प्रहलाद यादव, डा. राम प्रसाद गौतम, पेशकार गौतम, शत्रुहन सोनी, कन्हैया शर्मा, जगराम यादव, मोल्हू कन्नौजिया, मलखराम शर्मा, अशोक तिवारी, प्रमोद गौतम गुलाब चन्द्र यादव, शिव पूजन वर्मा, विकास चौहान, सुभाष यादव आदि सहित भारी संख्या में सम्मानित नगरवासियों उपस्थित रहें।

## उपनिदेशक ने युवाओं को पंजीकरण का दिया लक्ष्य



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** नगर स्थित नेहरू युवा केन्द्र कार्यालय पर उपनिदेशक डॉ आराधना राज की अध्यक्षता में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत माई भारत पोर्टल पर बुधवार को युवाओ का पंजीकरण हुआ। प्रत्येक युवा को मेरा युवा भारत के लिंक को विन्दुवार बताना तथा उनके प्रोफाईल पूरी तरह अपडेट करके उसके उपरांत रजिस्ट्रेशन कराना है। उपनिदेशक ने सभी यूथ को 500 का लक्ष्य पंजीकरण कराने के लिए दिया है। अभी तक जिन युवाओं का पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन नही हुआ है उसे जल्द से जल्द पूरा करने को कहा है। इस मौके पर राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक विकास शुक्ला राघवेंद्र प्रताप सिंह आकाश सीमा शिवम मिश्र प्रखर ए पी एस देव मणि ओझा लालमणि कश्यप उपस्थित रहे।

## राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

**मैनपुरी अवधनामा संवाददाता।** आयुक्त आगरा मण्डल आगरा रितु माहेश्वरी ने आज भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संचालित मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों, उप जिलाधिकारियों, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में उपस्थित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों का आव्हान करते हुये कहा कि पुनरीक्षण के कार्य में सभी पदाधिकारी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभायें, अभियान के शेष दिवसों में मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित मतदाताओं, मृतक, शिफ्टेड, मतदाताओं के नाम विलोपित कराने मे अपनी सक्रिय भागीदारी दें, सभी राजनैतिक दल तत्काल बूथ लेवल एजेंट की तैनाती कर सूची उपलब्ध करायें। उन्होंने असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि जनपद की मतदाता सूची का जेंडर रेशियो काफी खराब है, अभियान के दौरान भी इसमें कोई विशेष सुधार नहीं हुआ है।

## व्यक्ति विचारों से ही महान बनता है: साधना त्रिपाठी

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** संसार नश्वर है इसमें विचार भी नश्वर होते हैं जब उनका प्रचार प्रसार न हो। व्यक्ति विचारों से ही महान बनता है। शिक्षित बनो



संगठित रहो और संघर्ष करो डॉ भीमराव अंबेडकर के यह संदेश समाज के सभी वर्गो को प्रेरणा देते हैं। उक्त वक्तव्य साधना त्रिपाठी ने बुधवार को नगर स्थित चाणक्यपुरी मोहल्ले में साधना फाउंडेशन की ओर से डॉ भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर आयोजित विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए दिए। विचार गोष्ठी का शुभारंभ डॉ अंबेडकर के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर अतिथियों द्वारा किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए विजय शंकर शुक्ल ने डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन दर्शन पर विस्तृत प्रकाश डाला। बताया कि आज ही के दिन 1956 में डॉ अंबेडकर संसार से विदा हो गए देश उनका ऋणी रहेगा। उनके अथक परिश्रम से देश को संविधान मिला है। कृतज्ञ राष्ट्र आज उन्हें श्रद्धांजलि दे रहा है।सुनील त्रिपाठी ने कहा कि डॉ अंबेडकर का जीवन ही स्वयं में एक पाठशाला है जिससे हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है उनकी दृढ़ इच्छा शक्ति और संघर्ष की बदौलत समता मूलक समाज की स्थापना को बल मिला। विचार गोष्ठी को अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया।

## डीएम ने अधिकारियो को निर्देश दिए

**फर्रुखाबाद।** शासन स्तर से मुख्य सचिव द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत चल रहे कार्यक्रमों की समीक्षा की गई । कार्यक्रमों में अपेक्षित सुधार के संदर्भ में जिलाधिकारी द्वारा दिशा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान निर्दिष्ट समस्त 11 विभागों के ग्राम स्तरीय/ ब्लॉक स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहेंगे और अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। एक पृथक रजिस्टर में उनकी उपस्थिति का अंकन किया जाए और अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों की सूचना उसी दिन दी जाए। उन्होंने कहा कि खंड विकास अधिकारी/ब्लॉक नोडल अधिकारी, द्वारा एक दिन पूर्व ही कार्यक्रम की रूपरेखा तय कर ली जाए। ग्राम पंचायत में अभियान चलाकर साफ सफाई का कार्य संपन्न किया जाए और प्रचार प्रसार किया जाय। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में अपेक्षा के अनुरूप ग्रामवासी और लाभार्थी प्रतिभाग नहीं कर रहे हैं जिससे उपस्थिति कम प्रदर्शित हो रही है।

## पल्स पोलियो अभियान को लेकर बैठक

अवधनामा ब्यूरो



- 10 से 15 तक चलेगा पल्स पोलियो अभियान
- शून्य से पांच साल के 7,21,144 बच्चों को पोलियो से बचाव की दवा पिलाने का लक्ष्य

**लखनऊ।** शून्य से पाँच साल तक की आयु के बच्चों को दो बूंद जिंदगी की दवा या पोलियो से बचाव की दवा पिलाने का छह दिवसीय अभियान दस दिसंबर से शुरू हो रहा है। इसी क्रम में अभियान की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कोई भी बच्चा पोलियो से बचाव की दवा पीने से न रह जाए। जनपद के जो हाई रिस्क एरिया हैं उन पर ज्यादा फोकस करें,आवश्यकता पड़ने पर धर्म गुरुओं और थाना प्रभारियों का सहयोग लिया जा सकता। बैठक में जानकारी देते हुए जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. ए. पी. मिश्रा ने बताया कि इस अभियान के तहत शून्य से पाँच साल के 7,21,144 बच्चों को पोलियो से बचाव की दवा पिलाने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि बच्चों को बाइवलेन्ट ओरल पोलियो वैक्सीन (बीओपीवी) दी जाएगी जो कि पोलियो वायरस टाइप-वन और टाइप 3 से सुरक्षा प्रदान करती है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने बताया कि पोलियो की दवा बूथ लगाकर और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर भ्रमण कर बच्चों को पिलाई जाएगी 10 दिसंबर को जिला अस्पताल सहित सभी सीएचसी, पीएचसी और हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर पर प्रातः आठ से शाम चार बजे तक बूथ लगाया जाएगा। इसके साथ ही अंगनबाड़ी केंद्रों, प्राथमिक और अपर प्राथमिक विद्यालयों पर भी बूथ लगेंगे। यह पूर्व की भांति खुलेंगे। विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर बूथ दिवस के दिन मिड डे मील और पुष्टा हार का वितरण किया जाएगा। 11 से 15 दिसंबर तक स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर पोलियो से बचाव की दवा पिलाएंगे। इसके अलावा जो बच्चे दवा पीने से रह जाएंगे उनके लिए 15 दिसंबर को मॉप अप राउंड चलाया जाएगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए घर घर जाकर पोलियो से बचाव की दवा पिलाने के लिए 2204 टीमें बनाई गई हैं।

## डॉ अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण



दिवस पर बुधवार को जिले में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। सरकारी कार्यालयों में पुष्पांजलि के कार्यक्रम आयोजित किए गए। शिक्षण संस्थाओं में डा अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण और निबंध लेखन तथा चित्र कला प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।नगर स्थित डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा पर बड़ी संख्या में लोगों ने माल्यार्पण किए। बौद्ध विहार सोइया में त्रिसरण पंचशील कार्यक्रम विचार गोष्ठी और खीरदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में पुष्पांजलि सभा का आयोजन किया गया। पुष्पांजलि सभा में जिलाधिकारी अपर जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों व कलेक्ट्रेट के कर्मचारियों ने भारत रत्न बाबा साहब डा भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धाजंलि दी। सभा में जिलाधिकारी ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुये उनके जीवन संघर्षो को याद किया तथा उनके शिक्षा सामाजिक धार्मिक आर्थिक न्यायिक योगदान पर चर्चा की। उन्होंने कहा बाबा साहेब के संघर्ष ने लाखों लोगों में आशा का संचार किया और उनके प्रयासों ने भारत को ऐसा व्यापक संविधान प्रदान किया जिसे कभी नहीं भुलाया जा सकता। यह दिवस हम सबको उनके द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों एवं मूल्यों पर चलने के लिए पुनर्संकल्पित होने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता उपजिलाधिकारी गौरीगंज अभिनव कनौजिया अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अंजली सिंह प्रतीक्षा पांडे सहित अन्य अधिकारी व कलेक्ट्रेट के कर्मचारी मौजूद रहे।

## संरक्षित गोवंशों को ठंड से बचाव के लिए मुकम्मल इंतजाम किए जाएंः आयुक्त

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** आयुक्त आगरा मंडल आगरा रितु माहेश्वरी ने विकास खंड सुल्तानगंज के ग्राम अहिरवा में संचालित वृहद गौ-आश्रय स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर सचिव, ग्राम प्रधान को निर्देशित करते हुए कहा कि गौशाला की साफ-सफाई में काफी सुधार की गुंजाइश है, गौशाला की नियमित रूप से सफाई कराई जाए, संरक्षित गोवंशों के स्वास्थ्य की पशु चिकित्साधिकारी प्रतिदिन देखभाल करें, संरक्षित गोवंशों का पूरा डेटा अद्यावधिक रखा जाये, प्रत्येक माह के अंत में संरक्षित गोवंशों के रजिस्टर को अपडेट किया जाए, माह में कितने संरक्षित गोवंश किस कारण मरे, कितने गोवंश मुख्यमंत्री सहभागिता का योजना में पशुपालकों को उपलब्ध कराए गए, गोशवारा सहित पंजिका में उपलब्ध रहे। उन्होंने कहा कि संरक्षित गोवंशों को दोनों समय भरपूर मात्रा में भूसा, हरा चारा, दाना खिलाया जाए, गौशाला में पर्याप्त मात्रा में भूसा-चारा उपलब्ध रहे, जानकारी करने पर पाया कि गौशाला में 462 गोवंश संरक्षित है, जिसमें से 214 गाय एवं 248 नंदी है, नंदी और गायों को अलग-अलग बाड़े में रखा गया है, सभी संरक्षित गोवंशों की ईयर टेगिंग की जा चुकी है, मुख्यमंत्री सहभागिता योजना में 85 गोवंशों को पशुपालकों को उपलब्ध कराया गया है, गोवंशों हेतु पर्याप्त मात्रा में भूसा उपलब्ध है, हरे चारे की उपलब्धता हेतु 04 हेक्टेयर भूमि में हरे चारे की बुवाई कराई गई है, प्रतिदिन 15 से 16 कुंतल हरा चारा गोवंशों को खिलाया जा रहा है। उन्होने निरीक्षण के दौरान पाया कि गौशाला में वर्मी कंपोस्ट के माध्यम से गोबर की खाद तैयार की जा रही है, परिसर में ही 05 के.वी.ए. का गोबर गैस प्लांट संचालित है, जिससे गौशाला में विद्युत आपूर्ति के साथ ट्यूवेल का भी संचालन किया जा रहा है। उन्होंने गौशाला के समीप ही विकसित अमृत सरोवर के निरीक्षण के दौरान सचिव, ग्राम प्रधान से कहा कि अमृत सरोवर पर प्रकाश व्यवस्था, फेंसिंग, बैठने हेतु सीमेंटेड कुर्सी की व्यवस्था की जाए। उन्होंने विकसित किए गए अमृत सरोवर के रख-रखाव पर प्रशंसा व्यक्त की।

## मंडलायुक्त की अध्यक्षता में स्मार्ट सिटी कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में स्मार्ट सिटी कार्यों की समीक्षा बैठक स्मार्ट सिटी ऑफिस के सभागार कार्यालय में आहूत की गई। इस अवसर पर मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारीगणों को निर्देश देते हुए कहा कि स्मार्ट सिटी द्वारा निर्माणाधीन कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। संबंधित अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि केडी सिंह बाबू स्टेडियम में मिनी ऑडिटोरियम रिनोवेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया साथ ही टॉयलेट मरम्मत का कार्य भी पूर्ण करा लिया गया है,हैंडबॉल कोर्ट का सिविल कार्य निर्माणधीन है,उन्होंने कहा कि 30मई 2024 तक हैंडबॉल के सिविल कार्य पूर्ण हो जाना चाहिए।

उक्त के पश्चात मंडलायुक्त को सीनियर सिटीजन कम्युनिटी सेंटर के निर्माणधीन सिविल कार्य की प्रगति के बारे में संबंधित अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि सिविल कार्य तेजी से किया जा रहा है उन्होंने कहा कि फरवरी माह 2024 तक समस्त सिविल कार्य पूर्ण करा लिया जाये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अमीरूदौला पब्लिक लाइब्रेरी में किया जा रहे रिनोवेशन के कार्य में ना अनावश्यक समय ना लगाया जाए तत्काल तेजी से कार्य करते हुए पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक के दौरान मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि दिव्यांग पार्क (सी0जी0सिटी ) के कार्यो का प्रारंभ अच्छी कंसल्टेंसी को हायर करने का उपरांत कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। जिससे दिव्यांग पार्क में कार्य प्रारंभ होने के उपरांत कोई त्रुटि न आये। मल्टीलेवल कार पार्किंग कलेक्ट्रेट में विद्युत कनेक्शन को लेकर निर्देश दिया कि बिजली का एस्टीमेट बनवा लिया जाये।

## अंबेडकर पर परनिर्माण दिवस धूमधाम से मना

**नवाबगंज फर्रुखाबाद।** कस्बा में स्थित श्री राजेंद्र सिंह इंटर कॉलेज में बाबा भीमराव अंबेडकर के परनिर्माण दिवस पर प्रधानाचार्य अवधेश कुमार यादव की उपस्थिति में बाबा साहब का परनिर्माण दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया।

विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं और विद्यालय के छात्र छात्राओ भारी संख्या में उपस्थित रहे द्य सभी शिक्षकों एवं बच्चों द्वारा बाबा साहब को पुष्प अर्पित किए गए।

### सूचना

मेरा एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी संख्या 14215066 में भूलवश गलत नाम मोहम्मद शमीम अंसारी व गलत जन्मतिथि 02.03.1977 दर्ज है। जबकि सही नाम शमीम अहमद व जन्मतिथि 01.01.1971 है। मुझे इसी नाम व जन्मतिथि से जाना व पहचाना जाए।

**शमीम अहमद पुत्र अब्दुल अजीज ग्राम - दरबहा गंगाछपरा, थाना- खड्डा, कुशीनगर।**

# 6 दिसंबर को हिंदू महासभा ने दी बलिदानी कार सेवकों को श्रद्धांजलि

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** 6 दिसंबर शौर्य दिवस के अवसर पर हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मनीष पांडेय के नेतृत्व में सरयू तट पर वीर बलिदानी कारसेवकों को हाथ में जल लेकर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि प्रदान की गई ,इस अवसर पर काशी विश्वनाथ तथा कृष्ण जन्म भूमि को मुक्त कराने का संकल्प भी लिया गया हिंदू महासभा के प्रवक्ता एवं सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी अधिवक्ता मनीष पांडेय ने कहा कि अयोध्या की साधना अब पूर्ण हुई ,अब काशी और मथुरा की बारी है श्री पांडेय ने वीर बलिदानी कारसेवकों के परिवारों की बदहाल आर्थिक स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए केंद्र और राज्य सरकार से यह मांग की है कि कारसेवकों के परिवारों को न सिर्फ बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं बल्कि उनकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत की जाए, इन पीड़ित परिवारों में जो सक्षम हो उन्हें सरकारी नौकरी भी प्रदान की जाए, श्री पांडेय ने आगे कहा कि कुछ और सामाजिक तत्वों द्वारा बलिदानी कार्य सेवक वासुदेव गुप्ता का घर गिरा दिए जाने एवं उनके परिजनों पर जानलेवा हमले किए जाने की घटना बेहद दुखदाई है प्रशासन द्वारा भी इस विषय पर मौन साथ लिया गया है आरोपियों की गिरफ्तारी अगर नहीं होती है और उनके मकान को पुनः नहीं बनवाया जाता है तो हिंदू महासभा इस विषय पर उग्र आंदोलन करेगी महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष महंत राम लोचन शास्त्री राजन बाबा ने कहा कि भव्य राम मंदिर निर्माण होने में संतों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है, महंत नारायण दास जी महाराज ने कहा कि संतो के संघर्ष के कारण आज अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो रहा है संतों की एकजुटता शीघ्र ही काशी विश्वनाथ और कृष्ण जन्म भूमि को विधर्मियो से मुक्त करवाएगी सरयू तट पर श्रद्धांजलि के हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मनीष पांडेय, के द्वारा वीर बलिदानी कारसेवकों वासुदेव गुप्ता रमेश पांडेय तथा राजेंद्र धरिकार के आवास पर पहुंचकर उनके चित्रों पर माल्यार्पण कर बलिदानी कारसेवकों के परिवार की बदहाल स्थिति के लिए केंद्र और राज्य सरकार से मांग की गई कि वे शीघ्र अति शीघ्र इस संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लें उनके द्वारा प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी तथा उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज को पत्र भेजकर मांग की है इस अवसर पर महंत नारायण दास जी महाराज, रवीश कुमार द्विवेदी ओम प्रकाश मिश्रा, कैतई पंडा, राजेश माली, उत्कर्ष पांडेय, सीमा गुप्ता ,संदीप गुप्ता शिवानी, रुचि, लकी, आलोक,मुस्कान, अंशु सोनी, देवी रविंद्र धरकार,प्रमुख, रूप से उपस्थित रहे।



# डा भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर उनको श्रृद्धांजलि दी गयी, पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, जिला महासचिव बख्तियार खान व महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान में अमीर, गरीब, छोटे, बड़े, सभी के लिए एक वोट का प्राविधान किया था, गरीबों, अनुसूचित जातियों एवं पिछड़ों को समाज की मुख्य धारा में शामिल करने की व्यवस्था के लिए उनके प्रयासों को भुलाया नहीं जा सकता है आज उनके बताए हुए रास्ते पर चलने की जरूरत है, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि को पूरे देश में 'महापरिनिर्वाण दिवस' के रूप में मनाया जाता है,वर्ष 1924 में उन्होंने दलित वर्गों के कल्याण हेतु एक संगठन की शुरुआत की और वर्ष 1927 में दलित वर्गों की स्थिति को उजागर करने के लिये बहिष्कृत भारत समाचार पत्र का प्रकाशन शुरू किया। जिला महासचिव बख्तियार खान ने कहा कि डा अम्बेडकर जी ने दलित लोगों को उनकी अपनी स्थिति के बारे में राजनीतिक रूप से जागरूक करके, ब्रिटिश उपनिवेशवाद के खिलाफ संघर्ष में सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य को बदल दिया। महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन, जिला महासचिव बख्तियार खान,महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम, जिला उपाध्यक्ष जय प्रकाश यादव, महानगर उपाध्यक्ष श्रीचंद यादव, प्रदेश सचिव छोटे लाल यादव, बब्बन प्रधान, महानगर सचिव जगन्नाथ यादव, विरेंदर गौतम, सुनील रावत, बृजलाल पासी, विधाभूषण पासी , राकेश कोरी, नागेश्वर कोरी, अखिलेश पांडे, सूर्यभान यादव, शैलेंद्र श्रीवास्तव, अजय रावत, ईशा कुरैशी , केशव कोरी,इत्यादि लोग मौजूद थे।।

# शायर सलाम जाफरी का जाना साझा संस्कृति की बड़ी क्षति है



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जनवादी लेखक संघ के सदस्य और मशहूर शायर सलाम जाफरी साहब के निधन पर जलेस की एक शोकसभा सरयू विहार कॉलोनी स्थित कार्यालय में सम्पन्न हुई। सभा की अध्यक्षता कर रहे सचिव डॉ. विशाल श्रीवास्तव ने कहा कि सलाम जाफरी साहब अवध की तहजीब के सच्चे प्रतिनिधि थे और उनके जाने से न समाज की उस पीढ़ी की क्षति हुई है जो साझा संस्कृति को बनाये रखने में यकीन रखती थी। वे बड़े शायर होते हुए भी अत्यंत सहज और सरल व्यक्तित्व के धनी थे और निरंतर नये शायरों और कवियों को प्रोत्साहित करते रहते थे। उन्होंने कहा कि जनवादी लेखक संघ में वे एक वरिष्ठ सदस्य के रूप में सक्रिय थे और उनके न रहने से संगठन भी छायाविहीन हो गया है। डॉ. श्रीवास्तव ने सलाम जाफरी साहब की याद में हर साल एक आयोजन किये जाने की ज़रूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि वे अपने अंदाज़े बयाँ और कहन के मिज़ाज में एक अलहदा अदबी शख्सियत के मालिक थे। वरिष्ठ शायर मुज़म्मिल फिदा ने उनके जीवन के बारे में तफसील से बताते हुए कहा कि वे फैज़ाबाद के उन चुनिन्दा शायरों में थे, जिनकी धमक देश-विदेश तक थी। उन्होंने लाल किले के मुशायरे से लेकर दुबई तक अपनी शायरी का लोहा मनवाया था। अपनी तबीयत में वे एक मस्तमौला किस्म के इंसान थे और शायरी करने के लिए उन्होंने प्रिंसिपल का पद तक छोड़ दिया था। मुजम्मिल फिदा के अनुसार सलाम साहब शायरी के अतिरिक्त समाजसेवा और शिक्षाजगत से जुड़ी गतिविधियों में भी निष्ठा के साथ संलग्न रहते थे। वे कई स्कूल-कॉलेजों से जुड़े रहे और उनकी कमेटी में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष या मैनेजर थे। अमन कमेटी में उन्होंने उपाध्यक्ष रहते हुए कई बड़े काम किए। उन्होंने सलाम साहब के कलाम ''ऐ जालिमों तुम्हारे मिटाने के बावजूद, मस्जिद नहीं रहीं कि शिवाले नहीं रहे, कल क्या था आज क्या है हाल तुम्हारा सलाम, शायद तुम्हारे चाहने वाले नहीं रहे।'' के माध्यम से उन्हें याद किया। इस अवसर पर जलेस के सदस्य एवं शहीद भगत सिंह ट्रस्ट के चेयरमैन सत्यभान सिंह जनवादी ने कहा कि सलाम जाफरी साहब अवाम की शायरी करते थे, वे इतने खुशदिल और मिलनसार थे कि यकीन ही नहीं होता कि आज वे हमारे बीच मौजूद नहीं हैं। उन्होंने कहा कि संगठन सलाम साहब के आदर्शों पर निरंतर चलते रहने का प्रयास करेगा।

## भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों को हुआ कंबल वितरण

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मां शांति सेवा फाउंडेशन द्वारा भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जी के पुण्यतिथि पर संस्था संरक्षक डॉ अमरीश कुमार श्रीवास्तव एवं संस्थापक संरक्षक बसंत राम के नेतृत्व में अध्यक्ष नेहा कुमारी ने जरूरतमंदों को कंबल वितरण कराया, अतिथि डॉ अमरीश श्रीवास्तव ने बताया कि संस्था सामाजिक कार्यों में तत्पर रहती है संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर जी के पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर नमन करते हुए समाज के जरूरतमंद मजदूर व्यक्तियों को संस्था द्वारा कंबल वितरण किया गया। संरक्षक बसंत राम ने बताया कि सेवा मानव का प्रथम धर्म है। संस्था द्वारा सामाजिक कार्य किए जाते हैं ऐसे में ठंड की शुरुआत को देखते हुए डॉ अंबेडकर के पुण्यतिथि पर कंबल वितरण कार्य शुभारंभ किया गया। अध्यक्ष श्रीमती नेहा कुमारी ने बताया ठंड की शुरुआत को देखते हुए प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कंबल वितरण कार्य डॉ अंबेडकर जी की पुण्यतिथि पर आरंभ किया गया है। संपूर्ण ठंडक में संरक्षक बसंत राम एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों के नेतृत्व में आगे भी जरूरतमंद एवं शहर में भ्रमण कर निर्धनों को कंबल वितरण कार्य चलता रहेगा।



## कार्डियक अरेस्ट पुनर्जीवन जागरूकता पर कार्यशाला प्रशिक्षण कार्यक्रम



*अवधनामा संवाददाता*

**जहांगीराबाद बाराबंकी।** इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, जहांगीराबाद फोर्ट में कार्डिओ पल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) अर्थात कार्डियक अरेस्ट पुनर्जीवन जागरूकता पर कार्यशाला और प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नेशनल बोर्ड ऑफ़ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंस ( मिनिस्ट्री ऑफ़ हेल्थ × फॅमिली वेलफेयर) के प्रेजिडेंट डॉ अभिजात सेठ और डॉ संजीव मित्तल (सर गंगाराम हॉस्पिटल नई दिल्ली) वेबिनार के माधयम से मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।सत्र के दौरान उन्होंने बताया कि जब कोई व्यक्ति अचानक कार्डियक अरेस्ट से पीड़ित हो तो उस स्थिति को कैसे पहचाने, पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन व डेमो के माध्यम से सीपीआर देने की प्रकिया, सीपीआर में क्या करना चाहिए क्या नहीं करना चाहिए और अचानक कार्डियक अरेस्ट से पीड़ित मरीज़ को पुनर्जीवित करने के लिए (ऑटोमेटेड एक्सटर्नल डेफिबिरिलेटर) AED मशीन के उपयोग के बारें में बताया। फार्मेसी विभाग के प्रिंसिपल डॉ अमित शर्मा ने अपने सम्बोधन में बताया कि सीपीआर क्या होता है - सीपीआर का मतलब होता है कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन- यह एक तरह की प्राथमिक चिकित्सा यानि फर्स्ट ऐड है जब किसी पीड़ित को सांस लेने में दिक्कत हो या वो सांस नहीं ले पा रहा हो और बेहोश हो जाये तो सीपीआर से उसकी जान बचायी जा सकती है। फार्मेसी के डॉ आबिद ने वक्तव्य में कहा कि रोज़मर्रा कि ज़िन्दगी में चिकित्सा आपात स्थिति किसी भी व्यक्ति के लिए किसी भी स्थान पर आ सकती है। अंत में डॉ अभिजात सेठ एवं डॉ संजीव मित्तल द्वारा शामिल लोगो को 300 डिजिटल सर्टिफिकेट वितरित किये गए। डॉ दबीर अहमद ने मुख्य अतिथियों और कार्यक्रम में शामिल प्रॉक्टर डॉ मो कलीम, फार्मेसी हेड मो. हिदायतुल्लाह, नोडल मेंबर अहमद नईम और शोएब अहमद समेत शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र छात्राओं का धन्यवाद किया।

## शीशम के पेड़ से लटकता मिला एक दिन पूर्व गायब युवक का शव

**कोठी बाराबंकी।** थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति का शव शीशम के पेड़ से लटकता मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक एक दिन पहले पत्नी से अनबन के बाद घर से गायब हो गया था। मामले की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम पडरावा निवासी सत्यनाम रावत के पुत्र उदय राज रावत 25 का शव गांव के बाहर पूर्व माध्यमिक विद्यालय के पीछे एक बाग में शीशम के पेड़ से बंधी प्लास्टिक की रस्सी से लटकता मिला। उधर से गुजरे ग्रामीणों ने शव लटका देख इसकी सूचना ग्राम प्रधान को दी। सूचना पाकर कोठी पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## शिवसैनिको ने छह दिसंबर को हिन्दू स्वाभिमान विजय दिवस के रूप में मनाया




*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** शिवसैनिको ने आज बाबरी विध्वंस की एकत्तीसवी वर्षगांठ छह दिसंबर को हिन्दू स्वाभिमान विजय दिवस मनाया शिवसेना उद्धव बाला साहेब ठाकरे के जिला प्रमुख मनोज मिश्र विद्रोही के नेतृत्व में पार्टी के जिला मुख्यालय सोमैया नगर देवा रोड़ पर आयोजित कार्यक्रम में प्रभु श्री राम के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए राममंदिर आंदोलन के दौरान शहीद रामभक्तो को नमन किया गया और मिष्ठान्न वितरित कर हर्ष प्रकट किया गया। इस अवसर पर पार्टी जिला प्रमुख मनोज मिश्र विद्रोही ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज ही के दिन छह दिसंबर 1992 को हिन्दू जन मानस पर मुगल दासता के प्रतीक बाबरी मस्जिद का विध्वंस अक्रोशित हिंदू समाज व शिवसैनिको ने किया था इसलिए आज का दिन हम सब इसे पर्व की भांति मनाते हैं और राम मन्दिर आंदोलन के दौरान शहीद ज्ञात अज्ञात रामभक्तो को नमन कर कृतज्ञता व्यक्त करते है। जिनके बलिदान व संघर्ष की वजह से उच्च न्यायालय के आदेश पर अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो रहा है। इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी कौशल शुक्ला, युवासेना जिला प्रमुख मनोज सिंह मिंटू, जितेंद्र अवस्थी, हरिशंकर मिश्र,अशोक कुमार,राम तेज चौहान, पुरुषोत्तम मिश्र आदि उपस्थित रहे।

# विधि विधान से सम्पन्न हुए 180 जोड़ो के विवाह, दो निकाह भी शामिल

*अवधनामा संवाददाता*

**कोठी बाराबंकी।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत एचएलवी इंटर कॉलेज परिसर में 180 जोड़ों का विवाह गायत्री परिवारों के सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न कराया गया। आयोजन में तीन ब्लाकों त्रिवेदीगंज, हैदरगढ़ व सिद्धौर क्षेत्र से चयनित जोड़े शामिल थे। समारोह में दो निकाह के साथ बनीकोड़र ब्लॉक क्षेत्र के छूटे तीन जोडो का भी विवाह संपन्न कराया गया। नवविवाहित जोड़ों को क्षेत्रीय विधायक ने आशीर्वाद देकर कार्यक्रम समाप्त कराया। समाज कल्याण अधिकारी की देखरेख में त्रिवेदीगंज, सिद्धौर व हैदरगढ़ समेत दो नगर पंचायत हैदरगढ़ व सिद्धौर से पंजीकृत 199 में से 180 जोड़ों का मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना संपन्न कराया गया। हालांकि सुबह से ही वैवाहिक जोड़ों व उनके रिश्तेदारों लिए स्थान चयन की तख्तियां नहीं होने से उन्हें समस्या हुई। दोपहर बाद कुर्सियां की समिति संख्या से रिश्तेदारों को मैदान के आसपास में जमीन पर बैठे दिखे। वर-वधू पक्ष से पहुंचे रिश्तेदारों में सरपत का मंडप व वैदिक मंत्रोच्चार को लेकर कानाफूसी होती रही। वर वधू जोड़ों में सिद्धौर ब्लॉक के मीरापुर की रामावती का विवाह देशराज बसंतपुर व नसिरवापुर मजरे कुम्हरावा की अंजू देवी का विवाह नूरापुर निवासी आनंद व अतरौली निवासी कांति देवी का विवाह सतीश कुमार गनेशपुर निवासी तथा ज्योति उस्मानपुर निवासी का विवाह मुकेश निवासी फिरोजाबाद ब्लॉक आदि लोगों का विवाह गायत्री परिवार के रीति रिवाज से हुआ। वही ब्लॉक क्षेत्र के मिर्चिया निवासी सयामा बानो का निकाह गोसाईगंज के वारिस अली तो मिर्चिया जीनत का निकाह बेड़हरी निवासी ताज मोहम्मद के साथ सम्पन्न हुआ हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत ने वर वधू को आशीर्वाद दिया।

विधायक दिनेश रावत ने कहा कि सबसे बड़ा दान कन्यादान होता है। इस दौरान सिद्धौर चेयरमैन प्रतिनिधि लल्लू रावत, एचएलवी प्रबंधक संतोष वर्मा, किसान मोर्चा उपाध्यक्ष रामकुमार मिश्र जिला कार्य सीमित सदस्य राम तीरथ वर्मा, मंडल अध्यक्ष सिद्धौर प्रवीण सिंह आदि भाजपा कार्यकर्ता व अधिकारी मौजूद रहे।



# भारत संकल्प यात्रा में सदर विधायक ने गिनाई सरकार की उपलब्धि

*अवधनामा संवाददाता*

**महाराजगंज।** सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक सुनिश्चित हो रही है और स्वास्थ्य, शिक्षा, आर्थिक स्वावलंबन, सड़क, पानी, बिजली जैसी बुनियादी जरुरतों की पहुंच सुदूर क्षेत्रों तक हुई है।आज देश विकसित भारत के संकल्प के साथ पूर्ण आत्मविश्वास व उत्साह से उत्कर्ष के पथ पर अग्रसर है। उक्त बातें सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने बरवा फहीम और सिसवा नवीन में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी से दुनिया के अनेक विकसित देश आज भी उबर नहीं पाये हैं लेकिन भारत तेज गति से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के दूसरे कार्यकाल में भाजपा की विचारधारा से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए जिनमें जम्मू एवं कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निरस्त करना और उच्चतम न्यायालय के एक आदेश के बाद अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कार्य आरंभ करना शामिल है।उन्होंने कहा कि यह कालखंड 'सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण% का रहा है और इस दौरान भारत के भाग्य व भविष्य को नयी दिशा दी गई है।पूर्व जिला उपाध्यक्ष अरुणेश शुक्ला ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद व्यक्तियों को बीपीएल कार्ड, वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड, चिरायु कार्ड आदि का लाभ उनके घरद्वार पर प्रदान करना है ताकि उन्हें कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़े।इस अवसर पर पूर्व प्रमुख नरेंद्र खरवार, प्रधान रमेश सिंह, संजय वर्मा, कमलेश वर्मा, प्रधान इंद्रमणि वर्मा ने भी आने विचार व्यक्त किये । कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान लाभार्थियों को किसान समनं निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना की चाबी दी गई।




## परिनिर्वाण दिवस पर हुए विविध आयोजन, बाबा साहब को दी गई श्रद्धांजलि

**बाराबंकी।** डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर बुधवार को भाजपाइयों ने श्रद्धा सुमन अर्पित करके याद किया। बाबा साहब के जीवन को अनुकरणीय बताते हुए सभी उनके बताए मार्ग पर चलने का भाजपाइयों ने संकल्प भी लिया।कबड्डी और भाषण प्रतियोगिता आयोजित करके बाबा साहेब के समरसता का संदेश भी दिया। किसान मोर्चा के तत्वाधान में नमो कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। स्थानीय केडी सिंह बाबू स्टेडियम में देवा और हरख की टीमों के मध्य फाइनल मुकाबला खेला गया जिसमें देवा की टीम विजयी रही। बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने दोनो टीमों को पुरुष्कृत किया। भाजयुमो के तत्वाधान में कुरौली स्थित नंदलाल प्रभुदेवी प्रोफेशनल इंस्टीट्यूट में आयोजित हुई।

## सार्वजनिक संपत्ति पर कब्जा करने वाले माफिया पर हो त्वरित कार्यवाही : राज्यमंत्री अनूप प्रधान

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** राज्यमंत्री राजस्व विभाग अनूप प्रधान द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व व चकबंदी विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के उपरांत राज्यमंत्री द्वारा द्वारा धारा 24 के मामलों में सीमांकन कार्य समय सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से करें। मंत्री ने धारा 80 के तहत आने वाले वादों को 45 दिन के भीतर निस्तारित करने हेतु सभी तहसीलों को निर्देशित किया। धारा 67 के मामलों में निर्देश दिया कि जिन गरीब परिवारों के पास आवास नहीं है, उनको न उजाड़े लेकिन बड़े भूमाफिया जिन्होंने सार्वजनिक भूमि पर कब्जा किया हुआ है, उनके विरुद्ध कार्यवाही करते हुए तत्काल बेदखली कराएं और उनपर अधिकतम जुर्माना अधिरोपित करें। चकबंदी विभाग को निर्देशित करते हुए मंत्री ने कहा कि 10 वर्ष से पुराने मामलों में त्वरित ढंग से कार्यवाही करते हुए चकबंदी कार्य पूरा करें और इन 10 मामलों की रिपोर्ट उनके समक्ष प्रस्तुत करें। इससे पूर्व समीक्षा के दौरान मंत्री द्वारा 05 वर्ष से अधिक लंबित मामलों पर असंतोष व्यक्त किया गया और समस्त मामलों में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के साथ त्वरित ढंग से निस्तारित करने का निर्देश दिया गया।



# तीन दिवसीय मंडलीय खेल प्रतियोगिता का हुआ समापन

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** तीन दिवसीय मंडलीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन समारोह बुधवार को जिला क्रीड़ा स्टेडियम धनेवा-धनेई में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अनुनय झा ने अपने संबोधन में कहा कि समाज एक आम धारणा प्रचलित है की जो बच्चे खेलकूद में तेज होते हैं, वे पढ़ाई में कमजोर होते हैं।

लेकिन यह धारणा गलत है। उन्होनें खेलकूद के साथ-साथ पढ़ाई में भी बच्चा अच्छा हो सकता है। इसका उदाहरण स्वयं हमारे अपर पुलिस अधीक्षक हैं, जो एक कुशल पुलिस अधिकारी होने के साथ ही अच्छे खिलाड़ी भी हैं।

उन्होंने कहा की दूसरी महत्वपूर्ण बात है कि अगर कोई बच्चा खेल में अच्छा है, तो उसे हतोत्साहित करने के बजाय प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। क्योंकि कहा जाता है कि अगर कोई बच्चा गणित में कमजोर है और क्रिकेट में अच्छा है तो बेहतर है कि उसे गणित का ट्यूशन कराने के बजाय क्रिकेट की कोचिंग दें, क्योंकि उसमें एक बेहतर खिलाड़ी बनने की अधिक संभावना है। अगर बच्चों को उनकी प्रतिभा के अनुसार उसी क्षेत्र में प्रोत्साहित किया जाए तो उनके जीवन में सफल होने की अच्छी संभावना होती है। जिलाधिकारी ने मंडलीय बेसिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए महराजगंज को बधाई दिया और मंडल के अन्य जनपदों को भी खेल प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए बधाई दिया। अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने सभी खिलाड़ियों और खेल आयोजकों को बेहतरीन खेल प्रतियोगिता के लिए बधाई दिया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा खेलों को लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है और अभी हाल में ही विभिन्न जिलों में खेलो इंडिया प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया गया था। स्वागत उद्बोधन में क्रीड़ा प्रभारी बीईओ लक्ष्मीपुर ने सभी मुख्य अतिथि जिलाधिकारी, अति विशिष्ट अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक और अन्य उपस्थित अतिथियों का कार्यक्रम में उपस्थित होने पर आभार व्यक्त किया। इससे पूर्व बीएसए श्री श्रवण कुमार गुप्ता द्वारा जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधिक्षक और जिला विद्यालय निरीक्षक सहित उपस्थित अतिथियों का स्वागत बैज पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर किया।पुरुस्कार वितरण समारोह में जिलाधिकारी महोदय द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक अमरनाथ राय, एआर कॉपरेटिव सुनील कुमार गुप्ता, जिला सूचना अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी सहित बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



## बौद्ध धम्म जागरण में मनाया गया अंबेडकर महापरिनिर्वाण दिवस

**बृजमनगंज (महराजगंज)।** बृजमनगंज क्षेत्र के फुलमनहां गांव अंबेडकर पार्क में चल रहे पांच दिवसीय धम्म जागरण व बौद्ध कथा प्रवचन के अंतिम दिन कार्यक्रम के शुरुवात में बाबा साहब भीम राव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण मनाया गया। मुख्य अतिथि फरेन्दा विधायक वीरेंद्र चौधरी ने फुलमनहां गांव के अंबेडकर पार्क में स्थित बाबा भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि देकर उन्हें नमन किया। कथा वाचक संघ मित्रा बौद्ध ने अपनी कथा के माध्यम से बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुये उनके जीवन संघर्षों को बताया। वही उनके शिक्षा, सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक, न्यायायिक योगदान पर को भी बताया। उन्हेंने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर 32 डिग्रियो के साथ 9 भाषाओं के जानकार थे। लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में मात्र 2 साल 3 महीने में उन्होंने 8 साल की पढ़ाई पूरी की। वह लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से %डॉक्टर ऑल साइंस% नामक एक दुर्लभ डॉक्टरेट की डिग्री प्राप्त करने वाले दुनिया के पहले और एकमात्र व्यक्ति हैं। वह आधुनिक भारत के निर्माता थे। उन्होंने कहा कि बाबा साहब की यह सोच थी कि महिलाओं की उन्नति तभी हो सकती है। जब उन्हें घर परिवार समाज सभी जगह समान दर्जा और अवसर मिले शिक्षा और संपत्ति में अधिकार उन्हें सामाजिक बराबरी दिलाने में मददगार साबित होगा।



# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्रामीणों को दिलाई गई शपथ

अवधनामा संवाददाता



**लोटन सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड लोटन अन्तर्गत ग्राम पंचायत भिटपरा प्राथमिक विद्यालय व कौलपुर ग्रांट जूनियर विद्यालय पर विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन ग्राम प्रधान वसीर मोहम्मद की अध्यक्षता में किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा में बाल विकास स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का स्टाल लगाया गया।

स्वास्थ्य विभाग से आये डा प्रियंका त्रिपाठी द्वारा 150 ग्रामीणो के स्वास्थ्य की जांच करके दवा भी दिया गया। अध्यक्षता कर रहे ग्राम प्रधान वसीर मोहम्मद ने कहा कि सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार गांव में जाकर विभाग के लोग कर रहे है ताकि पात्र व्यक्तियों तक लाभ पहुंचे। भिटपरा कार्यक्रम मे ग्राम प्रधान ने कहा की आज हमारे गांव में आप सबकी समस्याओं को सुनने के लिए तथा योजनाओं का लाभ बताने व पहुंचाने के लिए स्वयं अधिकारी आये है कोई भी समस्या हो तो अधिकारी को अवगत करा सकते है। खण्ड विकास अधिकारी राम प्रवेश ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा से ग्रामीण को जागरूक किया जा रहा है ताकि कोई पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहे सरकार इस उद्देश्य को लेकर विकसित भारत यात्रा अभियान चला रही है।

आप लोग शपथ ले भारत देश को विकसित करना है। खण्ड विकास अधिकारी ने उपस्थित लोगों को विकसित भारत की शपथ भी दिलाई। कौलपुर ग्रांट व भिटपरा में विकसित भारत यात्रा में स्कूली बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना व स्वागत गीत भी प्रस्तुत किया गया। इस दौरान सचिव मनोज कुमार, ईश्वर देव, विनोद कुमार चौधरी, हेड मास्टर अजीजुर्रहमान, सहायक अध्यापक मो. याकूब, हर्ष बहादुर, हेड मास्टर रमेन्द्र मणि त्रिपाठी, दुजेन्द्र नाथ पाण्डेय, अभिजीत कुमार सिंह, आर बी एस के टीम डा प्रियंका त्रिपाठी, फामासिष्ट राजन मिश्रा, एल टी प्रवीन दुबे, सी एच ओ नूतन विश्वकर्मा, आयुष्मान मित्र रमा सिंह पटेल, चुन्नू, ग्रीश चन्द पाण्डेय, योगा ट्रेनर प्रियंका वर्नवाल, कृषि निरज कुमार, विनय वर्मा, बाल मुकुंद मिश्र चन्द्रमणि, पंचायत सहायक जमशेद, रोजगार सेवक राजदेव, आंगनबाड़ी सहायिका मेहरुन्निशा नीता देवी, गीता, राजेन्द्र प्रसाद, मो हनीफ सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

**बीडीओ ने दी योजनाओं की दी गई जानकारी**

## पेंशन संकल्प दिवस कार्यक्रम का आयोजन आज

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र के परिसर में 7 दिसम्बर दिन बृहस्पतिवार को स्व डा राम आशीष की पुण्यतिथि पेंशन संकल्प दिवस के रूप में मनाई जाएगी। इस कार्यक्रम में डुमरियागंज ब्लॉक के परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों सहित अन्य विभाग के कर्मचारी प्रतिभाग करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए अटेवा के प्रान्तीय संयुक्त मंत्री जनार्दन शुक्ला ने बताया कि अटेवा पेंशन बचाओ मंच के प्रान्तीय नेतृत्व के निर्देश के क्रम में प्रदेश के सभी जनपदों में स्व. डा. रामाशीष सिंह की पुण्यतिथि को संकल्प दिवस के रूप में मनाते हुए सभी शिक्षक कर्मचारी ये संकल्प लेंगे की पुरानी पेंशन बहाली तक संघर्ष जारी रखेंगे। सिद्धार्थनगर मे भी जिलामुख्यालय सहित सभी ब्लॉक मुख्यालओं पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया जाएगा, उनके व्यक्तित्व व कृतित्व को यादकर पुरानी पेंशन बहाली हेतु संकल्प लिया जाएगा। स्व. डा. रामाशीष सिंह 7 दिसम्बर 2016 को लखनऊ मे पुरानी पेंशन बहाली हेतु आयोजित आन्दोलन मे विधान सभा घेराव के दौरान पुलिस लाठीचार्ज में शहीद हो गए थे।

# डीएम व सीडीओ ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** भारत रत्न डा भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर बुधवार को जिलाधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा कलक्ट्रेट सभागार में व मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार विकास भवन सभागार में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

इस दौरान जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने कहा कि सामाजिक सुधारों को डा भीमराव अम्बेडकर जी ने आगे बढ़ाया और सरोकारों को प्राथमिकता दी। उन्होंने हमेशा समाज सुधार और राष्ट्रीय एकीकरण की बात की। डॉ बाबासाहब आम्बेडकर नाम से लोकप्रिय, भारतीय बहुज्ञ, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, और समाजसुधारक। श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया था। वे स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मन्त्री, भारतीय संविधान के जनक एवं भारत गणराज्य के निर्माताओं में से एक थे। जिलाधिकारी ने कहा कि वह एक महान समाज सुधारक थे, उन्होंने दलितों, वंचितों और शोषितों का उद्धार किया। हमें उनके आदर्शों को आगे बढ़ाना है समाज में व्याप्त छुआछूत ऊँच-नीच की कुरीतियाँ दूर करना है। मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने कहा कि डा भीमराव अम्बेडकर जी के विचारों एवं आदर्शों को अक्षरशः पालन करना चाहिये। बाबा साहब ने सामाजिक बुराइयों से घिरे होते हुये भी इतनी ऊँचाइयों पर पंहुच कर भारत में अपना नाम रोशन कर दिया। उन्होने कहा कि जिस तरह बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर कर्म के सिद्धान्त पर चलते थे, उसी तरह हमें भी कर्म पर पूरा ध्यान देना चाहिये, महापुरूषों के बताये हुये मार्गो का सदैव अनुसरण करना चाहिये। आने वाली चुनौतियों से कैसे निपटा जाता है इनसे हमे सीख मिलती है। इन्होंने ग्रामीण स्तर से निकलकर विश्व पटल पर अपना नाम किया। इस दौरान समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा डा0 भीमराव अम्बेडकर जी चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, अपर उपजिलाधिकारी संजय दीक्षित, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा जीवनलाल आदि मौजूद रहे।

# शिक्षकों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

**हर दिन स्कूल आओ अभियान के तहत परिषदीय विद्यालयों के नोडल शिक्षको ने लिया भाग**

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** ब्लॉक संसाधन केंद्र डुमरियागंज के प्रशिक्षण हाल में परिषदीय विद्यालयों से नामित नोडल शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण बुधवार को संपन्न हो गया। यह प्रशिक्षण सोमवार से शुरू हुआ था।

**प्रशिक्षण का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी डुमरियागंज संजय कुमार ने किया था**

प्रशिक्षण का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी डुमरियागंज संजय कुमार ने किया था। समापन अवसर पर प्रशिक्षण में जानकारी देते हुए ट्रेनर प्रशांत मणि त्रिपाठी व राम बहादुर चौधरी ने बताया कि आउट ऑफ स्कूल एवं ड्राप आउट बच्चों को विद्यालय से जोड़ने के लिए लगातार पहल की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालयों में शत प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति को लेकर योजना बनाएं।

प्रशिक्षण में जानकारी देते हुए ट्रेनर बृजेश कुमार, सुधीर गुप्ता ने कहा कि यह प्रशिक्षण काफी महत्वपूर्ण है ब्लॉक स्तर पर परिषदीय विद्यालयों से एक नोडल शिक्षक को प्रशिक्षण में प्रतिभाग कराना है। शारदा पाठ्यक्रमों के आधार पर विशेष प्रशिक्षण हेतु महत्वपूर्ण जानकारी शिक्षकों को उपलब्ध कराई जा रही है।

इस मौके पर टीएलएम ट्रेनर विष्णु कांत दुबे, जियाफत फारुकी, मोहम्मद अकबर, अब्बास अली, फजल अब्बास रिजवी, पवन श्रीवास्तव, अनुराग प्रताप सिंह, मनोज सिंह, आलोक गिरी, अनुराग, पूनम कश्यप, आलोक श्रीवास्तव, नीलम गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

# जम्मू-कश्मीर संगठन व आरक्षण बिल पर सांसद जगदम्बिका ने दिया वक्तव्य

अवधनामा संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** संसद में हुए एक महत्वपूर्ण बहस में, बुधवार को भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने जम्मू-कश्मीर संगठन बिल और जम्मू-कश्मीर आरक्षण बिल के संबंध में अपन विचार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा ये दोनों विधेयक विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर के नागरिकों के हकों और आरक्षण में सुधार करने का प्रयास हैं। इस बिल से जम्मू कश्मीर के जन जातियों को राज्य कि विधान सभा मे हिस्सेदारी दी जा रहा है। सांसद ने जम्मू कश्मीर के राज्यपाल मनोज सिंह के कार्यकाल मे किए गए महत्वपूर्ण कार्यों का जिक्र किया जिनमे आतंकवाद कि घटनाओ मे कमी, हिन्दू मुस्लिम समुदाय मे सोहार्दपूर्ण रिश्ता साथ ही साथ टुरिज़्म मे बढ़ोतरी शामिल थे। जगदम्बिका पाल ने मानवाधिकार के उत्कृष्ट चरित्र और भारतीय संस्कृति के अभिन्न हितैषियों के लिए जाने जाते श्यामा प्रसाद मुखर्जी की योगदान की चर्चा की, जिन्होंने जम्मू-कश्मीर के संघर्ष में अपना समर्थन दिया था। सांसद ने दक्षिण कश्मीर के संवेदनशील क्षेत्रों में केसर के खेती की वृद्धि का उल्लेख किया। कहा कि इससे होने वाले आर्थिक अवसरों की बढ़ती संख्या ने युवा वर्ग को आतंकवादी तत्वों से दूर खींचा है और उन्हें रोजगार के अवसरों की दिशा में मार्गदर्शित किया है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद-370 के प्रावधानों में बदलाव कर जम्मू-कश्मीर के स्पेशल स्टेटस (विशेष राय) को खत्म कर दिया था इस बहस के माध्यम से आये विचार और सुझावों का उपयोग करते हुए, सरकार ने जम्मू-कश्मीर के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाने का संकल्प किया है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के तहत कार्यक्रम



**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के तहत विकास खण्ड बढ़नी के ग्राम पंचायत मुजहना में नोडल अधिकारी एडीओ आईएसबी संत राम चौधरी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें केंद्र एवं प्रदेश सरकार की ओर से जन कल्याण में चलाए गए विभिन्न योजनाओं का प्रसारण दिखाते हुए ग्रामीणों को सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताया गया। बुधवार को ग्राम पंचायत मुजहना में कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रही भाजपा नेत्री श्रीमती साधना चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, गरीब कल्याण योजना, शौचालय, उज्जवला आदि विभिन्न योजनाएं चलाकर सरकार जन उत्थान को बल दे रही है। इसका लाभ भी निरंतर लोगों तक पहुंच रहा है। भाजपा नेता राजू शाही ने कहा कि देश और समाज का सर्वांगीण विकास ही सरकार की प्राथमिकता है। पहले की अपेक्षा आज भारत का नाम देश ही नहीं बल्कि दुनिया में चमक रहा है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की सफलता का परिणाम है कि आज देश विभिन्न क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी नेतृत्व की क्षमता का शानदार प्रदर्शन कर रहा है। इस दौरान प्रभात तिवारी, सचिव शकील अहमद, प्रधान प्रतिनिधि मजीबुर्रहमान, रोजगार सेवक दिनेश चन्द पाल, पूर्ति निरीक्षक, स्वास्थ्यकर्मी, शिक्षक आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा, समूह की महिलाओं सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## सीडीओ ने किया वाटर शेड प्रोजेक्ट कार्य का निरीक्षण



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने बुधवार को भूमि संरक्षण अधिकारी के साथ विकास खण्ड-बर्डपुर के ग्राम पंचायत-गायघाट में कराये जा रहे पं दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि वाटर शेड प्रोजेक्ट कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय रविशंकर पाण्डेय, भूमि संरक्षण अधिकारी-कृषि सहित अवर अभियन्ता एवं प्राविधिक सहायक उपस्थित रहे। भूमि संरक्षण अधिकारी द्वारा बताया गया कि योजनान्तर्गत ग्राम गायघाट में समोच्चरेखीय बांध, मर्जिनल बांध, समतलीकरण एवं अवरोध बांध निर्माण कार्य कराया जाना है। प्रोजेक्ट की अवधि 2 वर्ष है। निरीक्षण समय नाला के समीप अवरोध बांध एवं दूसरी तरफ मर्जिनल बांध बनाया गया है। उपस्थित किसानों से वार्तालाप करके परियोजना की उपयोगिता एवं कार्य के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त किया गया। सीडीओ ने भूमि सरंक्षण अधिकारी को निर्देशित किया कि निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत समस्त कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सदर ब्लॉक नौगढ़ के ग्राम सभा बेल्टिकर और रामगढ़ में बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित कर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियां और महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में बताया गया तो वही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा हम सब देशवासी सौभाग्यशाली हैं जो आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश पूरी दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। हम सब को संकल्प लेना चाहिए की विकसित देश बनाएं। केंद्र व प्रदेश की सरकार ने हर वर्ग का ध्यान रखा है। सरकार ने अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। इस अवसर पर विकास खंड के अधिकारी गण, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजेश मिश्रा, भाजपा मीडिया प्रभारी निशांत पांडेय, भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र वर्मा, सौरभ त्रिपाठी, पंकज चौबे, गुड्डू यादव आदि पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## दिव्यांग आवास के नाम पर घूस न देने की शिकायत

**बस्ती।** विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैसिया कला के राजस्व गांव कल्यानपुर गांव निवासी दिव्यांग ने सचिव पर दिव्यांग आवास के नाम पर बीस हजार रुपया घूस न देने पर आवास की सूची से नाम काटने की शिकायत की हैं। उहोने ने जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी व आईजीआरएस पर मुख्यमंत्री से शिकायत पत्र दे कर कार्यवाही कर आवास दिलाने की गुहार लगायी है। कल्यानपुर गांव निवासी दिव्यांग शशिकान्त त्रिपाठी पुत्र जमुना प्रसाद ने जिला अधिकारी से शिकायती पत्र देकर अवगत कराया कि दिव्यांग आवास के नाम पर सचिव शैलेंद्र कुमार राव बीस हजार रुपया मागे थे। रूपया न देने पर सचिव ने पात्र होने के बाद भी आवास नही दिया। पीड़ित शशिकांत ने सशपथ उच्च अधिकारियों को अवगत कराया कि पीड़ित के पास रहने के लिए मकान नहीं है। वह अपने भाई के मकान में रहता है। जिलाधिकारी, मुख्यविकास अधिकारी व मुख्यमंत्री पोर्टल पर सचिव शैलेंद्र कुमार राव के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है और दिव्यांग आवास दिलाने का गुहार लगाई है।

## संविधान निर्माता बाबा साहब अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर डीएम ने किया पुष्प अर्पित

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह, अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी तथा कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारी/कर्मचारी द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर के पुण्यतिथि के अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर को भारतीय संविधान के जनक के रूप में जाना जाता है वे एक बड़े समाज सुधारक और विद्वान थे। उन्हें अपने कार्यों और विद्वता के लिए जाना जाता है। बाबा साहब का जन्म 14 अप्रैल 1891 मध्य प्रदेश के महू में हुआ था और वो अपने माता-पिता की 14 वीं संतान थे। उन्होने बॉम्बे विश्वविद्यालय से स्नातक करने के बाद, कोलंबिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में अर्थशास्त्र का अध्ययन किया और डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। वे एक बहुत बड़े अर्थशास्त्री, समाजसुधारक, न्यायविद और राजनीतिज्ञ थे।1990 में उन्हें मरणोपरांत भारत का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'भारत रत्न' सम्मान प्रदान किया गया। उनकी मृत्यु 6 दिसंबर 1956 को हुई। इस तिथि को महापरिनिर्वाण दिवस के तौर पर मनाया जाता है। उन्होंने हमेशा ही दलितों की स्थिति में सुधार लाने के लिए काम किया। छुआछूत जैसी कुप्रथा को खत्म करने में भी उनकी बड़ी भूमिका मानी जाती है। उनके अनुयायियों का ये मानना है कि उनके गुरु भगवान बुद्ध की तरह ही काफी प्रभावी और सदाचारी थे और उनके कार्यों की वजह से उन्हें निर्वाण प्राप्त हो चुका है। यही कारण है कि उनकी पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है।महापरिनिर्वाण एक संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ है मुक्ति। बौद्ध धर्म के प्रमुख सिद्धांतों और लक्ष्यों में से एक है। इसका मतलब मौत के बाद निर्वाण है। इसी प्रकार के कार्यक्रम जनपद के अन्य सभी कार्यालय में किया गया।



## मेडिकल स्टोरों पर संयुक्त टीम की छापेमारी से हड़कंप




**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** नशीली व प्रतिबंधित दवाओं के रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को खुले मिले कई मेडिकल स्टोरों पर संयुक्त टीम ने छापेमारी कर प्रतिबंधित दवाइयों के नमूनों को संग्रहीत कर सील किया। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा नशीली दवाओं के सेवन व दुरुपयोग को रोकने के लिए जिलाधिकारी पवन अग्रवाल के निर्देश के क्रम में जिला आबकारी अधिकारी वीर अभिमन्यु कुमार के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी बांसी, क्षेत्राधिकारी बांसी व खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा बांसी स्थित आमिर मेडिकल एवम जनरल स्टोर, अजय मेडिकल सेंटर, प्रकाश मेडिकल स्टोर, जायसवाल मेडिकल स्टोर एवम अजय दवाखाना /मेडिकल स्टोर पर औचक छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान आमिर मेडिकल एवम जनरल स्टोर से 02 नमूना संग्रहीत कर प्रतिबंधित/संदिग्ध दवाओं को सील किया गया। यह अलग बात है कि छापेमारी की सूचना पर दवा व्यवसाइयों ने धडाधड दूकानों का शटर गिरा दिया। इस बावत उपजिलाधिकारी बांसी कुणाल ने बताया कि नगर स्थित मेडिकल स्टोरों पर संयुक्त टीम की कार्यवाही में दवाओं के दो नमूनों को सील किया गया है। उन्होंने जानकारी दिया कि नशीली दवाओं के सेवन एवं दुरुपयोग को रोकने व जन जागरूक्ता के चलाया जा रहा अभियान व छापेमारी का क्रम जारी रहेगा। औषधि निरीक्षक नवीन कुमार ने जानकारी दिया कि संग्रहीत नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। इस दौरान सीओ देवी गुलाम सिंह, आबकारी निरीक्षक बांसी संजय कुमार पाण्डेय, आबकारी निरीक्षक इटवा शत्रुघ्न वर्मा, आबकारी निरीक्षक डुमरियागंज मोनी शुक्ला मय स्टाफ मौजूद रहे।

## हमें विषम परिस्थितियों से घबराना नहीं चाहिए

**बस्ती।** मंडलाायुक्त अखिलेश सिंह ने कहा है कि भारत रत्न डॉक्टर भीमराव आंबेडकर ने विषम परिस्थितियों से निकलकर सकारात्मक सोच के साथ अपने जीवन का निर्माण किया, देश को लिखित एवं विस्तृत संविधान दिया, जिसके आधार पर हम स्वस्थ समाज एवं मजबूत देश की स्थापना कर सकते हैं।

आयुक्त सभागार में उन्होंने डॉ. भीमराव आंबेडकर के पुण्यतिथि के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया। उन्होंने कहा कि जाति, वर्ग, भेद की समस्या प्रायः अन्य देशों में भी रही है परंतु भारत में समय-समय पर महापुरुषों ने समाज को सही राह दिखाकर इसे समाप्त करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर के जीवन से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि हमें विषम परिस्थितियों से घबराना नहीं चाहिए, उसका सामना करते हुए परिस्थितियों को अनुकूल बनाने का प्रयास करना चाहिए ताकि हम एक स्वस्थ समाज की स्थापना कर सकें।

## अंबेडकर का मनाया गया महापरिनिर्वाण दिवस

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** प्राथमिक विद्यालय संदहा में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के 67 वां महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। शिक्षा क्षेत्र रामनगर के प्राथमिक विद्यालय सन्दहा में डाक्टर भीमराव अंबेडकर के महा परिनिर्वाण दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष संजय पासवान, संचालन शिव पूजन, कार्यक्रम के संयोजक विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश अकेला ,अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई रामनगर, मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष श्रीमती शालिनी रही। कार्यक्रम में जियालाल, शिवशरण, रामदौर मालती देवी, सुनीता, शीला, उर्मिला, प्रमिला, प्रेमलता, सुमित जाटव, रूपवती, गुड़िया, सरोज देवी, सुदामा देवी, नागेंद्र, ज्ञानमती, आकाश जाटव, अकील सिद्दीकी ,मनीष सहित विद्यालय के सभी बच्चे उपस्थित रहे ।कार्यक्रम के दौरान संयोजक प्रधानाध्यापक,अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ राजेश अकेला ने कहा कि 6 दिसंबर बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस है। महापरिनिर्वाण दो शब्दों से मिलकर बना है। महा का अर्थ है महान परिनिर्वाण का अर्थ है पीड़ा दुख से मुक्ति पाना। बाबा साहब महान अर्थ शास्त्री, महान समाज सुधारक, महान नेता, महान विचारक थे।




# राघव राम बचन शिवा सरस्वती विद्यापीठ परिसर में कबड्डी, खो-खो, दौड़, क्रिकेट प्रतियोगिता

अवधनामा संवाददाता



**कुदरहा, बस्ती।** राघव राम बचन शिवा सरस्वती विद्यापीठ परिसर में बुधवार को ब्लॉक स्तरीय सांसद खेल महाकुंभ के चौथे दिन कबड्डी, खो खो, दौड़, क्रिकेट का प्रतियोगिता हुआ। जिसमें खिलाड़ियों ने अपना स्थान बनाने के लिए दमखम लगाया। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बालकृष्ण त्रिपाठी पिंटू ने प्रतियोगिता का शुभारभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर किया। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि खिलाड़ियों में अपार उत्साह है आप लोग इसी तरह मन से प्रतिभाग करें। सफलता अवश्य मिलेगी।

400 मी जूनियर बालक वर्ग दौड़ प्रतियोगिता में गोलू प्रथम, शिवम सिंह द्वितीय और अजय तृतीय, 400 मी जूनियर बालिका वर्ग दौड़ प्रतियोगिता में संगीता प्रथम, आँचल द्वितीय व शशिकला तृतीय, 400 मी सीनियर बालक वर्ग दौड़ प्रतियोगिता में राजेश प्रथम, रवि प्रकाश द्वितीय शिवम तृतीय पर रहे। जूनियर बालिका खो खो प्रतियोगिता में कुल 14 मैच खेले गए जिसमे एसवीएस इंटर कालेज पियारेपुर के छात्र सईद मोहम्मद की टीम ने बाजी मारी। वही पूर्व माध्यमिक विद्यालय डेलहवा और पूर्व माध्यमिक विद्यालय बैडारी ने भी जीत दर्ज किया। क्रिकेट प्रतियोगिता में तुरकौलिया बनाम बैसिया कला के बीच मैच खेला गया जिसमें तुरकौलिया की टीम विजेता रहा। वही दूसरा क्रिकेट मैच गौरा रोहारी व सुअरहा कला के बीच खेला गया जिसमें सुअरहा कला टीम विजयी हुआ। संचालन श्रीकृष्ण त्रिपाठी शिबलू व कैलाश कुमार मौर्य ने किया। निर्णायक की भूमिका तबस्सुम, सुनीता, प्रभात, फूलचंद चौधरी, दुर्गा प्रसाद, सुरेंद्र प्रताप चौधरी, राम मणि, संदीप कुमार, आदित्य उपाध्याय, दिलीप कुमार, राम अवध, प्रवेश कुमार ने बखूबी निभाया। कार्यक्रम में मनीष त्रिपाठी, बंटी दूबे, विजय शंकर मिश्र,आलोक त्रिपाठी, रवि पांडेय, प्रवीण त्रिपाठी, मस्तराम राजभर, दुर्गेश पाल, मत्सला श्रीवास्तव, रंजन राज, ममता सहित तमाम शिक्षक व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## चीनी मिल मुंडेरवा के पेराई सत्र का शुभारंभ

**बस्ती।** वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन व हवन के साथ खलीलाबाद के विधायक अंकुर राज तिवारी, जिलाधिकारी अंद्रा वामसी एवं पूर्व सदर विधायक दयाराम चौधरी ने डोंगा में गन्ना डालकर चीनी मिल मुंडेरवा के पेराई सत्र का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने चीनी मिल के पेराई सत्र कुशलतापूर्वक संपन्न होने की शुभकामना देते हुए कहा कि मिल में गन्ना लेकर आये किसानों का हरसंभव सहयोग देना सुनिश्चित करें, जिससे की सुगमतापूर्वक गन्ने की ढुलाई से लेकर पेराई तक का कार्य संपन्न हो सके। साथ ही नगर पंचायत के अधिकारियों को साफ-सफाई एवं थानाध्यक्ष मुंडेरवा को भी कृषकों को गन्ने की आपूर्ति मे सहयोग हेतु मिल प्रबंधन से समन्वय स्थापित कर कार्य करने हेतु निर्देशित किया है। मिल के प्रधान प्रबंधक अभिषेक पाठक ने कहा कि किसानों के प्रयास से गन्ना के उत्पादन में लगातार वृद्धि हुयी है। पिछले तीन वर्षों में क्रमशः सत्र 2020-21 मे 34.66 लाख चीनी परता-8.60, 2021-22 मे 37.63 लाख, चीनी परता-9.52 तथा 2022-23 में 46.69 लाख चीनी परता-9.81 था।

## परिनिर्वाण दिवस पर याद किए गए बाबा साहब



**पौली संतकबीरनगर अवधनामा संवाददाता।** शिक्षा क्षेत्र के प्रा0वि0 व कम्पोजिट विद्यालयो पर बुधवार को बाबा साहब डॉं भीमराव अम्बेडकर परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। उनके विचारो को आत्मसात करने काम संकल्प लिया गया। इसी क्रम मे प्रा. वि. शंकरपुर, प्राथमिक विद्यालय कोहलवा, दुलमपुर, कम्पोजिट विद्यालय तिलकूपुर प्रा. वि. बछई पुर विद्यालय के प्रधानाचार्यो द्वारा बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया इसी कडी मे विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेन्द्र कुमार बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारो पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संविधान की मूल उद्देश्य बाबा साहब की भावना का ही प्रतीक है। उन्होंने हमेशा शिक्षा पर बल दिया। इसलिए शिक्षित बनो संगठित रहो का नारा दिया। उनके विचारो को आत्मसात करते हुए हम सभी को अपने बच्चो को शिक्षा के प्रति जागरुक करना चाहिए। इस मौके पर विनोद पान्डेय, रोहित कुमार, तेजेश्वर चौधरी, उर्मिला देवी, बिब्बो खातुन,बिन्दु सिंह विद्यालय परिवार के तमाम लोग मौजूद रहे।

## संकल्प यात्रा

वीडियो कान्फ्रेन्स के जरिये प्रधानमंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से वार्ता किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य बताते हुये कहा पूरे देश में सरकार के प्रमुख योजनाओं की सम्पूर्ण पहुंच सुनिश्चित करना है। जानना जरूरी है कि योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लाभार्थियों तक पहुंच रहा या नहीं। प्रधानमंत्री ने इस योजना को मोदी की गारन्टी वाली गाड़ी बताया। यह भी बताया कि अब तक 12000 पंचायतों में पहुंच चुकी है तीस लाख लोग इसका फायदा उठा चुके है। उन्होंने कहा विकसित भारत का संकल्प चार स्तम्भों पर टिका है। ये सतम्भ है नारी, युवा, किसान और गरीब मेरे लिये ये ही सबसे बड़ी जातियां है इनका उत्थान ही भारत को विकसित बनायेगा। इसके विस्तार देते हुये बताया जब चारो जातियां सारी समस्याओं से मुक्त होगी साथ ही सशक्त होगी तो स्वाभाविक रूप से देश की हर जाति सशक्त होगी और पूरा देश सशक्त हो जायेगा।

मोदी जी का कहना है कि उनके 10 साल का काम देख कर लोगो ने उनकी सरकार पर काफी भरोसा जताया है। सरकार पर विश्वास कर लोग अश्वस्त दिख रहे है। पिछली सरकारों की आलोचना करते हुये बताया वो जनता का माईनाप बनने और वोट बैंक की राजनीति पर देश का संसाधन बरबाद करते रहे। यह सही आरोप है होना यह चाहिये कि सरकारों को जनता का पैसा उनके उत्थान में ही लगाना चाहिये उसे अपनी छवि चमकाने में ही मुफ्त की रेवडी में लगा देती है। पैसा जनता का जाता है जिसे मेहनतकश लोग अपनी मेहनत से कमाते है अपनी जीविका चलाते है और टैक्स जमा करते है। टैक्स का पैसा जनता को सशक्त बनाने में लगाना चाहिये न कि रेवड़ी बांट कर लोगो का मेहनत से कमाये धन को बरबाद कर निठल्लुओं को कामचोर और आलसी तथा दान पर पलने वाला बनाना चाहिये। विपक्षी दल जाति जनगणना को आगामी चुनाव में मुद्दा बनाने की कोशिश में लगे हुये है ऐसे में मोदी का जाति को लेकर दिया गया बयान माने रखता है। जाति जनगणना को जरूरी मानते है। मोदी जी अपनी सरकार की सर्थकता और उपलब्धियों के परिप्रेक्ष में बताया। प्रधानमंत्री केन्द्रों की 10,000 में बढ़ाकर 25,000 करने की योजना की शुरूआत की। झांरखन्ड के देवघर में 10,000 के जन औषधि केन्द्र को जनता को समर्पित किया।

मोदी ने जिन पर अमृत स्तभो को जिक्र किया है उसका खुलासा करते हुये बताया ये है। हमारी नारी शक्ति, हमारी युवा शक्ति, हमारे किसान और गरीब परिवार अपने लिये उन्होंने कहा हम गरीब परिवार से आये है इसलिये मेरे लिये सबसे बड़ी जाति है गरीब, युवा, महिलायें और किसान इन चारो जातियो का उत्थान हो जायेगा तो भारत का उत्थान हो जायेगा। सारी जातियों का उत्थान हो जायेगा। खेती को आधुनिक बनाने पर जोर दिया कहा जब तक ऊपर गिनाये लक्षो को पूरा नही करते वह चैन से नहीं बैठेंगे।

## कोर्ट की तीव्र टिप्पणी के बाद विजयन पद छोड़ें!



के. विक्रम राव

केरल के कम्युनिस्ट मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन में तनिक भी सियासी शर्म और दिमागी नैतिकता बची हो तो तत्काल उन्हें पदत्याग देना चाहिये। सुप्रीम कोर्ट ने कल (30 नवम्बर 2023) उन्हें अपने गृहजिले कन्नूर विश्वविद्यालय के कुलपति की नियुक्ति में अनाचार करने तथा अवैध दखल करने का दोषी करार दिया है। कानून का उन्होंने मखौल उड़ाया है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान पर अवांछनीय दबाव डालने का इलजाम लगाया है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की खण्डपीठ ने कुलपति गोपीनाथ रवींद्रन की नियुक्ति को अवैध बताया तथा निरस्त कर दिया। खण्डपीठ के दो अन्य न्यायमूर्ति थे जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा।

कुलपतियों की नियुक्ति पर वाममोर्चा सरकार का हस्ताक्षेप बढ़ता जा रहा है। कन्नूर विश्वविद्यालय इसका ताजा उदाहरण है। राज्यपाल ही विश्वविद्यालय का कुलाधिपति होता है। किन्तु कन्नूर विश्वविद्यालय एक्ट 1996 में अधिकारों की स्पष्ट विवेचना में राज्यपाल किसी भी प्रकार से बाध्य नहीं है। यहा सुप्रीम कोर्ट ने कहा भी कि राज्य शिक्षा मंत्री (श्रीमती आर बिन्दु) का परामर्श कुलाधिपति पर अनिवार्य नहीं है। खण्डपीठ ने अचरज व्यक्त किया कि राज्यपाल ने मुख्यमंत्री के सुझाव को मानकर नियुक्ति वाला अपना अधिकार संकुचित कर दिया यह अप्रत्याशित है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में केरल राजभवन की वह विज्ञाप्ति का भी उल्लेख किया जिसमें राज्यपाल ने लिखा था श्री रवींद्रन की नियुक्ति का निर्णय स्वयं मुख्यमंत्री तथा उनकी उच्च शिक्षा मंत्री श्रीमती आर बिन्दु ने किया था। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा भी था कि पिनराई विजयन राजभवन आये थे और कन्नूर विश्वविद्यालय के कुलपति की नियुक्ति का अनुरोध किया था। बिन्दु भी दो बार लिखकर आग्रह कर चुकी हैं।

अंततः सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में राज्य के अनुचित हस्तक्षेप के आधार पर डा. गोपीनाथ रवींद्रन को वीसी के रूप में फिर से नियुक्त करने वाली 23 नवम्बर, 2021 की अधिसूचना को रद्द कर दिया था। अदालत ने कन्नूर विश्वविद्यालय की स्वायत्तता पर जोर देते हुए कहा कि कन्नूर विश्वविद्यालय अधिनियम 1996 और यूजीसी क़ानून संस्थान को राज्य सरकार के हस्तक्षेप से बचाने के लिए बनाए गए थे। इसमें इस बात पर जोर दिया गया कि चांसलर, जो विश्वविद्यालय में एक महत्वपूर्ण भूमिका रखता है, स्वतंत्र रूप से कार्य करता है और अपनी विवेकाधीन शक्तियों के प्रयोग में राज्य सरकार की सलाह से बाध्य नहीं है। फैसले ने चांसलर और राज्य सरकार के अलग-अलग प्राधिकारों पर प्रकाश डाला, जिसमें कहा गया कि चांसलर ने विश्वविद्यालय के प्रमुख के रूप में अपनी व्यक्तिगत क्षमता में काम किया, न कि राज्यपाल के कार्यालय के प्रतिनिधि के रूप में। कुलाधिपति की शक्तियां, विशेषकर कुलपति की नियुक्ति और पुनर्नियुक्ति में, पूरी तरह से विश्वविद्यालय के हित में प्रयोग की गई मानी जाती थीं, कुलाधिपति इन मामलों में एकमात्र न्यायाधीश होता था।

यह माना गया कि यद्यपि राज्यपाल के रूप में अपने पद के आधार पर, वह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बन गए, लेकिन अपने कार्यालय के कार्यो का निर्वहन करते समय, उन्होंने व्यक्तिगत रूप से राज्यपाल के कार्यालय का कोई कर्तव्य नहीं निभाया या किसी शक्ति का प्रयोग नहीं किया। कोर्ट ने कहा- कानून दो अलग-अलग प्राधिकारियां, अर्थात् कुलाधिपति और राज्य सरकार के बीच स्पष्ट अंतर करता है। जब विधायिका जानबूझकर ऐसा अंतर करती है, तो इसकी भी स्पष्ट रूप से व्याख्या की जानी चाहिए, और उप-के मामले से निपटते समय-कुलाधिपति, राज्यपाल, विश्वविद्यालय के कुलाधिपति होने के नाते, केवल अपनी व्यक्तिगत क्षमता में कार्य करते हैं, और इसलिए, कुलाधिपति के रूप में, विश्वविद्यालय से संबंधित एक क़ानून के तहत उनके द्वारा प्रयोग और निष्पादित की जाने वाली शक्तियों और कर्तव्यों का अभ्यास से कोई संबंध नहीं है। और राज्य के राज्यपाल के रूप में पद पर रहते हुए उनके द्वारा शक्तियों और कर्तव्यों का पालन। अपने फैसले में, अदालत ने आगे कहा कि 1996 के अधिनियम की योजना और संबंधित कानून के अनुसार, चांसलर की भूमिका नाममात्र से कहीं अधिक मानी जाती है। निर्णय ने फिर से पुष्टि की कि नियुक्ति प्रक्रिया में चांसलर मंत्रिपरिषद से परामर्श करने के लिए बाध्य नहीं है, विश्वविद्यालय से संबंधित मामलों में चांसलर द्वारा प्रयोग किए जाने वाले व्यक्तिगत विवेक पर जोर दिया गया है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

5 दिसंबर को एक अमेरिकी रेटिंग कंपनी के आकलन की करें तो, एस एंड पी ग्लोबल रेटिंग्स का कहना है कि 2030 तक भारत दुनियां की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। एजेंसी का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2026-27 में देश की ग्रोथ रेट 7 प्रतिशत पहुंच जाएगी। ग्लोबल क्रेडिट आउटलुक 2024 में एस एंड पी ने लिखा कि हमें लगता है वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की जीडीपी ग्रोथ रेट 6.4 प्रतिशत रहेगी। जबकि वित्त वर्ष 2025-26 में जीडीपी ग्रोथ रेट 6.9 प्रतिशत पहुंच जाएगी, एजेंसी ने आगे लिखा, भारत 2030 तक दुनियां की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

# पूरी दुनियां में बजेगा भारत का डंका!



किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर भारत तेजी से बढ़ाने वाली अर्थव्यवस्था बन गया है, जिसकी पुष्टि अमेरिकी रेटिंग एजेंसीज सहित विश्व बैंक भी कर चुका है, जबकि वैश्विक मंदी के दौर में भारत की वित्तीय अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हो रही है। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि इस साल के अंत या वर्ष 2024 के शुरुआती महीनों में अमेरिका यूरोप में मंदी आने की संभावनाएं जताई जा रही है। परंतु भारत ही एक ऐसा देश है जहां स्थिरता ही नहीं एक्सपोर्ट भी बढ़ता जा रहा ह जीएसटी कलेक्शन हर माह तेजी से बढ़ रहा है, विकास कार्यों में तेजी आ रही है। चूंकि आज दिनांक 5 दिसंबर 2023 को एक अमेरिकी रेटिंग कंपनी ने आकलन किया है कि वित्त वर्ष 2025-2026 में भारत की जीडीपी का ग्रोथ रेट 6.9 प्रतिशत तक पहुंच जाएगा इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत 2030 तक दुनियां की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

साथियों बात अगर हम दिनांक 5 दिसंबर को एक अमेरिकी रेटिंग कंपनी के आकलन की करें तो, एस एंड पी ग्लोबल रेटिंग्स का कहना है कि 2030 तक भारत दुनियां की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। एजेंसी का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2026-27 में देश की ग्रोथ रेट 7 प्रतिशत पहुंच जाएगी। ग्लोबल क्रेडिट आउटलुक 2024 में एस एंड पी ने लिखा कि हमें लगता है वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की जीडीपी ग्रोथ रेट 6.4 प्रतिशत रहेगी। जबकि वित्त वर्ष 2025-26 में जीडीपी ग्रोथ रेट 6.9प्रतिशत पहुंच जाएगी, एजेंसी ने आगे लिखा, भारत 2030 तक दुनियां की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा और हमारी उम्मीद है कि बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत अगले तीन साल तक सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था होगा। फिलहाल भारत दुनियां की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। भारत से पहले अमेरिका, चीन, जर्मनी और जापान हैं। एजेंसी ने कहा, बड़ा टेस्ट इस बात का होगा कि क्या भारत अगला बड़ा ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब बन सकेगा या नहीं, जो एक बड़ा मौका है। एक मजबूत लॉजिस्टिक्स फ्रेमवर्क, भारत को एक सर्विस बेस्ड इकोनॉमी से मैन्युफैक्चरिंग डोमिनेटेड इकोनॉमी बनाने में अहम फैक्टर रहेगा। जबकि लेबर मार्केट का भारत कितना लाभ उठा पाता है, ये इस पर निर्भर करेगा कि लोगों को कितना कुशल बनाया जाता है और वर्कफोर्स में महिला भागीदारी कितनी बढ़ती है। रेटिंग एजेंसी मूडीज ने मंगलवार को चीन की अर्थव्यवस्था के आउटलुक को स्टेबल से घटाकर नेगेटिव कर दिया है। इसकी वजह लगातार मीडियम टर्म इकोनॉमिक ग्रोथ का कमजोर रहना और प्रॉपर्टी सेक्टर का कमजोर होना रही है। हालांकि एजेंसी ने चीन की ओवरऑल रेटिंग ए 1 पर बरकरार है।भारत इस समय दुनियां में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है. हालांकि अभी देश





की जीडीपी फिलहाल 4 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को नहीं छू पाई है, लेकिन इस नई ऊंचाई तक पहुंचने से बहुत दूर भी नहीं है। दरअसल रविवार को सोशल मीडिया पर एक स्क्रीनशॉट बहुत वायरल हुआ, जिसमें भारत की जीडीपी 4 ट्रिलियन डॉलर हो जाने का दावा किया जा रहा था। एक नई उपलब्धि के तौर पर कई सोशल मीडिया चैनलों ने इसे हाथो-हाथ लिया। हालांकि बाद में पता चला कि ये स्क्रीनशॉट सही नहीं है, परंतु 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा भारत।बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत अगले तीन साल तक सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था होगा।

साथियों बात अगर हम पीएम के 5 इंडियन डॉलर अर्थव्यवस्था के सपने की करें तो हमारे माननीय पीएम ने इंडियन इकोनॉमी को लेकर जो सपना देखा है, उसका जिक्र उन्होंने और उनकी सरकार के मंत्रियों ने कई मौकों पर किया है। इनमें एक है कि आने वाले पांच-छह साल में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी के तौर पर पेश करना,भारत अभी करीब 3.7 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और दुनियां में सबसे तेजी से आगे बढ़ती इकोनॉमी बना हुआ है. वर्ल्ड बैंक से लेकर आईएमएफ जैसे वैश्विक निकायों से लेकर तमाम रेटिंग एजेंसियां भी भारत को लेकर सकारात्मक बनी हुई हैं। इसके साथ पीएम के भारत को तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के सपने को लेकर भरोसा जताया है और कहा है कि भारत 2030 तक ये कमाल कर सकता है। मंगलवार को जारी ग्लोबल क्रेडिट आउटलुक 2024 में रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल ने कहा है कि भारत 2030 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इसके साथ ही इसमें कहा गया कि वित्त वर्ष 2026 -27 में देश की जीडीपी वृद्धि 7 फीसदी तक पहुंचने का अनुमान है। एसएंडपी ने मार्च 2024 (2023-24) तक वित्त वर्ष में 6.4 फीसदी जीडीपी वृद्धि का अनुमान लगाया है, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह 7.2 फीसदी रही थी। रेटिंग एजेंसी के अनुसार, ग्रोथ रेट अगले वित्त वर्ष (2024-25) में 6.9 फीसदी पर पहुंचने से पहले 6.4 फीसदी बनी रहेगी और 2026-27 में ये 7 फीसदी पर पहुंच जाएगी।

साथियों बात अगर हम जीडीपी को समझने करें तो जीडीपी इकोनॉमी की हेल्थ को ट्रैक करने के लिए उपयोग किए जाने वाले सबसे कॉमन इंडिकेटर्स में से एक है।जीडीपी देश के भीतर एक स्पेसिफिक टाइम पीरियड में प्रोड्यूस सभी गुड्स और सर्विस की वैल्यू को रिप्रजेंट करती है। इसमें देश की सीमा के अंदर रहकर जो विदेशी कंपनियां प्रोडक्शन करती हैं, उन्हें भी शामिल किया जाता है। जब इकोनॉमी हेल्दी होती है, तो आमतौर पर बेरोजगारी का लेवल कम होता है। जीडीपी दो तरह की होती है। रियल जीडीपी और नॉमिनल जीडीपी। रियल जीडीपी में गुड्स और सर्विस की वैल्यू का कैलकुलेशन बेस ईयर की वैल्यू या स्टेबल प्राइस पर किया जाता है। फिलहाल जीडीपी को कैलकुलेट करने के लिए बेस ईयर 2011-12 है। यानी 2011-12 में गुड्स और सर्विस के जो रेट थे, उस हिसाब से कैलकुलेशन। वहीं नॉमिनल जीडीपी काकैलकुलेशन करेंट प्राइस पर किया जाता है। जीडीपी को कैलकुलेट करने के लिए एक फॉर्मूले का इस्तेमाल किया जाता है।जीडीपी=सी+जी+आई+एन एक्स, यहां सी का मतलब है प्राइवेट कंजम्पशन, जी का मतलब गवर्नमेंट स्पेंडिंग, आई का मतलब इन्वेस्टमेंट और एनएक्स का मतलब नेट एक्सपोर्ट है। जीडीपी को घटाने या बढ़ाने के लिए चार इम्पॉर्टेंट इंजन होते हैं। पहला है, आप और हम। आप जितना खर्च करते हैं, वो हमारी इकोनॉमी में योगदान देता है। दूसरा है, प्राइवेट सेक्टर की बिजनेस ग्रोथ। ये जीडीपी में 32प्रतिशत योगदान देती है। तीसरा है, सरकारी खर्च।इसका मतलब है गुड्स और सर्विसेस प्रोड्यूस करने में सरकार कितना खर्च कर रही है। इसका जीडीपी में 11 प्रतिशत योगदान है। और चौथा है, नेट डिमांड। इसके लिए भारत के कुल एक्सपोर्ट को कुल इम्पोर्ट से घटाया जाता है, क्योंकि भारत में एक्सपोर्ट के मुकाबले इम्पोर्ट ज्यादा है, इसलिए इसका इम्पैक्ट जीडीपी पर निगेटिव ही पड़ता है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि पूरी दुनियां में बजेगा भारत का डंका ! भारत 2030 तक दुनियां की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

# सदन को हंगामा नहीं चर्चा चाहिए

मानसून सत्र के दौरान देखा जा चुका है जिसमें सदन में 23 विधेयक पास किए गए और इनमें 20 विधेयक ऐसे थे जिन पर एक घन्टे भी चंचा नही हुई ! इसी तरह इसके पूर्व जुलाई में इण्डिया गठबंधन ने बिना सोचे समझें प्रधानमंत्री के खिलाफ अविश्वास की पैरोकारी कर डाली और वह औधे मुंह गिर पड़ें। संसद डायलॉग का रास्ता है। आपको बैठ कर बीच का रास्ता निकालना होगा. तभी संसद चल पाएगी और कामकाज हो सकेगा। संसद के कामकाज का इस तरह हंगामे की भेंट चढ़ जाना लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं माना जाता है। हमारे और आपके द्वारा चुने गए नेताओं के संसद में शोर और हल्ला करने से देश की इकोनॉमी पर काफी असर पड़ रहा है।



प्रेम शर्मा

पिछले कुछ सालों से ऐसा लगने लगा है कि संसद और विधानसभा सत्र की लगातार बाधित होती कार्यवाही प्रक्रिया का मूलभूत हिस्सा बन चुका है। हालांकि सैद्धांतिक तौर से ऐसा नहीं है, लेकिन व्यवहार में हम ऐसा ही देख रहे हैं। राज्यसभा और लोकसभा दोनों ही सदनों और राज्यों की विधानसभाओं में सत्र के दौरान हंगामा और अवरोध का ही बोलबाला रहा। हालांकि संसद में ये जो हंगामा हुआ है. इसके पीछे एक पृष्ठभूमि है। दरअसल सरकार की ओर से एक एडवाइजरी जारी की गई कि सदन में कोई भी धरना-प्रदर्शन, नारेबाज़ी या तख्तियां लेकर हंगामा नहीं होगा। दूसरी वजह है सरकार की ओर से दिशा-निर्देश की एक पुस्तिका जारी करना है। इसमें असंसदीय शब्दों का दायरे में भ्रष्टाचार और तानाशाही जैसे शब्दों को भी शामिल कर लिया गया। विपक्ष ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करता रहा है। कांग्रेस की सरकार में भी ऐसी एडवाइजरी जारी की गई थी लेकिन अनुरोध किया गया था। लेकिन मोदी सरकार ने काफी कड़ा रुख लिया है। विपक्ष की नाराज़गी की एक वजह ये भी है। भले ही विपक्ष कमजोर है. लेकिन वह जनता को दिखाना चाहता है कि वह उनके मुद्दों को उठा रहा है। दूसरी ओर सरकार अपने रुख पर अड़ी दिखती हें ? देखिये ऐसी स्थिति में तो फायदा सरकार को हो रहा है। सरकार जो बिल पारित कराना चाहती है करा रही है. इस पर चर्चा नहीं हो रही है। जबकि बिल संसद की आत्मा है। जब बिल पर ही चर्चा नहीं हो रही है तो फिर क्या रह जाता है। ऐसा ही सख्त लहाजा इस बार उत्तर प्रदेश विधानसभा सत्र के दौरान योगी सरकार द्वारा अपनाया जा चुका है। बहरहाल इसका सीधा उदाहरण पिछली अगस्त के मानसून सत्र के दौरान देखा जा चुका है जिसमें सदन में 23 विधेयक पास किए गए और इनमें 20 विधेयक ऐसे थे जिन पर एक घन्टे भी चंचा नही हुई ! इसी तरह इसके पूर्व जुलाई में इण्डिया गठबंधन ने बिना सोचे समझें प्रधानमंत्री के खिलाफ अविश्वास की पैरोकारी कर डाली और वह औधे मुंह गिर पड़ें। संसद डायलॉग का रास्ता है. आपको बैठ कर बीच का रास्ता निकालना होगा. तभी संसद चल पाएगी और कामकाज हो सकेगाश्श् संसद के कामकाज का इस तरह हंगामे की भेंट चढ़ जाना लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं माना जाता है।हमारे और आपके द्वारा चुने गए नेताओं के संसद में शोर और हल्ला करने से देश की इकोनॉमी पर काफी असर पड़ रहा है। देश में रहने वाले करदाताओं का पैसों का नुकसान हर घंटे केवल संसद में नेताओं के हो-हल्ले के कारण हो रहा है।संसद की प्रत्येक कार्यवाही पर करीब हर मिनट में ढाई लाख (2.5 लाख) रुपये खर्च का अनुमान है।आसान भाषा में समझें तो एक घंटे में डेढ़ करोड़ रुपये (1.5 करोड़) खर्च हो जाता है। इसी तरह विधानसभाओं का खर्च है अगर मान लो किसी



राज्य की विधानसभा का सालाना बजट 100 करोड़ रुपए है, जिसमें से 15 करोड़ रुपए अनुदान, वेतन और खर्चों के रहते हैं। बाकी 85 करोड़ रुपए सदन की कार्रवाई के संचालन पर खर्च होते हैं। यानी सालभर में तकरीबन 45 बैठकें होती हैं। इस हिसाब से एक दिन की बैठक के दौरान पांच घंटे सदन की कार्रवाई चलती है, जिस पर 2 करोड़ रुपए खर्च होते हैं। एक घंटे की कार्रवाई पर 40 लाख रुपए और 1 मिनट की कार्रवाई पर खर्च 66 हजार रुपए के करीब है। इसके अलावा सत्र के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लगाई जाने वाली पुलिस और अन्य सुरक्षा के साथ सदन के आसपास की यातायात व्यवस्था के ध्वस्तीकरण से कोई अनजान नही है। केन्द्र का सदन चलने पर केन्द्रीय मंत्रियों के साथ उनके सहयोगियों एवं विभागों के अफसरों का राजधानी में एकत्रित होने का खामियाजा आम आदमी को उठाना पड़ा है। इसी तरह विधानसभा सत्र के दौरान राजधानियों की यात्रायात व्यवस्था पटरी से उतरनी आम बॉत है। ऐसे में अगर सत्रों को हंगामें की भेंट चढ़ाया जा सता है तो इसकी नैतिक जिम्मेदारी से पक्ष और विपक्ष भाग नही सकता।

संसद का शीतकालीन सत्र चार दिसंबर से शुरू होगा और यह 22 दिसंबर तक चलेगा। 19 दिनों की अवधि में 15 बैठकें होंगी। सरकार की तरफ से विपक्षी दलों के साथ बैठक में कहा जा चुका है कि वह सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है लेकिन विपक्ष को भी यह सुनिश्चित करना होगा कि सदन में चर्चा के लिए पूरा माहौल बने और कहीं कोई व्यवधान न हो.। विपक्षी नेताओं ने पुराने आपराधिक कानूनों के स्थान पर लाए जा रहे तीन विधेयकों के अंग्रेजी में नाम, मंहगाई, जांच एजेंसियों के ''दुरुपयोग'' और मणिपुर पर चर्चा की मांग रखर रखी है। संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने बताया कि 19 विधेयक और दो वित्तीय विषय विचाराधीन हैं। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि विपक्ष ने कुछ मुद्दों पर चिंता व्यक्त कि है जिसमें चीन द्वारा ''हमारी जमीन हड़पना', मणिपुर, महंगाई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) का ''दुरुपयोग'' शामिल है। प्रल्हाद जोशी के अनुसार सरकार दो वित्तीय सहित कुल 21 विधेयकों को पेश करेगी. तीन विधेयक गृह मंत्रालय के हैं. जिनमें से एक विधेयक सेंट्रल यूनिवर्सिटी, संवैधानिक आदेश पर आधारित होगी। इसके अलावा निरसन एवं संशोधन विधेयक (लोकसभा द्वारा पारित रूप में), अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक (राज्यसभा द्वारा पारित रूप में) और प्रेस एवं आवधिक पंजीकरण विधेयक (राज्यसभा द्वारा पारित रूप में) पर सत्र के दौरान चर्चा होगी। संविधान (जम्मू-कश्मीर) अनुसूचित जाति आदेश (संशोधन) विधेयक, संविधान (जम्मू-कश्मीर), अनुसूचित जनजाति आदेश (संशोधन) विधेयक, जम्मू-कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक पर भी चर्चा होगी। डाकघर विधेयक और मुख्य चुनाव आयुक्त तथा अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें और कार्यकाल अवधि) विधेयक भी विचाराधीन है। बॉयलर विधेयक, करों का अनंतिम संग्रह विधेयक, केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (दूसरा संशोधन) विधेयक, जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, केंद्र शासित प्रदेश सरकार (संशोधन) विधेयक, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली कानून (विशेष प्रावधान) द्वितीय (संशोधन) विधेयक और केंद्रीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2023 पर भी चर्चा हो सकती है।सत्र में वित्तीय कार्यों के अलावा, वर्ष 2023-24 के लिए अनुदान की अनुपूरक मांगों के पहले बैच पर प्रस्तुति, चर्चा और मतदान होगा और संबंधित विनियोग विधेयक को पेश किया जाएगा, विचार किया जाएगा और पारित किया जाएगा. वर्ष 2020-21 के लिए अतिरिक्त अनुदान मांगों पर प्रस्तुति, चर्चा और मतदान और संबंधित विनियोग विधेयक को पेश करने, विचार करने और पारित करने पर भी चर्चा की जाएगी।

# बात भाजपा की जीत की नहीं जीत के विशाल अंतर की है

राजनैतिक शास्त्री अथवा अनुभवी राजनैतिक पंडित ने दूर-दूर तक यह क्या नहीं लगाया था कि मध्यप्रदेश में कांग्रेस को जितनी सीटें मिलेंगी उस आंकड़े से कही ज्यादा अंतर से तो भाजपा जीत का परचम फहराएगी। मध्यप्रदेश की कुल 230 सीटों में से 100 सीटों के लगभग अंतर से जीत प्राप्त करना और वो भी पाँचवी बार वास्तव में ही किसी चमत्कार से कम नहीं है। छत्तीसगढ़, राजस्थान सहित मध्यप्रदेश की जीत के फैक्टर न राजनैतिक पंडित समझ पाये, न चैनल वाले और न ही सोशल नेटवर्किंग साइटों पर सक्रीय रहने वाले फिलोस्पर। कुछ चैनल तो चुनावों के परिणाम आने के बाद ईमानदारी से यह स्वीकार करते दिखाई दिये कि हम जनता के मन को पढ़ने में नाकाम रहे जबकि अधिकतर चैनल सब भूलाकर भाजपा के रंग में रंगते दिखाई दे रहे हैं।



डॉ उमेश प्रताप वत्स

देश के चार राज्यों में विधानसभा चुनावों के नतीजों के लिए मतगणना पूरी हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में भाजपा ने अप्रत्याशित विजय प्राप्त की है। अधिकतर एग्जिटपोल के अनुमानों को धता बताते हुए भाजपा के पक्ष में जो परिणाम आयें हैं, वे 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए एक विश्वसनीय वातावरण निर्मित करेंगे।

निःसंदेह दक्षिण भारत के प्रवेशद्वार चौथे राज्य तेलंगाना में बीआरएस को हराकर कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। जबकि भाजपा यहां भी अपना वोट प्रतिशत व विजयी सीट बढ़ाने में सफल रही। मध्य प्रदेश, राजस्थान और और छत्तीसगढ़ में पार्टी की बंपर जीत से उत्साहित कार्यकर्ता यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्यालय में जश्न मना रहे हैं। मनाये भी क्यों ना, पिछले तीन दिनों से हर टीवी चैनल पर राजनीति के विद्वान पंडित मध्यप्रदेश में कांटे की टक्कर, राजस्थान में गहलोत की वापसी और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की एक तरफा जीत के आँकड़े प्रस्तुत कर रहे थे। किंतु मोदी का विश्व विख्यात चेहरा वोटर के मन-मस्तिष्क में अपनी ऐसी छाप छोड़ने में सफल रहा है कि स्वयं भाजपा नेताओं को भी यह अनुमान नहीं रहा होगा कि इन तीनों राज्यों की जनता का वोट के रूप में आशीर्वाद इतनी प्रचूर मात्रा में मिलेगा। यह करिश्मा निसंदेह मोदी मैजिक के कारण रहा। इन तीनों राज्यों की अप्रत्याशित विजय से भी बढ़कर आश्चर्य में डालने वाली बात यदि कोई है तो वह है मध्य प्रदेश की जीत का विशाल अंतर।

देश के किसी भी राजनैतिक शास्त्री अथवा अनुभवी राजनैतिक पंडित ने दूर-दूर तक यह क्या नहीं लगाया था कि मध्यप्रदेश में कांग्रेस को जितनी सीटें मिलेंगी उस आंकड़े से कही ज्यादा अंतर से तो भाजपा जीत का परचम फहराएगी। मध्यप्रदेश की कुल 230 सीटों में से 100 सीटों के लगभग अंतर से जीत प्राप्त करना और वो भी पाँचवी बार वास्तव में ही किसी चमत्कार से कम नहीं है। छत्तीसगढ़, राजस्थान सहित मध्यप्रदेश की जीत के फैक्टर न राजनैतिक पंडित समझ पाये, न चैनल वाले और न ही सोशल नेटवर्किंग साइटों पर सक्रीय रहने वाले फिलोस्पर। कुछ चैनल तो चुनावों के परिणाम आने के बाद ईमानदारी से यह स्वीकार करते दिखाई दिये कि हम जनता के मन को पढ़ने में नाकाम रहे जबकि अधिकतर चैनल सब भूलाकर भाजपा के रंग में रंगते दिखाई दे रहे हैं।

इन राज्यों में जीत का परचम फैलाने वाले



प्रभावी फैक्टर थे-

पहला फैक्टर था 'धर्मो रक्षति रक्षितः'

एक लोकप्रिय संस्कृत वाक्यांश है जिसका उल्लेख महाभारत और मनुस्मृति श्लोक 8.15 में किया गया है। इसका मोटे तौर पर अनुवाद इस प्रकार किया जा सकता है धर्म उन लोगों की रक्षा करता है जो इसकी रक्षा करते हैं। विश्व के सबसे पुराने सनातन धर्म के संरक्षण के लिए सत्यनिष्ठा से कार्य करना ना कि दिखावे के लिए। उज्जैन के महाकाल के कोरीडोर , वाराणसी में बाबा विश्वनाथ परिसर में कोरीडोर अन्य धार्मिक महत्व के स्थानों के विकास के साथ ही अयोध्या में भगवान राम का विश्व स्तरीय राममंदिर निर्माण तथा वहां के शांतिमय वातावरण ने एक पहचान बनाई है।

दूसरा फैक्टर था राष्ट्र सर्वप्रथम ।

ना मैं हिन्दू ना मैं मुस्लिम  
ना मैं सिक्ख ईसाई हूं।  
राष्ट्रधर्म है मेरा पहले  
उसका मैं अनुयाई हूं।।

इन पंक्तियों पर अमल करते हुए देश के प्रधानसेवक नरेन्द्र मोदी ने देश को सुदृढ़ करने के लिए जो महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं उन्हें कोई चाहकर भी नकार नहीं सकता।

तीसरा फैक्टर देश हित में कठोर निर्णय साबित हुआ। नोटबंदी के बाद जीएसटी, फिर कोरोना में सख्ती के साथ सेवा के कार्यों को स्थापित करना। पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए सर्जीकल स्ट्राइक तथा विश्व स्तर पर भारत की महत्वपूर्ण छवि स्थापित करना। चौथा फैक्टर सत्यनिष्ठा से जनसेवा में सतत् लगे रहना। प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में जिस तरह से कई बार के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लोगों के दिलों में विशेषरूप से महिला बहनों के मन में जो विश्वास की दस्तक दी है वह पांचवी बार भी हल्की नहीं हुई। लाड़ली बहनों केआशीर्वाद ने इस बार फिर अपने भैया शिवराज व युवा बेटियों ने मामा चौहान को एक बार फिर विजय का उपहार देकर सम्मानित किया।

पाँचवाँ फैक्टर विकास कार्य में बिना भेदभाव के सभी धर्म-जाति के लोगों के हित को देखते हुए समान भाव से विकास कार्य करना। सबका साथ सबका विकास का जो ध्येय लेकर चले उस पर भी जनता ने अपनी मुहर लगाई । दूसरी ओर विपक्ष यह तय ही नहीं कर पाया कि क्या सही है क्या गलत । क्या बोलना है क्या नहीं। प्रियंका गाँधी ने चंबल विधानसभा क्षेत्र में प्रचार करते हुए भाजपा नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया के लिए कहा छोटे कद के बड़े अहंकारी नेता जबकि गाँधी परिवार के अहंकार को देश जानता है।

विकास कार्य के स्थान पर तुष्टीकरण में लगे रहना, जातिभेद, क्षेत्र भेद के हथियारों से सदैव चुनाव नहीं जीते जाते। अतः विपक्ष को सोचना होगा कि कैसे जनता का विश्वास जीतने के लिए सत्यनिष्ठा के साथ योजनाएं बनाई जाए। कैसे जनता में विश्वास बहाल किया जाए।

हार-जीत कोई बहुत ज्यादा मायने नहीं रखती , मायने रखता है आपका प्रदर्शन। और इस बार कांग्रेस का प्रदर्शन बहुत ही चिंतनीय रहा है । देश विरोध , धर्म विरोध और छल-कपट लंबे समय तक नहीं चलता। तीनों राज्यों का प्रदर्शन और विशेषरूप से मध्य प्रदेश में कांग्रेस का प्रदर्शन कांग्रेस मुक्त भारत की ओर जाता दिखाई दे रहा है। जीत तो एक सीट से भी हो जाती है किंतु 230 सीटों में 100 के लगभग अंतर से जीतना कोई छोटी बात नहीं अपितु देश के तथाकथित बुद्धिजीवियों के साथ ही विपक्ष को भी समझना होगा।

# होमगार्ड जवान निभा रहे महत्वपूर्ण भूमिका : धर्मवीर

## होमगार्ड जवानों को आपदा कार्यों में राहत एवं बचाव कार्य के लिए की जायेगी ट्रेनिंग की व्यवस्था : डीजी

अवधनामा संवाददाता





**लखनऊ।** होमगार्ड्स संगठन स्थापना के 62 में स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर आज होमगार्ड्स मुख्यालय पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। उत्तर प्रदेश के कारागार एवं होमगार्ड्स राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने रैतिक परेड का मान- प्रणाम स्वीकार किया। इस अवसर पर धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि 2017 से प्रदेश सरकार में योगी जी के नेतृत्व में होमगार्ड जवानों के लिए बेहतरी के लिए बहुत से कार्य किए गए हैं। होमगार्ड जवानों का दैनिक भत्ता पहले 375 रुपए हुआ करता था जिसे दो बार में बढ़ाते हुए रूपये 600 कर दिया गया है साथ ही डी ए भी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि होमगार्ड जवानों के ड्यूटी एवं भत्ते को लेकर पहले अनियमितता की लगातार शिकायतें मिलती थी लेकिन अब पारदर्शी व्यवस्था अपनाते हुए ड्यूटी एवं भत्ता से लेकर अन्य सभी रिकॉर्ड ऑनलाइन कर दिया गया है। जिससे की जवानों को स्वयं ड्यूटी की जानकारी स्वतः प्राप्त हो जाती है एवं उनके भत्ते सीधे खाते में भेजे जा रहे हैं। आज सॉफ्टवेयर से उनकी ड्यूटी लगायी जा रही है। किसी भी अनियमितता की गुंजाइश ही नहीं रहती।

श्री प्रजापति ने कहा कि हमें गर्व है कि निर्वाचन के दौरान अन्य प्रदेशों से

■ होमगार्ड जवानों का दैनिक भत्ता 600 रुपये प्रतिदिन के साथ डीए भी दिया जा रहा

होमगार्ड जवानों की मांग आती है। उन्होंने कहा कि हमारा होमगार्ड जवान कर्तव्य परायणता एवं निष्ठा से ड्यूटी करता है उसकी तारीफ अन्य प्रदेशों से भी प्राप्त होती है। आज का यह रैतिक परेड कार्यक्रम ऐसा प्रतीत हो रहा था की जैसे 26 जनवरी की ही कोई झांकी हो। उन्होंने कहा कि होमगार्ड विभाग को बेहतर से बेहतर करने के लिए हमारे विभाग के वरिष्ठ अधिकारी लगातार प्रयत्न एवं मेहनत कर रहे हैं।आज हमारा होमगार्ड जवान प्रशासनिक ड्यूटी के साथ-साथ सामाजिक कार्यों को भी बखूबी निभा रहा है। उनका सामाजिक दायित्वों का निर्वहन प्रशंसनीय है। वृक्षारोपण से लेकर गंगा सफाई एवं नदियों- नालों की सफाई के साथ-साथ हमारा होमगार्ड जवान विभिन्न अपदाओ के समय से उपस्थित रहकर सभी दायित्वों का निर्वहन पूरी लगन एवं तत्परता से कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमने अपने होमगार्ड जवानों को निर्देश दिए हैं कि मंदिरों एवं सड़कों पर अगर कोई भी विकलांग, बुजुर्ग, पुरुष/महिला दिखे तो उसकी मदद करें। श्री प्रजापति ने कहा कि आज हमारे होमगार्ड जवानों का न केवल ड्यूटी भत्ता बढ़ा है बल्कि उन्हें मुख्यमंत्री की तरफ से रूपये 5 लाख की सहायता राशि उनके असामयिक निधन पर प्रदान की जाती है।

# छठे टॉफ्ट वाइल्डलाइफ टूरिज्म अवार्ड्स में उत्तर प्रदेश को मिले तीन पुरस्कार

अवधनामा संवाददाता



■ पारिस्थितिकीय तंत्र को बढ़ावा तथा वन्यजीव एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए उत्तर प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध : जयवीर सिंह

**लखनऊ।** वन्यजीव पर्यटन पुरस्कार टॉफ्ट सैंक्चुअरी नेचर फाउण्डेशन तथा पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्ववधान में नई दिल्ली के बीकानेर हाउस में आयोजित छठा टॉफ्ट वन्यजीव पर्यटन पुरस्कारों में पर्यावरण एवं वन्यजीव में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए उत्तर प्रदेश को तीन पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। ये पुरस्कार उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पर्यावरण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए दिया गया है।

यह जानकारी आज यहां उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश समृद्ध जैव-विविधता और प्राकृतिक सुन्दरता के लिए प्रसिद्ध है, जिसके कारण पर्यावरण एवं वन्यजीव पर्यटन के लिए एक आदर्श गन्तव्य स्थल के रूप में विख्यात है। राज्य में कई संरक्षित क्षेत्र, राष्ट्रीय उद्यान और वन्यजीव अभ्यारण्य हैं, जो पर्यटकों को वन्यजीवों को नजदीक से देखने और प्राकृतिक सुन्दरता का अनुभव कराने का अवसर प्रदान करते हैं।

श्री जयवीर सिंह ने बताया कि इन पुरस्कारों के लिए उत्तर प्रदेश को नामित करने से राज्य में पर्यावरण पर्यटन तथा ईको-टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। पर्यावरण संरक्षण एवं प्राकृतिक पर्यावासों को खूबसूरत बनाये रखने के लिए राज्य सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। इसके साथ ही जल, जमीन और जंगल को बचाये रखने के लिए काम किया जा रहा है, जो समन्वित रूप से उत्तर प्रदेश को पर्यावरण पर्यटन के लिए उपयुक्त बनाते हैं। इसके साथ ही इन स्थलों को देखने के लिए बेहतर कनेक्टीविटी तथा उच्चस्तर की कानून व्यवस्था भी है।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि इस कार्यक्रम में भारत सरकार के क्षमता निर्माण आयोग के सदस्य प्रशासन श्री प्रवीण परदेशी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। पीलीभीत टाइगर रिजर्व को ट्रांसफार्मेटिव ससटेनेबल टूरिज़्म पोटेनशियल के लिए 'कैलाश सांखला पुरस्कार' भी मिला है। यह नया पुरस्कार बाघों के आवासों के संरक्षण और स्थानीय समुदाय के समर्थन से एकीकृत वन्यजीव पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए दिया गया। इस वर्ष पुरस्कारों के आयोजन में उत्तर प्रदेश पर्यटन एक भागीदार राज्य के रूप में शामिल था।

# द्वार पर थी बरात, दुल्हन का वरमाला से इनकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जनपद में बरात की चढ़त के बाद दूल्हा फेरे लेने के लिए पहुंचा तो दुल्हन ने शादी से इनकार कर दिया। शादी के मंडप में ही वरमाला फेंकी और आभूषण उतारकर दुल्हन अपने प्रेमी के घर पहुंच गई। उसने प्रेमी के साथ कोर्ट मैरिज करने का दावा किया। बाद में यह प्रेमी युगल गांव से चला गया। उधर, दूल्हे ने अपनी चचेरी साली के संग फेरे लिए। इसके बाद ही बरात विदा हो सकी।

दरअसल, सोमवार शाम नूरपुर के एक गांव में नहटौर थाना क्षेत्र से बरात आई। दूल्हा पक्ष ने पूरी धूमधाम के साथ बरात की चढ़त की। इसके बाद बरात दुल्हन के द्वार पर पहुंची। फेरे की तैयारियां चल ही रही थी कि दुल्हन ने शादी से इनकार कर दिया। वधु पक्ष ने उसे काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं मानी। दुल्हन ने पड़ोसी युवक से प्रेम संबंध होने का दावा किया।

# देश के निर्माण में डा. आंबेडकर का रहा बड़ा योगदान



अवधनामा संवाददाता

■ संस्कृत संस्थान परिसर में बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के महा परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर व्याख्यान गोष्ठी का आयोजन

**लखनऊ।** संस्कृत संस्थान एवं उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान द्वारा आज संस्कृत संस्थान परिसर में बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के महा परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर ''पुष्पांजलि एवं डॉ0 भीमराव अम्बेडकर का राष्ट्र निर्माण में योगदान'' विषय पर व्याख्यान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन करते हुए सरस्वती प्रतिमा को मार्ल्यापण कर किया।

संस्थान के निदेशक श्री विनय श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में आये विद्वानों एवं श्रोताओं के साथ अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्र के निर्माण में भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर का बहुत बड़ा योगदान है। जब यह देश और संविधान रहेगा, तब तक बाबा साहेब का नाम स्वर्णिम अक्षरों में अंकित रहेगा। आज देश में सरकार, संगठन और संस्थाओं का गठन भी संविधान के नियमों के तहत ही होता है। शासन और प्रशासन भी संविधान के अनुरूप चलता है और संविधान से बाहर कोई नहीं जा सकता।

उक्त व्याख्यान गोष्ठी में वक्ता के रूप में आमंत्रित डॉ0 रश्मि शील, लेखिका, लखनऊ ने अपने वक्तव्य में कहा कि डॉ0 अम्बेडकर जी ने नये भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने बुद्ध के प्रज्ञा, करूणा व समता के सिद्धान्त का प्रचार-प्रसार किया। श्री एम0के0 निम्बेकर, प्रेसिडेन्ट, बुद्धिष्ट सोसायटी ऑफ इण्डिया ने अपने वक्तव्य में कहा कि डॉ0 साहब ने आर्थिक उत्थान के साथ श्रमिक वर्ग व महिलाओं की स्थिति को सुधारने के लिए बड़ा कार्य किया।

### सहकारिता मंत्री ने डॉ. आम्बेडकर को अर्पित की श्रद्धांजलि



**लखनऊ।** बाबा साहब डा भीमराव आम्बेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने आज उप्र भण्डारण निगम प्रांगण में आम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सहकारिता राज्य मंत्री ने आधुनिक भारत के निर्माण में बाबा साहब के योगदान को याद करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित निगम के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को डा0 बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर जी के आदर्शों पर चलने का संकल्प दिलाया।

श्री राठौर ने कहा कि बाबा साहब द्वारा लिखे गये संविधान ने हमारे लोकतंत्र को मजबूत किया है तथा सभी को बराबरी का हक दिलाया है।

# अच्छा संसार देने की शुरूआत घर-परिवार से करनी चाहिए : डॉ. गांधी

अवधनामा संवाददाता



■ सीएमएस गोमती नगर का 'वार्षिक समारोह' सम्पन्न

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस का वार्षिक समारोह आज सी.एम.एस. गोमती नगर द्वितीय कैम्पस के ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। इस भव्य समारोह में छात्रों की बहुमुखी एवं बाल सुलभ प्रतिभा देखने को मिली। कार्यक्रम में भारी संख्या में उपस्थित अभिभावकों ने अपने नन्हें-मुन्हों की खूब हौसलाअफ्जाई की और बच्चों ने भी बड़े उत्साह से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने दीप प्रज्जवलित कर समारोह का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में डा. गाँधी ने कहा कि हमें बच्चों को अच्छा संसार देने की शुरूआत घर-परिवार से करनी चाहिए, क्योंकि प्रेममय व ईश्वरमय वातावरण में बच्चों का संतुलित विकास बहुत तेजी से होता है। उन्होंने शिक्षकों व अभिभावकों का आह्वान किया कि वे स्कूल व घर पर बच्चों को नैतिकता एवं आध्यात्मिकता का वातावरण उपलब्ध कराकर आदर्श विश्व समाज की स्थापना का मार्ग प्रशस्त करें।

समारोह का शुभारम्भ बच्चों द्वारा प्रस्तुत सर्व-धर्म प्रार्थना से हुआ जिसने सभी के हृदयों को प्रभु प्रेम से भर दिया। विश्व शान्ति प्रार्थना में बच्चों ने विभिन्न देशों के राष्ट्रीय ध्वज हाथों में लेकर 'सारे विश्व में शान्ति हो' का जयघोष बड़े ही प्रभावशाली ढंग से किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने लघु नाटिका, क्रिसमस कैरोल, ड्रिल, कव्वाली, लोकनृत्य आदि विभिन्न शिक्षात्मक साँस्कृतिक कार्यक्रमों की इन्द्रधनुषी छटा बिखेरकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्पिरिचुअल एजुकेशन पर आधारित 'वर्ल्ड पार्लियामेन्ट' की शानदार प्रस्तुति को भी सभी ने खूब सराहा।

# बाबा साहब ने दबे, कुचले लोगों हक के लिए किया संघर्ष

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** भारत -रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की पर परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर निर्बल विकास जन कल्याण सेवा संस्थान उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में किला चौराहे लखनऊ के निकट बाबा साहब की प्रतिमा पर संस्थान के महासचिव रमेश सिंह रवि माल्यार्पण कर उनके जीवन संघर्ष विषय पर विचार गोष्ठी की गई कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के महासचिव रमेश सिंह रवि ने किया एवं संचालन राजकुमार सोनकर ने किया।

इस अवसर पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माला अर्पण करते हुए महासचिव रमेश सिंह रवि ने बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस के मौके पर कहां कि बाबा साहब ने अपने जीवन में देश के दबे- कुचले लोगों के हक व सम्मान के लिए संघर्ष किया। उन्होंने केवल दलितों के लिए ही नहीं बल्कि पिछड़े, गरीबों, मजदूरों, किसानो, युवाओं, महिलाओं आदि सभी को सम्मान दिलाया। बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के मन मस्तिष्क और समूचे जीवन दर्शन में भारतीय-भारतीयता व मानवता कूट-कूटकर भरी हुई दिखाई देती थी और बाबा साहेब द्वारा बनाये गये संविधान के कारण ही देश में किसानों, नौजवानों, दलितों,पिछडो एवं महिलाओं को अपना अधिकार प्राप्त हुआ है और बाबा साहेब डॉक्टर अंबेडकर के सम्मान व राष्ट्रहित में किये गये योगदान को देशवासी सदैव याद रखेंगे जब तक देश में भुखमरी, बेरोजगारी और गरीबों का शोषण जारी रहेगा। तब तक बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के पुण्यतिथि हम सब को शपथ लेकर बाबा साहब के अधूरे सपने को पूरा करने के लिए आपसी मतभेद भुलाकर करके बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की विचारों से प्रेरणा लेनी चाहिए तभी बाबा साहब का सपना पूरा होगा।

# 'अपराधी मुक्त' प्रदेश महिलाओं के खिलाफ अपराध में अव्वल : माले

**लखनऊ।** भाकपा (माले) ने कहा है कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों ने योगी सरकार की कानून-व्यवस्था की पोल खोल दी है। एनसीआरबी के वर्ष 2022 के आंकड़ों के अनुसार महिलाओं के खिलाफ उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक अपराध हुए।

पार्टी के राज्य सचिव सुधाकर यादव ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि योगी सरकार के दावों के अनुसार अपराधी या तो जेलों में हैं या प्रदेश छोड़ चुके हैं। यदि इस दावे में जरा भी सच्चाई है, तो फिर 'अपराधी मुक्त' प्रदेश महिलाओं के खिलाफ अपराध में अव्वल कैसे है? जाहिर है, सरकार अपनी विफलताओं को छुपाने के लिए ऐसे दावे करती है, जो जमीनी सच्चाई से मेल नहीं खाते। माले नेता ने कहा कि बीएचयू आईआईटी में छात्रा के साथ गैंगरेप करने वाले गिरफ्तार नहीं हुए हैं। पीड़ित छात्रा को न्याय नहीं मिला है।

# टीएमयू के वीसी प्रो. रघुवीर को हायर एजुकेशन लीडर अवार्ड

अवधनामा संवाददाता



■ कुलाधिपति बोले, प्रो. सिंह की लीडरशिप में टीएमयू नित नई बुलंदियों को छुएगी

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के वीसी प्रो. रघुवीर सिंह हायर एजुकेशन लीडर ऑफ द ईयर-2023 के अवार्ड से नवाजे गए हैं। प्रो. सिंह को यह अवार्ड एजुकेशन सेक्टर में उनके एक्सट्राओरडिनरी कंट्रीब्यूशन-विशेष योगदान के लिए मिला है। ब्रेनवंडर्स की ओर से जयपुर के होटल क्लार्क्स में आयोजित 9वीं एडुलीडर्स समिट में यह अवार्ड ब्रेनवंडर्स के फाउंडर एवम् सीईओ श्री मनीष नायडू और माइंड सेज इंटरनेशनल की फाउंडर एलिजाबेथ टेलर ने संयुक्त रूप से प्रो. सिंह को ट्राफी और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

समिट में देश की 100 से अधिक यूनिवर्सिटीज के नामचीन शिक्षाविदों ने शिरकत की। उल्लेखनीय है, ओबीई के एक्सपर्ट प्रो. सिंह अपनी अब तक की शैक्षणिक विकास यात्रा में 50 से अधिक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित हो चुके हैं। कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, जीवीसी श्री मनीष जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन ने वीसी प्रो. रघुवीर सिंह को हायर एजुकेशन सेक्टर का ऊर्जावान व्यक्तित्व का धनी बताते हुए कहा, प्रो. सिंह की लीडरशिप में तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी नित नई बुलंदियों को छुएगी।

समिट में वीसी प्रो. सिंह रोल ऑफ एआई इन हायर एजुकेशन पर व्याख्यान देते हुए बोले, एआई टेक्नोलॉजी का चमत्कार है, लेकिन यह एक दोधारी तलवार की मानिंद है। टेक्नोलॉजी ने हमारी लिविंग, वर्किंग, एजुकेशन, इंफॉर्मेशन सरीखी रिसीविंग और लर्निंग के तौर-तरीकों को बदल दिया है। इसीलिए एआई का प्रयोग करते समय सावधानी बरतने की दरकार है। प्रश्न यह है, आप इसे प्रयोग क्यों करना चाहते हैं? यदि हम इसके गुलाम हो गए तो शिक्षा के क्षेत्र में इसका परिणाम विनाशकारी हो सकता है। आपको इसे बचाना होगा। हम एआई और चैट जीपीटी जैसी तकनीक की वजह से परिवर्तन के दौर में हैं। यदि इस पर अति निर्भर होते हैं तो एआई वास्तव में खतरा है। इस कटु सच्चाई को भी नहीं नकारा जा सकता यदि आप एआई पर मुकम्मल तौर पर फोकस कर लेते हो तो आप एजुकेशन को मिस कर देते हो, लेकिन सामान्य और बार-बार होने वाले मेमोरी बेस्ड टास्क और एक्टीविटीज के लिए एआई उचित विकल्प हो सकती है। एआई एंड चैट जीपीटीज मानव को ट्रिक कर सकती हैं। एआई की मिस इंफॉर्मेशन से प्रोफेशनल एडिटर्स शॉक्ड हैं। पर्सनलाइज, कस्टमाइज एंड क्यूरेटिड ही लर्निंग है, क्योंकि युवा क्या सीखना चाहते हैं और क्या रेलेवेंट है, यही एडल्ट लर्निंग है। फॉर्मल एजुकेशन का लिमिटिड यूज नहीं है। एआई एक कुंजी की तरह है। यह सब पब्लिक डोमेन में है। एआई एजुकेशन के लिए सपोर्टिड होनी चाहिए। प्रो. सिंह ने बताया, स्टुडेंट्स दो तरह से सीखते हैं।

# सीएमएस में 'इसरो स्पेस प्रदर्शनी' का उद्घाटन आज

अवधनामा संवाददाता

■ उप-मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक होंगे मुख्य अतिथि

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस की मेजबानी में आयोजित तीन दिवसीय इसरो स्पेस प्रदर्शनी 'विक्रम साराभाई स्पेस साइन्स प्रदर्शनी' का उद्घाटन कल 7 दिसम्बर, वृहस्पतिवार को प्रातः 10.00 बजे उप-मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में करेंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्रों, शिक्षकों व अभिभावकों के साथ ही वरिष्ठ वैज्ञानिक व गणमान्य अतिथि उपस्थिति रहेंगे। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि इस प्रदर्शनी में स्पेस साइन्स एवं टेक्नोलॉजी के विविध आयामों के प्रदर्शन के साथ ही रॉकेट लांचिंग का प्रदर्शन किया जायेगा। चन्द्रयान-2 की एतिहासिक उपलब्धि एवं इसकी सम्पूर्ण कार्यप्रणाली का प्रदर्शन इस प्रदर्शनी का प्रमुख आकर्षण होगा। प्रदर्शनी का आयोजन स्पेस एप्लीकेशन सेन्टर, इसरो, अहमदाबाद के सहयोग से किया जा रहा है। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. की मेजबानी में आयोजित यह अनूठी प्रदर्शनी सभी के लिए पूर्णतया निःशुल्क है एवं लखनऊ के सभी स्कूलों के बच्चे, युवक, माता-पिता, अभिभावक, शिक्षक व अन्य प्रबुद्ध जनमानस 'प्रथम आगत प्रथम स्वागत' के आधार पर प्रदर्शनी देखने के लिए आमंत्रित हैं। यह प्रदर्शनी 7, 8 व 9 दिसम्बर को तीन दिनों के लिए प्रातः 9.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक खुली रहेगी। इस प्रदर्शनी के अन्तर्गत रिमोट सेन्सिंग एवं कम्यूनिकेशन सेटेलाइट, नेविगेशन, चन्द्रयान, मार्स आर्बिटर मिशन, सेटेलाइट इमेजेज एण्ड एप्लीकेशन्स, माडल्स ऑफ कैमरा ऑफ मार्श मिशन, माडल ऑफ लांच व्हिकल एवं विभिन्न प्रकार के सेटेलाइट्स माडल्स का प्रदर्शन किया जायेगा।

# 'आरक्षण पर कुठाराघात बिल्कुल बर्दाश्त नहीं'

अवधनामा संवाददाता



■ आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति उप्र के प्रमुख संयोजक ने सभी दिलाई शपथ

**लखनऊ।** आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश संयोजक मंडल की तरफ से आज बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर सैकडो की संख्या में आरक्षण समर्थकों ने सुबह 8 बजे सामाजिक परिवर्तन स्थल गोमती नगर पहुंच कर बाबा साहब को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। संघर्ष समिति के आवहन पर पूरे उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में लगभग आठ लाख आरक्षण समर्थक कार्मिकों ने बाबा साहब को याद कर उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के प्रमुख संयोजक अवधेश कुमार वर्मा ने सभी आरक्षण समर्थक संयोजक मंडल को यह संकल्प दिलाया कि वह बाबा साहब की संवैधानिक व्यवस्था को लगातार आगे बढते रहेंगे और गांव गांव तक पहुंचाएंगे आरक्षण रूपी संवैधानिक व्यवस्था पर कुठाराघात बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेंगे आज के दिन बाबा साहब को हम सब की सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि उनके बताए हुए रास्ते पर चलकर समाज में निचले पायदान में जो बहुजन समाज के लोग संघर्ष कर रहे हैं उन्हें अगली पंक्ति में लाने का प्रयास करें।

आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के संयोजकों अवधेश कुमार वर्मा डॉक्टर राम शब्द जैसवारा के बी राम आरपी केन पीएम प्रभाकर महेंद्र सिंह राजेश कुमार हवलदार बिंदा प्रसाद सुशील कुमार वर्मा श्यामलाल प्रेमचंद लेख राम जितेंद्र कुमार प्रभु शंकर अंजली गौतम श्रीनिवास बनी सिंह घनश्याम अरुण कुमार जयप्रकाश ने बाबा साहब को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा हम सबकी बाबा साहब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम सभी को एकजुट होकर उनके मिशन को आगे बढाना है बाबा साहब ने बहुजन समाज के लिए जो संवैधानिक अधिकार संविधान में दिया है आज उसी की बदौलत इंजीनियर डॉक्टर आईएएस ज्यूडिशरी व अन्य सर्विस में लोग दिखाई दे रहे हैं हम सभी का नैतिक दायित्व है कि बाबा साहब पे बैक तो सोसाइटी के तहत समाज के गरीब और निचले लोगों की ज्यादा से ज्यादा मदद करें जिससे समाज के निचले पायदान वाले व्यक्ति को भी बाबा साहब की संवैधानिक व्यवस्था के तहत मुख्य धारा में आने का मौका मिल सके।

# सहायक चकबन्दी अधिकारी मेरठ को निलम्बित कर दर्ज करायी गयी एफआईआर

अवधनामा संवाददाता

■ चकबन्दी अधिकारी मुजफ्फरनगर बर्खास्त एवं चकबन्दी अधिकारी बलिया का एक वेतनवृद्धि स्थायी रूप से रोकने के दिये गये निर्देश

**लखनऊ।** जी0एस0 नवीन कुमार, चकबन्दी आयुक्त, उत्तर-प्रदेश लखनऊ, द्वारा चकबन्दी प्रक्रिया के आधुनिकीकरण, वादों के निस्तारण तथा चकबन्दी प्रकिया के शीघ्रता व पारदर्शितापूर्वक पूर्ण कराने की समीक्षा की गयी। श्री नवीन कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 अब तक कुल 1,34,425 वादो का निस्तारण किया जा चुका है।

इसके वित्तीय वर्ष 2023-24 में अब तक कुल 231 ग्रामों की चकबन्दी प्रक्रिया पूर्ण कराकर जोत चकबन्दी अधिनियम की धारा-52 (1) के अन्तर्गत प्रख्यापन कराया गया है। ग्रामों को जोत चकबन्दी अधिनियम की धारा-6 (1) के अन्तर्गत चकबन्दी प्रक्रियाओ से पृथक कर दिया गया है। जिन ग्रामों की चकबन्दी प्रक्रिया पूर्ण करा कर धारा-52(1) का प्रख्यापन कराया जा चुका है, उन ग्रामों में राजस्व तथा चकबन्दी प्राधिकारियों द्वारा भ्रमण कर चकबन्दी से सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त चकबन्दी कार्यों का निर्वहन न किये जाने पर चकबन्दी अधिकारी अनुज सक्सेना, मुजफ्फरनगर को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया व बलिया में कार्यरत चकबन्दी अधिकारी शिव शंकर प्रसाद सिंह की एक वेतन वृद्धि स्थायी रूप से रोकने का दण्ड प्रदत्त किया गया व मेरठ के सहायक चकबन्दी अधिकारी मनोज कुमार नीरज को निलम्बित कर एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया गया। अमरोहा में कार्यरत सहायक चकबन्दी अधिकारी, श्री नितिन चौहान के खिलाफ अनुशासनिक कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

# खुद को काबिल बनाओं परिश्रम करों और देश का नाम ऊंचा करों: पंकज

अवधनामा ब्यूरो



■ अंजुमन हिदायतुल इस्लाम हाई स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता के समापन पर बोले प्रशासनिक अधिकारी

**इटावा।** अंजुमन हिदायतुल इस्लाम हाई स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता के समापन अवसर पर प्रमाण पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया।

इस इस अवसर पर देवेन्द्र कुमार सक्सेना, प्रशासनिक अधिकारी, कलेक्ट्रेट मुख्य अतिथि के रूप में पधारे। मुख्य अतिथि का स्वागत प्रधानाचार्य शाहनवाज अतहर द्वारा फूलों का हार पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। क्रीड़ा प्रभारी इस्मत अंजुम द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता में सम्मिलित छात्र व छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए प्रमाण पत्रों का वितरण मुख्य अतिथि व प्रधानाचार्य द्वारा करवाया गया। मुख्य अतिथि ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलों का भी बहुत योगदान रहता है इससे मानसिक तनाव दूर होता है और खेल-खेल में शारीरिक व्यायाम भी हो जाता है, खेलों की दुनिया में आज सचिन तेंडुलकर, पी0 टी0 उषा, साइना नेहवाल, सानिया मिर्जा आदि लोगों का भारत ही नहीं विश्व में हर कोई जानता है, तो खुद को काबिल बनाओ परिश्रम करो और देश का नाम ऊंचा करो। अंत में प्रधानाचार्य द्वारा आए हुए अतिथियों का शुक्रिया अदा किया। कार्यक्रम का संचालन फरहत अली द्वारा किया गया। कार्यक्रम में इफ़्फत परवीन, जेबा, फरहीन, गजाला, तरन्नुम, गुलजार, हाफिज मु.इकबाल अजहरी उपस्थित रहे और मुहम्मद इमरान का विशेष योगदान रहा।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना: कैसे होगा लक्ष्य पूरा

अवधनामा संवाददाता

■ नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत और खंड विकास अधिकारी योजना के प्रति उदासीन

**मथुरा।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश सरकार ने समाज कल्याण विभाग के माध्यम से मथुरा जनपद को 1445 जोड़ों के विवाह का लक्ष्य निर्धारित किया है । जिस पर समाज कल्याण अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी और जिलाधिकारी के स्तर पर मथुरा वृंदावन नगर निगम के अधिकारियों को कोसी कला के नगर पालिका अधिशासी अधिकारी और 12 नगर पंचायत के ई ओ के अलावा 10 खंड विकास अधिकारियों को बार-बार पत्राचार कर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत पत्रों के आवेदन और उनकी जांच कर समय-समय पर निर्देशित किया जा रहा है इसके बावजूद संबंधित विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते जनपद में लक्ष्य पूरा होना असंभव सा लग रहा है।

जानकारी के अनुसार राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना पूरे प्रदेश में संचालित की जा रही है इस योजना के तहत मथुरा जनपद को 1445 जोड़ों की शादी करने का लक्ष्य रखा गया है इस योजना का क्रियान्वयन समाज कल्याण विभाग के द्वारा जिले के मुख्य विकास अधिकारी और जिलाधिकारी के सुपरविजन में किया जाना है। इस योजना के तहत सरकार से 51 हजार रुपए प्रति जोड़ा के हिसाब से खर्च किया जाना है। 35 हजार रुपए लड़की के खाते में नगद भेजे जाएंगे 10 हजार रुपए का घर गृहस्ती का सामान के अलावा 6 हजार रुपए खाने पीने पर खर्च करने का प्रावधान है। इस योजना के अंतर्गत लड़के की उम्र 21 वर्ष और लड़की की उम्र 18 वर्ष होना अनिवार्य है, इस योजना के अंतर्गत आवेदन ऑनलाइन किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत लोगों को जागरुक कर उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए मथुरा वृंदावन नगर निगम के नगर आयुक्त और उनकी टीम को जिला प्रशासन की तरफ से पत्राचार कर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया जा चुका है इसके अलावा नगर पालिका परिषद कोसी के अधिशासी अधिकारी को भी इस योजना को गंभीरता से लेने के लिए पत्र व्यवहार किया गया है बताया जाता है जनपद में एक नगर निगम जिसको 200 का लक्ष्य दिया गया है नगर पालिका परिषद को 70 जोड़ों का लक्ष्य दिया गया है नगर पंचायत जिनकी संख्या जनपद में 12 बताई जाती है उनको 30-30 जोड़ों का लक्ष्य दिया गया है जनपद के सभी 10 ब्लॉकों को 70-70 जोड़ों का लक्ष्य दिया गया है।

सूत्रों के अनुसार अभी तक 700 आवेदन पूरे जनपद से प्राप्त हुए हैं। जिनमें से मात्र 258 ही पात्र पाए गए हैं इस हिसाब से जनपद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लक्ष्य पूरा होता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है।

इस संबंध में समाज कल्याण अधिकारी नागेंद्र पाल सिंह ने बताया योजना को प्रभावी बनाने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से पत्र भेजकर योजना को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए जा रहे हैं । समाज कल्याण विभाग के माध्यम से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत होने वाले विवाह योग्य जोड़ों के लिए सामान की खरीदारी और अन्य तैयारियां को किया जाना शुरू कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के प्रति जिम्मेदार अधिकारियों का जो रवैया चल रहा है । उससे नहीं लगता जिले में प्रदेश सरकार द्वारा जो लक्ष्य दिया गया है वह पूरा हो सकेगा !

# हज़रत अली शेरे खुदा की नज़र में उमड़े अकीदतमंद



वहाज अली निहाल

**इटावा।** दरगाह वारसी में उर्स के दूसरे दिन बुधवार को बाद नमाज़ असर शाम को मौलाए कायनात हज़रत अली शेरे खुदा अलै.की नज़र में अकीदतमंदों का हुजूम देखने को मिला। नज़र के से पूर्व कब्बालों ने हज़रत मौला अली अलै.की शान में कलाम पेश कर खूब वाह वाही लूटी। मौला अली के चाहने वालों ने तबर्रुक के साथ-साथ कतार बनाकर आलम शरीफ लाकर नज़र में पेश किए। नज़र के बाद सभी ने हाथ उठाकर दुआयें की व मन्नते माँगी। एहराम पोश बुज़ुर्ग मेहबूब शाह वारसी आदि ने अपने मुरीदों के साथ बाद नज़र चादर पोशी की और दुआयें माँगी। बुधवार को उर्स मुबारक के दूसरे दिन सुबह बाद नमाज़ फज्र कुरआन ख्वानी से उर्स का आगाज़ हुआ। दिन में बाद नमाज़ ज़ुहर गुस्ल मज़ार शरीफ हाजी सैय्यदना महमूद शाह वारसी का हुआ जिसमें खुसरो वारसी मुंबई की ओर से संदल पेश किया गया। रात 9:30 बजे मेहफ़िले सिमा के बाद 1:10 बजे कुल शरीफ हज़रत सैय्यद अबुल हसन शाह वारसी का हुआ।

## बसपाइयों ने दलित प्रेरणा स्थल पर दी बाबा साहब को श्रद्धांजलि

**मथुरा।** बहुजन समाज पार्टी यूनिट जनपद मथुरा ने भारतीय संविधान निर्माता परम पूज्य बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के 68 वे महा परीनिर्वाण दिवस राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल नोएडा में सभी ने भावभीनी श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुएपूर्व राजस्थान प्रभारी दारा सिंह आजाद ने एक नारा देकर कहा जब तक सूरज चांद रहेगा बाबा तेरा नाम रहेगा जब तक संविधान है तब तक बाबा साहब है संविधान हर जोर जुल्म अन्याय अत्याचार का मुकम्मल इलाज है संविधान की रक्षा हम सब भारतवासियों का मूल दायित्व है जिला प्रभारी हेमेंद्र कुमार जिलाध्यक्ष गोवर्धन सिंह पूर्व विधायक प्रत्याशी प्रेमचन्द कर्दम जिला पंचायत सदस्य अनिल बघेल पूर्व गोकुल चेयरमैन प्रत्याशी अशोक कुमार विधानसभा अध्यक्ष डा. गिरधर सिंह प्रेमसिंह बबलू कुमेरिया राजाराम निगम चौधरी वीरेन्द्र सिंह परिहार युवा बसपा नेता ब्रजलाल के साथ-साथ और भी पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# भगवान श्रीकृष्ण का वांग्यमय स्वरूप है ब्रज चौरासी कोस: लाड़िली शरण

अवधनामा संवाददाता

**वृन्दावन (मथुरा)।** गोविन्द घाट स्थित अखिल भारतीय श्रीपंच राधावल्लभीय निर्मोही अखाड़ा (श्रीहित बड़ा रासमण्डल) में श्रीमहंत लाड़िली शरण महाराज के नेतृत्व में चल रही अष्टदिवसीय ब्रज चौरासी कोस दर्शन यात्रा अत्यंत श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ संपूर्ण हुई। जिसके अंतर्गत देश-विदेश के सैकड़ों भक्तों-श्रृद्धालुओं ने समूचे ब्रज चौरासी कोस की यात्रा कर पुण्य अर्जित किया। इस अवसर पर आयोजित संत-विद्वत संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए श्रीहित बड़ा रासमण्डल के अध्यक्ष श्रीमहंत लाड़िली शरण महाराज ने कहा कि ब्रज चौरासी कोस की पावन भूमि कोई साधारण भूमि नहीं, अपितु स्वयं अखिल कोटि ब्रह्माण्ड नायक परब्रह्म परमेश्वर भगवान श्रीकृष्ण का ही वांग्यमय स्वरूप है।इसकी यात्रा करने वाले भक्तों व श्रृद्धालुओं पर सदैव उनकी कृपा दृष्टि बनी रहती है। बाद ग्राम स्थित श्रीहित हरिवंश महाप्रभु की जन्मभूमि आश्रम के महन्त दम्पत्ति शरण महाराज (काकाजी) एवं महामंडलेश्वर स्वामी सच्चिदानंद शास्त्री महाराज ने कहा कि ब्रज चौरासी कोस की यात्रा करने से चारों धाम, सप्त पुरियां एवं समस्त तीर्थों के दर्शनों का फल प्राप्त होता है।क्योंकि भगवान श्रीकृष्ण की आज्ञानुसार ये सभी ब्रज चौरासी कोस की दिव्य भूमि में ही विद्यमान हैं। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी एवं प्रख्यात भागवताचार्य डॉ. हरेकृष्ण शर्मा शरद ने कहा कि ब्रज चौरासी भूमि लीला पुरुषोत्तम भगवान श्रीकृष्ण और उनकी आल्हादिनी शक्ति स्वरूपा श्रीराधा रानी की क्रीड़ा स्थली है।उनकी कृपा पाए बिना यहां आना संभव नहीं है। हम सभी अत्यंत सौभाग्यशाली हैं,जो हम को श्रीराधा-कृष्ण की अपार कृपा प्राप्त हुई है। संत-विद्वत संगोष्ठी में महामंडलेश्वर स्वामी राधाप्रसाद देव जू महाराज, सिंहपौर हनुमान मन्दिर के महंत सुंदरदास महाराज, आचार्य कनिका गोस्वामी, डॉ. रमेश चंद्राचार्य महाराज विधिशास्त्री, महंत मोहिनी शरण महाराज, पण्डित राधावल्लभ वशिष्ठ, युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा, ठाकुर दिनेश सिंह तरकर, पण्डित इन्द्रकुमार शर्मा एवं प्रियावल्लभ वशिष्ठ आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इससे पूर्व दुग्धधारा के साथ श्रीधाम वृन्दावन की पंचकोसी परिक्रमा की गई। साथ ही श्री यमुना महारानी का दिव्य चुनरी मनोरथ किया गया। तत्पश्चात सरस भजन संध्या का आयोजन हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### हेलमेट जागरूकता सप्ताह चलाया जाएगा

**मथुरा।** टू व्हीलर से बढ़ते हुए सड़क हादसों को मध्य नजर रखते हुए लोगों में हेलमेट के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से बृज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति रजि उत्तर प्रदेश चलायेगी हेलमेट जागरूकता सप्ताह अभियान 7 समिति के संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित ने बताया हमारे देश में हर वर्ष लगभग 2 लाख लोगों की जान सड़क हादसे में चली जाती है इन सड़क हादसों में टू व्हीलर से करने वाले लोगों की संख्या बहुत अधिक होती है और सबसे अधिक लोगों की टू व्हीलर चलाते समय हेलमेट न लगने से जान चली जाती है किसी के साथ ऐसा ना हो उसके लिए समिति पिछले 12 वर्षो से लगातार जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करती है इस वर्ष भी 7 दिसंबर से 13 दिसंबर तक हेलमेट जागरूकता अभियान चलाएगी जिससे लोगों में हेलमेट के प्रति जागरूकता लाई जा सके और सड़क हादसे के समय लोगों की जान ना जाए।

### आवास योजना में लापरवाही बरतने पर सचिव निलंबित

**सुमेरपुर हमीरपुर।** ग्राम पंचायत अमिरता मे पतियों के बाद पत्नियों को आवास योजना का लाभ देने के आरोप मे जा़ंच के बाद जिला विकास अधिकारी ने तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी को निलंबित कर दिया है। गत 25 नवंबर के अंक में दैनिक अवधानामा नें इस आवास घोटाले को प्रमुखता के साथ उजागर किया गया था।जिस का असर यह हुआ कि ग्राम सचिव को निलंबित कर दिया गया है। इस घोटाले मे वित्तीय वर्ष 2021-22 मे अमिरता गांव निवासी आशाराम, राम कैलाश, हरिया, पंकज, रामखेलावन, रामकेश, मनफूल, गयादीन, भूरा को मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ दिया गया। इसके बाद वित्तीय वर्ष 2022-23 में उनकी पत्नियों राजेश्वरी, सुशीला, बउवा, रमाकांती, कंची, शिवकली, शिवपति, पसुनिया एवं मंजू को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ थमा दिया गया। इस दौरान पंचायत में ग्राम विकास अधिकारी पद पर विनोद वर्मा की तैनाती थी। इस समय यह मौदहा विकासखंड में तैनात हैं। इस घोटाले को 25 नवंबर के अंक में प्रमुखता के साथ उजागर किया गया था। खबर प्रकाशित होने के बाद मुख्य विकास अधिकारी ने जांच के आदेश दिए थे। जांच के बाद जिला विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव ने ग्राम विकास अधिकारी विनोद वर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस कार्रवाई से ब्लॉक में कार्यरत पंचायत सचिवों में हड़कंप मच गया है।

### श्रीराम कथा में सीताराम विवाह उत्सव हुआ संपन्न

**बांदा।** श्रीराम कथा आयोजन समिति रामलीला मैदान के द्वारा आयोजित श्रीराम कथा के दौरान मंगलवार को पांचवें दिन सीताराम विवाह उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कथा व्यास रामहृदयदास जिज्ञासु जी महाराज के द्वारा श्रीराम कथा का बखान किया जा रहा है। मंगलवान को भगवान राम और माता सीता का विवाहोत्सव और भगवान शिव की लीलाओं का बखान कथा व्यास के द्वारा किया गया। संगीतमय भजनों का आनंद भी श्रोताअहों ने लिया। हजारों माताओं बहनों और भक्तजनों के द्वारा कथा श्रवण की गई। इसके बाद छपपन भोग और बूंदी का प्रसाद श्रद्धालुओं को वितरित किया गया। इस मौके पर मुख्य यजमान अमिता वाजपेयी, विनोद जैन, रामदेव दीक्षित, विजय बहादुर ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान अध्यक्ष प्रेमकिशोर श्रीवास्तव, विजय गुप्ता, स्वयंवर सिंह, अमित तिवारी, प्रेमनारायण द्विवेदी, रामप्रसाद सोनी, शिवशंकर, दिलीप के अलावा समिति के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मतदान परिणाम पर एआइपीएमएम ने किया विश्लेषण

■ संगठन ने तीन राज्यों की जीत पर भाजपा को दी बधाई

■ हम किसी भी पार्टी को हराने के पक्ष में नही: परवेज़ हनीफ

■ राजस्थान में पसमांदा समाज का 10 प्रतिशत वोट भाजपा को मिला: अकरम

अवधनामा संवाददाता




**लखनऊ।** पिछड़ मुसलमानों के लिये संघर्ष सामाजिक संगठन ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज ने 4 दिसम्बर को वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से 4 राज्यों में हुए चुनाव में पसमांदा मुस्लिम समाज के योगदान पर समीक्षात्मक विष्लेषण किया। संगठन के मुख्यकार्यकारी अधिकारी मुहम्मद युनुस ने कहा कि 3 राज्यों के विधान सभा चुनावों में बीजेपी की शानदार जीत के लिए प्रधनमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, पार्टी पदाधिकारी एवं अन्य कारकर्ताओं को हार्दिक बधाई। यह प्रधानमंत्री की देश में विकास की, बिना भेदभाव वाली गारंटी का परिणाम है। उन्होंने कहा कि ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ धार्मिक भावनाओं के आधार पर वोट करने के विरोध करता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज़ हनीफ ने कहा है कि ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ किसी भी पार्टी को हराने के पक्ष में नही है, उन्होंने तेलंगाना में कांग्रेस को जीत की बधाई दी है। कार्यकारी अध्यक्ष शारिक अदीब ने बीजेपी को शानदार प्रदर्शन की बधाई दी। ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रभारी मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र और गुजरात अकरम कुरैशी ने बताया कि राजस्थान में पसमांदा मुस्लिम समाज का 10 प्रतिशत वोट बीजेपी को मिला है। मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष फारूक राइनी ने बताया है कि मध्य प्रदेश में करीब 12 प्रतिशत वोट बीजेपी को मिला है। इसमें महिलाओ को भागीदारी काफी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पसमांदा मुस्लिम के सामाजिक न्याय चिंतन ने हाल के विधान सभा चुनाव में करीब करीब 10 प्रतिशत तक पसमांदा मुस्लिम ने मरकज मसलको की खुली बीजेपी विरोधी सियासी संदेश बीजेपी हराओ के खिलाफ विकास योजनाओं से लाभान्वित महिलाओं, मजदूर, शिल्पियों एवं हाथ कारीगरों ने वोट देकर ऋष्टात्मक सोच से बाहर आए। बैठक में तय पाया गया के ओबीसी मुस्लिम/ पसमांदा मुस्लिम को विकास योजनाओं सबका साथ सबका विकास अवधारणा आधारित पसमांदा मुस्लिम चेतना संवाद जागरूकता कार्यक्रम 12प्रदेश के सभी जनपदों में किया जाएगा,जिसमे संबंधित जिले के राष्ट्रीय पदाधिकारी एवम् प्रदेश पदाधिकारी तथा गठित जिला अध्यक्षों के साथ कार्य क्रम आयोजित करेंगे। उत्तर प्रदेश के कुछ ज़िलों में पसमांदा जन चेतना संवाद अजोयोजित किया जा चुका है और उसका अच्छा प्रभाव देखने को मिल रहा है। मीटिंग में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष इदरीस अहमद, नफीस मंसूरी, प्रवक्ता मुख्तार, नेहाल अंसारी, झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष डॉ कलीम, शफकत अंसारी, आरिफ रजा, शब्बीर अहमद, शकील लेड़ी एवं अन्य पसमांदा कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# घर की लक्ष्मी है बेटियां कार्यक्रम 17 को, प्रविष्ट 12 तक दे

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** इटावा महोत्सव पंडाल में आगामी 17 दिसम्बर को सुबह 10 बजे से घर की लक्ष्मी हैं बेटियां कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम में विविध वेश- भूषा, पोस्टर, अल्पना, मेंहदी, नृत्य व एकल नृत्य होंगे। संयोजक डॉ.ज्योति वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में प्राथमिक वर्ग की कक्षा एक से पांच तक विविध वेश-भूषा का प्रदर्शन। कनिष्ठ वर्ग कक्षा छह से आठ तक की स्लोगन सहित पोस्टर बनाओ। मध्यम वर्ग में कक्षा नौ से 12 तक भारतीय सामाजिक समस्याओं विषय पर आधारित होगी। मध्यम वर्ग कक्षा नौ से 12 तक रंगोली बनाओ। कनिष्ठ वर्ग कक्षा छह से आठ तक व मध्यम वर्ग कक्षा नौ से 12 तक नृत्य नाटिका होगी। मध्यम वर्ग कक्षा नौ से 12 तक मेंहदी लगाओ तथा वरिष्ठ वर्ग स्नातक व परास्नातक एकल नृत्य होगा। प्रतिभागी अपनी प्रविष्ट बाइस ख्वाजा रोड स्थित शॉप नंबर 36 पर दिन 11 बजे से लेकर दोपहर दो बजे तक 12 दिसम्बर तक दे सकते हैं। वाट्सएप नंबर 9412880963 व मोबाइल नंबर 7017459891 पर संपर्क कर सकते है।

# मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केन्द्रों में अब स्मार्ट क्लास से भी होगी परामर्श कक्षाएं

■ कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने स्मार्ट क्लास का किया शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के एकमात्र राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केन्द्रों के छात्रों के लिए अब स्मार्ट क्लास के द्वारा भी परामर्श कक्षाएं संचालित की जाएंगी। बरेली में बैठा छात्र प्रयागराज के विद्वान प्रोफेसर के लेक्चर को सुन सकेगा और उनसे अपनी जिज्ञासाएं प्रकट कर सकेगा। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में क्षेत्रीय केन्द्रों को जोड़ने वाले नवनिर्मित स्मार्ट क्लास का उद्घाटन बुधवार को कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने किया।

इस अवसर पर प्रोफेसर सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय ने तकनीक की दुनिया में एक कदम आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि यह तकनीक हमारे सुदूरवर्ती छात्रों को और स्मार्ट बनाएगी। मुख्यालय के साथ ही क्षेत्रीय केन्द्रों पर अध्यनरत छात्र अब ऑनलाइन परामर्श कक्षाओं के माध्यम से काउन्सलर से जुड़कर सवाल जवाब कर सकेंगे। जिससे उनकी समझ विकसित होगी विश्वविद्यालय के अध्ययन केन्द्रों में पंजीकृत छात्र ओईआर पोर्टल के माध्यम से घर बैठे ही वर्चुअली स्मार्ट क्लास ज्वाइन कर सकेंगे। आज उद्घाटन के इस अवसर पर आयोजित प्रशिक्षण सत्र में विश्वविद्यालय मुख्यालय से प्रसारित व्याख्यान को सुनकर क्षेत्रीय केन्द्रों के समन्वयकों ने ऑनलाइन स्मार्ट क्लास की खूबियों को समझा। विश्वविद्यालय मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में निदेशक, शोध एवं विकास प्रोफेसर पी के पांडेय ने मुक्त एवं दूरस्थ अधिगम के तत्व पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि दूरस्थ शिक्षा पद्धति में लचीलापन होने के कारण यह तेजी से लोकप्रिय हो रही है। यह पद्धति न तो स्वच्छंद है और न हीं कड़े नियमों से बंधी है। यहां किसी भी आयु वर्ग का व्यक्ति शिक्षा ग्रहण कर सकता है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी निदेशक, अधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे। धन्यवाद कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने दिया।

## सड़क हादसे का मुकदमा दर्ज

**मौदहा हमीरपुर।** अपने पिता के साथ कस्बे आ रहे युवक को सामने से आ रहे बाईक सवार ने टक्कर मार दी जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया जिसका लखनऊ के मेदांता अस्पताल में इलाज किया जा रहा है वहीं पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिलौली निवासी जीतेंद्र पुत्र अमरजीत ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीते 27 नवम्बर की दोपहर वह बाईक में अपने पिता को लेकर कस्बे आ रहा था तभी कम्हरिया रोड पर बड़े चौराहे से कुछ पहले विपरीत दिशा में आ रहे बाईक सवार ने टक्कर मार दी जिससे उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें राहगीरों ने इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां से सदर अस्पताल और उसके बाद अब लखनऊ के मेदांता अस्पताल में उनका इलाज किया जा रहा है जबकि उसके पिता की स्थिति अभी भी खराब है और उनकी कोमा में जाने जैसी स्थिति बनी हुई है।वहीं कोतवाली पुलिस ने बाईक यूपी 90वाई 0294 के अज्ञात चालक के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# हिंदूवादी नेता जन्मभूमि पर दीपदान व जलाभिषेक को जाते गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

■ एलआईयू, आईबी कर चेकिंग, मिश्रित आबादी में भी कड़ा पहरा

■ कदम-कदम पर जवान तैनात, जन्म स्थान और मस्जिद की तरफ नहीं जा रहे वाहन

**मथुरा।** पूर्व घोषणा के अनुसार श्री कृष्ण जन्म स्थान के मूल गर्भ गृह पर करीब साढ़े ग्यारह बजे दीपदान करने के लिए जाते समय श्रीकृष्ण जन्म भूमि संघर्ष न्यास के अध्यक्ष दिनेश शर्मा को पुलिस ने भूतेश्वर तिराहे से अपनी हिरासत में ले लिया। श्री कृष्ण जन्म स्थान और शाही मस्जिद ईदगाह क्षेत्र में बुधवार सुबह से ही पुलिस, पीएसी और रेपिड एक्शन फोर्स के जवान अलर्ट बने हुए हैं। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी जमे हुए हैं। दोनों ही धर्मिक स्थलों की और वाहनों की आवाजाही को रोक दिया गया है। एलआईयू, आईबी और पुलिस की टीमें होटल, ढाबे, रेस्टोरेंट और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर तलाशी अभियान छेड़े हुए हैं। पूजा अर्चना के लिए जा रहे भक्तों को तलाशी के बाद ही आगे जाने दिया जा रहा है। श्री कृष्ण जन्म स्थान के मूल गर्भ गृह पर श्री कृष्ण जन्म भूमि संघर्ष न्यास के अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने आज दीपदान और जलाभिषेक करने की घोषणा की थी। डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह और एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने पहले ही साफ कर दिया था कि श्री कृष्ण जन्म स्थान पर कोई भी नई परंपरा डालने की किसी को अनुमति नहीं दी जा सकती है। छह दिसंबर के मद्देनजर श्री कृष्ण जन्म स्थान और शाही मस्जिद ईदगाह की सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए है। दो सुपर, चार जोन आर आठ सेक्टर में शहर को बांटकर सुरक्षा का चक्रव्यूह बनाया गया है। सुबह से दोनों धार्मिक स्थलों के आसपास के इलाके में तलाशी अभियान छेड़ दिया गया। जो अभी तक जारी है। खुफिया एजेंसियों भी सक्रिय बनी हुई है। वाहनों की आवाजाही को दोनों ही धार्मिक स्थलों की और जाने से रोक दिया गया। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पुलिस फ्लैग मार्च कर रही है। सीसीटीवी और ड्रोन के माध्यम से नजर रखी जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था के बीच श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के अध्यक्ष दीपदान करने के लिए भूतेश्वर तिराहे से होकर श्री कृष्ण जन्म स्थान की तरफ जा रहे थे। यहां लगाए गए बैरियर पर उनकी गाड़ी को पुलिस ने रोक लिया। एसपी सिटी मार्तंड प्रकाश सिंह ने बताया कि दिनेश शर्मा को पुलिस ने अपनी हिरासत में ले लिया है। शहर में शांति और कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस का मूवमेंट जारी है।

# डॉक्टर अंबेडकर के परनिर्वाण दिवस पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई

अवधनामा संवाददाता

■ जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बाबा साहब को श्रद्धांजलि देते हुए अधीनस्थों को संविधान की शपथ दिलाई

■ सामाजिक संगठनों ने भी बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को श्रद्धा सुमन अर्पित किए

**मथुरा।** भारतीय संविधान के रचयिता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर अधीनस्थों को संवैधानिक दायतों को निर्वहन करने के लिए शपथ दिलायी गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र कुमार पांडे डॉ आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए अधीनस्थों के संबोधित कर संवैधानिक मूल्यों का निर्वहन करने का आवाहन किया।

जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में बाबा साहब डॉ0 भीमराव आंबेडकर जी के 67वां परिनिर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक पुष्पांजलि अर्पित की। जैसा कि हम सभी अवगत ही हैं कि 06 दिसम्बर 2023 को भारतरत्न बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर का 67वां परिनिर्वाण दिवस है। यह दिवस हम सबको उनके द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों एवं मूल्यों पर चलने के लिए पुनर्संकल्पित होने की प्रेरणा देता है।

यही कारण है कि जाति आधारित भेदभाव के विरुद्ध लड़ाई, सामाजिक न्याय की प्रतिस्थापना, सशक्तीकरण के साधनों के रूप में शिक्षा पर विशेष जोर एवं समावेशी व समतावादी समाज की स्थापना के सन्दर्भ में उनका दर्शन आज पहले से भी अधिक प्रासंगिक हो गया है। अमृतकाल के इस दौर में भारत एक वैश्विक शक्ति के रूप में अपनी पूरी क्षमता हासिल कर विश्वगुरू बनने की राह पर अग्रसर हो इसके लिए हमें बाबा साहब द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों एवं मूल्यों को आत्मसात कर उनके द्वारा दिखाये गये मार्ग पर पूरी निष्ठा के साथ चलने का व्रत लेना होगा और यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि भी होगी।

कलेक्ट्रेट सभागार में बाबा साहब डॉ0 भीमराव आंबेडकर जी के 67वां परिनिर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में उनके चित्र पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानन्द पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विजय शंकर दूबे, नगर मजिस्ट्रेट उमेश चन्द निगम, वरिष्ठ कोषाधिकारी मुन्नालाल सहित विभिन्न अधिकारियों ने माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक पुष्पांजलि अर्पित की। डॉ अंबेडकर सामाजिक अधिकार मंच के तत्वावधान में भारत के विश्व रत्न भारतीय संविधान के निर्माता परम पूज्य बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के 68 वें महापरिनिर्वाण दिवस पर पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन डॉ अम्बेडकर भवन अम्बेडकर चौक डीग गेट पर आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि प्रेम सिंह कर्दम एडवोकेट के द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की मंच की अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने कहा कि आज का दिन हमारे लिए बड़ा ही दुख का है कि बाबा साहब डॉ बी आर अंबेडकर जी हमारे बीच नहीं रहे आज ही के दिन बाबा साहब हम सब को छोड़कर परिनिर्वाण को प्राप्त हो गयें थे।अखिल भारतीय समता फाउंडेशन जनपद मथुरा द्वारा कैंप कार्यालय कृष्णा नगर बिजली घर मथुरा पर विश्व विद्वान मानवता के अग्रदूत संविधान निर्माता भारत रत्न डा. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी के 67वें परिनिर्वाण दिवस पर समान शिक्षा अभियान के अंतर्गत श्रद्धांजलि सभा का आयोजन नाहर सिंह समाजसेवी जी की अध्यक्षता में बृजलाल कामरेड जी के संचालन में आहूत की गई।

## सिर्फ हंगामा खड़ा करना मेरा मकसद नहीं

मशहूर फिल्म द कश्मीर फाइल्स के निर्माता विवेक अग्निहोत्री अक्सर किसी न किसी वजह से चर्चा में बने रहते हैं। कश्मीरी पंडितों पर हुए निर्मम अत्याचार की कहानी कहने वाली यह फिल्म पिछले साल रिलीज हुई थी, जिसे फैंस ने खूब पसंद किया था। इस फिल्म को 68वें फिल्मफेयर अवॉर्ड्स 2023 में 7 कैटेगरी में नॉमिनेट किया गया है। लेकिन विवेक अग्निहोत्री ने इस अवॉर्ड से कुछ खफा नजर आ रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर ट्वीट कर अपनी भड़ास निकाली है और इस अवॉर्ड शो का हिस्सा बनने से इंकार कर दिया है।

विवेक अग्निहोत्री ने गुरुवार सुबह सोशल मीडिया पर अपने लंबे-चौड़े पोस्ट से तहलका मचा दिया है। उन्होंने इसमें लिखा है कि वो 27 अप्रैल को होने वाले 68वें फिल्मफेयर अवॉर्ड्स 2023 का हिस्सा नहीं बनेंगे। निर्देशक ने लिखा, मीडिया के द्वारा मुझे पता चला है कि मेरी फिल्म द कश्मीर फाइल्स को फिल्मफेयर में 7 श्रेणियों में नामांकन मिला है। मैं विनम्रता के साथ इन अनैतिक और सिनेमा विरोधी पुरस्कारों में हिस्सा लेने से इंकार करता हूं। विवेक अग्निहोत्री ने आगे लिखा, फिल्मफेयर के अनुसार सितारों के अलावा किसी का कोई चेहरा नहीं है।

# स्वानंद किरकिरे के वार पर एनिमल ने किया पलटवार





एनिमल के तूफान ने बॉक्स ऑफिस को हिलाकर रख दिया है। फिल्म को दुनिया भर के दर्शकों से बेहिसाब प्यार मिल रहा है। आलम यह है कि एनिमल रणबीर कपूर के अब तक के करियर की सबसे बड़ी हिट साबित हो रही है। फिल्म को सिनेमाघरों में आए एक हफ्ते से भी कम समय हुआ है और इसने कयामत ला रखी है। हालांकि, फिल्म को मिल रहे प्यार के साथ ही इसको बहुत से लोगों की आलोचनाओं का सामना भी करना पड़ रहा है। वजह %एनिमल% का डार्क कंटेंट है। %एनिमल% की जमकर आलोचना करने वाले लोगों में मशहूर गीतकार स्वानंद किरकिरे का नाम भी शामिल है। बीते दिनों उन्होंने फिल्म को लेकर कुछ ऐसा कहा था, जो खूब वायरल हुआ था। अब %एनिमल% की टीम ने उन्हें करारा जवाब देते हुए सबकी बोलती बंद कर दी है।

रणबीर कपूर स्टारर %एनिमल% की जमकर आलोचना करने वाले स्वानंद किरकिरे का पोस्ट खूब वायरल हुआ था। हालांकि, %एनिमल द मूवी~ फिल्म% के आधिकारिक ट्विटर हैंडल ने इसकी आलोचना करने वाले स्वानंद किरकिरे को करारा जवाब देते हुए उनके मुंह पर ताला लगाने का काम किया है। गीतकार और पार्श्व गायक ने इस हफ्ते की शुरुआत में एक्स पर संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म की आलोचना की थी। उन्होंने फिल्म के %अल्फा मेल% डायलॉग की आलोचना की थी, जिसमें दावा किया गया था कि जो पुरुष %अल्फा मटेरियल% नहीं होते हैं वे कवि बन जाते हैं और झूठे वादे करते हैं। गीतकार ने फिल्म में महिलाओं के साथ किए गए व्यवहार पर भी आपत्ति जताई और कहा था, %भारतीय सिनेमा के गौरवशाली इतिहास को शर्मसार किया जा रहा है अब %एनिमल% के आधिकारिक एक्स हैंडल ने एक मीडिया रिपोर्ट की कटिंग की तस्वीर साझा की और स्वानंद किरकिरे के वार पर पलटवार किया। पोस्ट में टीम ने लिखा, %अपने घुटनों को अपने पैर की अंगुलियों से आगे न गिरने दें या एक-दूसरे की ओर झुकने न दें। अच्छा संतुलन बनाए रखने के लिए पैरों को कंधे से अलग रखें यह आपके बैलेंस को सपोर्ट करेगा। इसके बाद अब अपने पैरों की उंगलियों पर धीरे से खड़े हो जाएं। हां... अब आपने बिल्कुल सही तरह से लैंड किया।% टीम द्वारा किए गए इस पोस्ट में स्वानंद किरकिरे को टैग भी किया गया है। इस जवाब ने सोशल मीडिया यूजर्स को हैरान कर दिया है। नेटिजन्स का मानना है कि इस जवाब के पीछे संदीप रेड्डी वांगा हैं। एनिमल के कलेक्शन की बात करें तो फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन 63.8 करोड़ रुपये की कमाई के साथ अपना सफर शुरू किया था। सिनेमाघरों में छह दिन के भीतर ही %एनिमल% ने 300 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित फिल्म में रणबीर कपूर, रश्मिका मंदाना, अनिल कपूर, बॉबी देओल, तृप्ति डिमरी, शक्ति कूपर, प्रेम चोपड़ा जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 1 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।

# बड़े स्तर पर हो रही फाइटर के क्लाइमैक्स सीन की तैयारी

शाहरुख खान अभिनीत पठान की जबर्दस्त सफलता के बाद सिद्धार्थ आनंद अब अपनी अगली फिल्म फाइटर को लेकर चर्चा में हैं। इसमें ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर जैसे सितारे नजर आएंगे। फाइटर एक बड़ा प्रोजेक्ट है, जिसके लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां चल रही हैं। खासतौर से इस फिल्म के क्लाइमैक्स को शानदार बनाने के लिए मेकर्स कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। बता दें कि फाइटर को भारत में पहली एरियल फ्रेंचाइजी माना जा रहा है। फिल्म की शूटिंग पिछले साल असम एयरबेस पर शुरू हुई थी। मेकर्स हर तरह से इस फिल्म को परफेक्ट बनाने में जुटे हैं। कहा जा रहा है कि फाइटर का क्लाइमैक्स सीन इस फिल्म की सबसे बड़ी हाईलाइट बनने जा रहा है। दर्शकों को टिकट का पैसा वसूल कराने और फिल्म देखने का अनुभव शानदार बनाने में सिद्धार्थ आनंद कोई कमी नहीं रखना चाहते। इसके लिए सिद्धार्थ आनंद और उनकी एक्शन टीम ने पूरी कमर कस ली है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक क्लाइमैक्स की शूटिंग 120 घंटे तक की जाएगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म में




क्लाइमैक्स सीन 25 मिनट का होगा। इसके लिए ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर को 120 घंटे तक शूटिंग करने के लिए समय अलॉट किया गया है। बता दें कि फिलहाल फिल्म की शूटिंग मुंबई में चल रही है। इसके बाद वीएफएक्स प्रक्रिया शुरू होगी। यह फिल्म अगले साल रिपब्लिक डे के मौके पर रिलीज होगी। बात सिद्धार्थ आनंद की करें तो सलाम नमस्ते, ता रा रम पम और अनजाना अनजानी जैसी रोमांटिक फिल्मों के अलावा वह बैंग बैंग, वॉर और पठान जैसी एक्शन फिल्मों के जरिए भी खुद को साबित कर चुके हैं। पठान के बाद तो दर्शकों की उम्मीदें भी सिद्धार्थ आनंद से काफी बढ़ गई हैं। देखना दिलचस्प होगा कि इस बार दर्शकों को क्या नया देखने को मिलता है।





## ग्रीन ऑउटफिट में जाह्नवी कपूर ने दिखाए अपने जलवे

# कभी खाने के लिए नहीं थे सलमान की फिल्म के इस म्यूजिक डायरेक्टर के पास पैसे, टॉयलेट में बिताए थे दिन



बॉलीवुड के भाईजान यानी सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान 21 अप्रैल को बड़े पर्दे पर रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म से दबंग खान ने चार साल बाद पर्दे पर वापसी की है।

बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म को दर्शकों का मिलाजुला रिस्पॉन्स मिल रहा है। फिल्म के गाने लोगों को काफी पसंद आए थे। फिल्म में बेहतरीन म्यूजिक देने का क्रेडिट म्यूजिक डायरेक्टर रवि बसरूर को जाता है। रवि की गिनती आज इंडस्ट्री जाने माने म्यूजिक डायरेक्टरस में होती है, लेकिन एक समय ऐसा था कि उनके लिए यह सफर तय करना बिल्कुल आसान नहीं था। एक मीडिया संस्थान को दिए गए इंटरव्यू में रवि ने अपने संघर्ष के दिनों को याद किया है।

संगीत की दुनिया में कदम रखने से पहले वो मूर्तियों की शिल्पकारी करने का काम किया करते थे। पैसों की तंगी होने चलते उन्होंने मजदूरी, सुनार और दर्जी का काम भी किया है। इंटरव्यू के दौरान उन्होंने बताया कि अपने संघर्ष के दिनों में वो मूर्तियां बनाया करते थे। इसके बाद रात को पब और रेस्टोरेंट में म्यूजिक बजाया करते थे। उन्होंने कहा कि मेरी जिंदगी उस समय कठिन दौर से गुजर रही थी।

मेरे पास काम नहीं था। इस बीच मैं बॉम्बे से मैंगलोर पहुंचा। अपने मुश्किल दिनों में उन्होंने सार्वजनिक शौचालय में गुजारा। उन्होंने आगे कहा कि उस समय मेरे पास पैसे नहीं थे। मैं मंदिर में खाना खाया करता था। कहते हैं न कि हर रात की सुबह होती है। रवि बसरूर के दिन भी पलटे और उन्हें एक दोस्त के जरिए रेडियो स्टेशन में 15 हजार की नौकरी मिल गई। अपने मेहनत और लगन के जरिए उन्होंने लंबा सफर तय किया। रवि को पहला ब्रेक अर्जुन ज्ञान के साथ फिल्म उग्रम में मिला। इसके बाद उन्होंने यश स्टारर केजीएफ में काम किया। अपनी बेहतरीन म्यूजिक से वो छा गए। इसके बाद अब उन्होंने किसी का भाई किसी की जान में बेहतरीन म्यूजिक दिया है।

## गिप्पी ग्रेवाल की फिल्म का दूसरा गाना रिलीज

गिप्पी ग्रेवाल इन दिनों अपनी आगामी फिल्म कैरी ऑन जट्टा 3 को लेकर सुर्खियों में हैं। फैंस को इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। आज मेकर्स ने इस फिल्म का दूसरा गाना फरिश्ते जारी कर दिया है। इस गाने में गिप्पी ग्रेवाल और सोनम बाजवा नजर आ रहे हैं। गाने में दोनों सितारों का रोमांटिक अंदाज देखने को मिल रहा है। गिप्पी ग्रेवाल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से इस गाने की एक क्लिप शेयर की है। इसके साथ कैप्शन लिखा है, फरिश्ते गाना रिलीज हो गया है। बता दें कि यह एक रोमांटिक ट्रैक है। वीडियो में सोनम गुलाबी रंग की डीप नेक वनपीस ड्रेस में बेहद ग्लैमरस लग रही हैं। वहीं, गिप्पी कैजुअल आउटफिट में शानदार लग रहे हैं। बता दें कि इस गाने को बी प्राक ने गाया है, वहीं जानी ने इसे कंपोज किया है। फैंस को यह गाना पसंद आ रहा है। यूजर्स ने गिप्पी के पोस्ट पर कमेंट्स की झड़ी लगा दी है। एक यूजर ने लिखा, बहुत शानदार सिंगिंग और गिप्पी ग्रेवाल की जबर्दस्त एक्टिंग। ऑल द बेस्ट।

# सास ने मुझे गोंद के लड्डू खिलाए



आलिया भट्ट कुछ समय पहले ही मां बनी हैं। वह नई मां के साथ-साथ एक अभिनेत्री भी हैं। बीते दिनों खबर आई थी कि आलिया ने बेहद ही कम समय में प्रेग्नेंसी के बाद अपना वजन कम कर लिया था, जिसके बाद वह चर्चा का विषय थीं। लोगों का कहना था कि उन्होंने अपना वजन प्राकृतिक रूप से कम नहीं किया था, जबकि ऐसा नहीं है। अब आलिया ने खुलासा किया है कि उन्होंने अपना वजन कैसे कम किया है।

### अपने शरीर के साथ सख्ती नहीं की

आलिया ने कहा, जब मैंने राहा को जन्म दिया उस वक्त मैंने अपने शरीर के साथ बहुत सख्ती नहीं की। मैं जानती हूं कि हर कोई ये समझता है कि मैं नेचुरली अपना वजन कम नहीं किया है, लेकिन सच्चाई यह है कि उस वक्त मैं अपनी अक्ल की दाढ़ भी नहीं निकलवा सकती थी, क्योंकि मैं उस वक्त मैं ब्रेस्टफीड कराती हूं और मुझे एनेस्थीसिया नहीं दिया जा सकता है। इसलिए मुझे ऐसा लगा कि अब मुझे इंस्टाग्राम पर आकर अपनी फिटनेस के कुछ हिस्सों को बताना चाहिए।

आलिया ने आगे कहा, डिलीवरी के बाद मैंने खुद पर कोई दबाव नहीं बनाया। डॉक्टरों ने मुझे सलाह दी कि 12 हफ्ते के बाद अपने वर्कआउट में खूब मेहनत करें और मैंने ऐसा ही किया। लेकिन अभी मैं अपने पुराने वजन तक वापस नहीं आ पाई हूं, लेकिन प्रेग्नेंसी के बाद मैंने अपना वजन नेचुरली ही कम किया है। मैंने 15 मिनट टहलना, गहरी सांस लेना और एक्सरसाइज करना शुरू किया था। आलिया ने आगे बताया, मेरी सास ने मेरे लिए गोंद के लड्डू भी बनाए थे जो मैंने छह सप्ताह तक खाए। लोगों को यह समझने की जरूरत है कि गर्भावस्था के दौरान वजन ज्यादा खाने से नहीं बढ़ता है। इस दौरान उन्होंने अपनी बेटी राहा के बारे में भी बात की। वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री बहुत जल्द रणबीर सिंह के साथ रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में नजर आने वाली हैं।

# इंडस्ट्री में नहीं मिल रहा अनुपमा फेम गौरव की वाइफ को काम, क्या पत्नी के लिए शो प्रोड्यूस करेंगे अनुज



टीवी के पॉपुलर शो अनुपमा में अनुज का किरदार निभाने वाले अभिनेता गौरव खन्ना के चाहने वाली कमी नहीं है। एक्टर ने अपने दमदार एक्टिंग की बदौलत काफी सुर्खियां बटोरी हैं। गौरव की तरह उनकी वाइफ आकांक्षा चमोला भी एक जानी मानी अदाकारा हैं। आकांक्षा च्स्वरागिनीज्, च्लड्डूज्, च्गंगा यमुनाज् और च्भाग्यलक्ष्मीज् जैसे टीवी शोज का हिस्सा रह चुकी हैं, लेकिन एक्ट्रेस कई सालों से पर्दे पर नजर नहीं आई हैं। अभिनेत्री ने हाल ही में इस बात का खुलासा किया है कि लंबे समय से वो किसी शो में क्यों नहीं दिखाई दी हैं।

आकांक्षा ने बताया कि एक्ट्रेस टीवी की दुनिया में फिर से वापसी करना चाहती हैं, लेकिन ऑडिशन में फेल हो जाने के चलते उन्हें काम नहीं मिल रहा है। एक मीडिया संस्थान से बातचीत के दौरान अभिनेत्री ने इस बात का खुलासा किया है।

उन्होंने कहा कि वो कई सारे ऑडिशंस दे चुकी हैं, लेकिन लगता है कि लोगों को मेरा ऑडिशन पसंद नहीं आ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि मेरी फैंस से बस एक ही गुजारिश है कि वो गौरव पर ऐसे ही प्यार बरसाते रहे। आकांक्षा ने आगे यह भी कहा कि उनके पति यानी गौरव जल्द ही उनके लिए एक शो प्रोड्यूस करने वाले हैं, क्योंकि शायद कोई मुझे काम नहीं देना चाहता है। वहीं, इस बात पर सफाई देते हुए गौरव ने कहा कि ऐसा कुछ भी नहीं है।

मुझे लगता है कि वक्त से पहले और किस्मत से ज्यादा किसी को कुछ नहीं मिलता है। हमारे जीवन में समय का बहुत जरूरी है और मैं ये अपने पर्सनल एक्सपीरियंस से कह रहा हूं। मैं इंडस्ट्री में लंबे समय से हूं और काम करने के कई अवसर मिले, लेकिन अनुपमा के बाद रास्ते बदल गए। मुझे शो से बहुत प्यार मिला। उन्होंने आगे कहा कि मुझे यकीन है कि आकांक्षा के लिए भी ऐसा कुछ जरुर होगा बस इंतजार कर रहा होगा।

## निक जोनस के कॉन्सर्ट में प्रियंका ने मचाया धमाल

प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी आने वाली वेब सीरीज सिटाडेल को लेकर चर्चा में है। यह सीरीज जल्द ही अमेजन प्राइम वीडियो पर देखने को मिलेगी। प्रियंका फिलहाल अपनी इस सीरीज को लेकर जगह-जगह प्रमोशन कर रही हैं। वहीं, बीती रात एक्ट्रेस अपने काम से कुछ समय निकालकर न्यूयॉर्क में अपने पति निक जोनस के म्यूजिक कंसर्ट में पहुंची थी। कॉन्सर्ट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह वीडियो निक और प्रियंका के फैन पेज पर साझा किया है। इस वीडियो में प्रियंका चोपड़ा निक के गाने पर डांस करते हुए नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने ऑरेंज कलर की ड्रेस पहनी हुई है और हमेशा की तरह वह खूबसूरत दिखाई दे रही हैं। एक्ट्रेस के साथ कॉन्सर्ट में सीरीज सिटाडेल के शो रनर डेविड वील और एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर जो रूसो भी पहुंचे हुए थे। वहीं, दूसरे वीडियो में निक स्टेज पर नजर आ रहे हैं और हमेशा की तरह वह उस दौरान अपनी पत्नी प्रियंका का जिक्र करना नहीं भूले।

## तापसी संग शॉपिंग सीक्वेंस की शूटिंग कर रहे शाहरुख

शाहरुख खान की पिछली फिल्म पठान अभी भी चर्चा का विषय बनी हुई है। क्योंकि पिछले साल बॉलीवुड की लगभग फिल्में फ्लॉप साबित हुई थीं, ऐसे में शाहरुख की फिल्म डूबते को तिनके का सहारा थी। इस फिल्म ने सिनेमाघरों में धमाल मचा दिया। पठान ने बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ से ज्यादा की कमाई की है। फिल्म में शाहरुख की एक्टिंग और दीपिका का अंदाज लोगों को जमकर पसंद आया था। अब इन दिनों किंग खान अपनी आने वाली फिल्म डंकी को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें शाहरुख खान कश्मीर में तापसी पन्नू साथ शूटिंग करते नजर आ रहे हैं। शाहरुख खान इन दिनों जवान और डंकी को लेकर सुर्खियों में बने हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर शाहरुख खान से जुड़ा एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। जिसमें यह दावा किया जा रहा है कि शाहरुख खान और तापसी पन्नू अपनी फिल्म डंकी की शूटिंग के लिए कश्मीर में हैं। हालांकि पिछले दिनों यह खबर आई थी कि शाहरुख डंकी की शूटिंग के लिए कश्मीर जाएंगे।

# सामंथा के जन्मदिन पर मृणाल ठाकुर देने वाली हैं खास तोहफा



अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु कल अपना जन्मदिन मनाएंगी। एक्ट्रेस के स्पेशल डे को लेकर फैंस बेताब हैं और इसे खास अंदाज में सेलिब्रेट करना चाहते हैं। इस मामले में अभिनेत्री मृणाल ठाकुर भी जोर-शोर से तैयारियों में जुटी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सामंथा के जन्मदिन के मौके पर मृणाल उन्हें खास तोहफा देने वाली हैं। यह तोहफा क्या है, इससे आज शाम को पर्दा उठ जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक मृणाल ठाकुर, सामंथा के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर एक्ट्रेस की एक कॉमन प्रोफाइल फोटो का अनावरण करने वाली हैं। मृणाल आज शाम सात बजे अपने सोशल मीडिया अकाउंट से एक पोस्टर साझा कर इस कॉमन डीपी का खुलासा करेंगी। सामंथा के फैंस उनके जन्मदिन के मौके पर इस तस्वीर को अपनी डीपी बनाकर बर्थडे सेलिब्रेट करेंगे।

बता दें कि सामंथा की ऑफिशियल प्रोफाइल फोटो से जुड़ी जानकारी सामंथा के एक फैन अकाउंट ने साझा की है। अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया किया है, जिसमें एक पोस्टर पर मृणाल ठाकुर और सामंथा की तस्वीरें हैं। साथ ही लिखा है, %सदाबहार शानदार और स्टाइलिश मृणाल ठाकुर खूबसूरत एक्ट्रेस सामंथा का बर्थडे सेलिब्रेट करने के लिए आज शाम सात बजे एक कॉमन डीपी का अनावरण करेंगी। इस पोस्ट पर सामंथा के फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं है। हर कोई उत्साहित है और कॉमन डीपी का इंतजार करता नजर आ रहा है। सामंथा के वर्क फ्रंट की बात करें तो बीते दिनों उनकी फिल्म शाकुंतलम रिलीज हुई। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का जादू नहीं चल पाया है। जल्द ही वह चर्चित वेब सीरीज सिटाडेल के हिंदी संस्करण में वरुण धवन के साथ नजर आएंगी।

# सामंथा ने इंस्टाग्राम पर तस्वीर साझा कर चिट्टीबाबू को दिया जवाब





सामंथा रुथ प्रभु साउथ इंडस्ट्री की जानी मानी एक्ट्रेस हैं। सामंथा इन दिनों अपनी फिल्म शाकुंतलम और आने वाली वेब सीरीज सिटाडेल को लेकर चर्चा में हैं। वहीं, बीते दिनों तेलुगू प्रोड्यूसर चिट्टीबाबू ने भी सामंथा की फिल्म शाकुंतलम को लेकर बयान दिया था। साथ ही उन्होंने एक्ट्रेस को ओल्ड कह कर तंज कसा था। इसके बाद अब एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें साझा की हैं। दरअसल, एक्ट्रेस सामंथा ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें साझा की हैं। इसमें उनकी पहली तस्वीर उस दौरान की है,जब वह महज 16 साल की हुआ करती थीं। इसके बाद उन्होंने अपने डॉगी की तस्वीरें साझा की हैं और बाद में ऑक्सीजन मास्क लगाए हुए अपनी तस्वीर साझा की है। जैसी कि एक्ट्रेस ने बीते दिनों खुलासा किया था कि वह मायोसाइटिस नामक एक ऑटोइम्यून कंडीशन से जूझ रही है। इस समस्या से निजात पाने के लिए एक्ट्रेस हाइपरबेरिक थेरेपी लेती हैं। इस थेरेपी को लेते हुए उन्होंने इसके साथ एक तस्वीर भी साझा की है। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने एक और तस्वीर साझा की है, जिसमें लिखा है- जो यह जानकर भी पेड़ लगाता है कि वह कभी भी उस पेड़ छाया में नहीं बैठेगा, उसने लाइफ का मीनिंग समझना शुरू कर दिया है। इन लाइन्स को रवींद्रनाथ टैगोर ने लिखा है। एक्ट्रेस ने तस्वीरों को साझा करते हुए कैप्शन में लिखा है- एज आई सी इट। आपको बता दें कि सामंथा और प्रोड्यूसर चिट्टीबाबू के बीच बीते दिनों नोंकझोंक देखने को मिली थी। साथ ही एक्ट्रेस ने भी बाद में प्रोड्यूसर के कान के बालों का मजाक बनाया था। दरअसल, चिट्टीबाबू ने एक्ट्रेस के करियर के खत्म होने को लेकर अपना बयान दिया था- उन्होंने कहा था कि सामंथा अब 18 या 20 साल की नहीं रह गई हैं और जिसके कारण मैंने कहा कि वह शांकुतमल जैसी बेहतरीन फिल्म में उसके किरदार के लिए सही च्वॉइस नहीं थी, तो इसमें गलत क्या है।

# दक्षिण भारत में मिचौंग का कहर कई घर और फसलें हुई बर्बाद

**प्रयास**

**बचावकर्मी बाढ़ वाले इलाकों में फंसे निवासियों को बचाने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं।**

**चेन्नई।** चक्रवात मिचौंग दक्षिण भारत में बीते कई दिनों से कहर बरपा रहा है। इस चक्रवात के कहर के कारण दक्षिण भारत में अब तक कम से कम 12 लोगों की मौत हो चुकी है।

तमिलनाडु और ओडिशा में भयंकर तबाही मचाने के बाद मिचौंग चक्रवार ने मंगलवार दोपहर साढ़े 12 बजे से ढाई बजे के बीच 90 से 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार के साथ आंध्र प्रदेश में दस्तक दी। बता दें कि चेन्नई में मिचौंग का सबसे ज्यादा असर दिखाई दिया है। चेन्नई शहर विशेष रूप से बुरी तरह प्रभावित हुआ है,




जहां बारिश से संबंधित घटनाओं में कम से कम 12 लोगों की जान चली गई है। बचावकर्मी बाढ़ वाले इलाकों में फंसे निवासियों को बचाने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं।

चक्रवात मिचौंग ने तमिलनाडु और ओडिशा में जमकर कहर बरपाया है। तूफान ने संपत्ति और बुनियादी ढांचे को व्यापक नुकसान पहुंचाया है, हजारों एकड़ में फैली फसलें फसलें भी बर्बाद हो गईं हैं और सैकड़ों घर भी क्षतिग्रस्त हुए हैं।आंध्र प्रदेश की लंबी तटरेखा इसे विशेष रूप से चक्रवातों के प्रति अधिक संवेदनशील बनाती है। 3.3 मिलियन से अधिक लोग समुद्र तट के 5 किमी के दायरे में रहते हैं, जिससे उन्हें तूफान और बाढ़ का खतरा रहता है।

मिचौंग एक असामान्य रूप से देर से आने वाला चक्रवात है, क्योंकि इस क्षेत्र में अधिकांश तूफान आमतौर पर अक्टूबर और नवंबर में आते हैं। वहीं, विशेषज्ञों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन इसका मुख्य कारण हो सकता है। मिचौंग चक्रवात के चलते आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और ओडिशा में अधिकारी हाई अलर्ट पर हैं और नुकसान का आकलन करने और प्रभावित समुदायों को राहत प्रदान करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं।

प्रभावित अनकापल्ली जिले में 52 पुनर्वास केंद्र स्थापित किए गए हैं और 60,000 से अधिक लोगों को रहने की व्यवस्था की गई है। मौसम विभाग का कहना है कि मंगलवार देर रात तक तूफान की गति घटकर 65-75 किलोमीटर प्रति घंटे थी। आंध प्रदेश में चक्रवात मिचौंग के चलते मंगलवार को 140 ट्रेनें और 40 उड़ानें रद्द कर दी गईं।

# लालदुहोमा होंगे मिजोरम के नए मुख्यमंत्री



**आइजोल।** मिजोरम विधानसभा चुनाव में जोरम पीपुल्स मूवमेंट ने शानदार जीत दर्ज की है। इस बीच मिजोरम राजभवन के सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया है कि लालदुहोमा शुक्रवार को मिजोरम के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। लालदुहोमा ने बुधवार को राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया।

समाचार एजेंसी पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि लालदुहोमा शुक्रवार को सुबह 11 बजे राजभवन में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। जोरम पीपुल्स मूवमेंट ने सोमवार को राज्य विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की है, उसे कुल 40 सीटों में से 27 सीटें पर जीत मिली है।

लालदुहोमा आईपीएस अधिकारी रह चुके हैं, वह पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के सुरक्षा प्रभारी के रूप में काम कर चुके हैं। उन्होंने मैट्रीकुलेशन के बाद उन्होंने गुवाहाटी यूनिवर्सिटी से उच्च शिक्षा के लिए पढ़ाई की।

जोरम पीपुल्स मूवमेंट के एक नेता ने बताया कि लालदुहोमा ने मंगलवार शाम को नवनिर्वाचित पार्टी विधायकों के साथ बैठक की और मंत्रिपरिषद के गठन और विभागों के बंटवारे के बारे में चर्चा की।

जेडपीएम ने राज्य विधानसभा चुनावों में मौजूदा मिजो नेशनल फ्रंट को मात दी है। मिजो नेशनल फ्रंट को केवल 10 सीटें मिली हैं। वहीं, भाजपा को सिर्फ दो सीटों पर और कांग्रेस को एक सीट पर संतोष करना पड़ा।

# ईवीएम पर कांग्रेस में दो फाड़!

## दिग्विजय और कमलनाथ ने उठाए सवाल तो कांग्रेस के ही सांसद ने दिखा दिया आईना

**नई दिल्ली।** ईवीएम की विश्वसनीयता को लेकर कांग्रेस में दो फाड़ हो गया है। एक तरफ कुछ वरिष्ठ नेता ईवीएम को लेकर सवाल उठा रहे हैं तो दूसरी तरफ कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने कहा है कि उन्हें ईवीएम पर पूरा भरोसा है। दरअसल, मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में मिली करारी हार के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने ईवीएम को लेकर सवाल उठाए हैं।

सांसद कार्ति चिदंबरम ने बुधवार को कहा, ईवीएम पर मेरा पूरा भरोसा है। मुझे ईवीएम के काम पर कोई संदेह नहीं है। मैं जानता हूं कि पार्टी के कई सहयोगी हैं जिनकी राय अलग हो सकती है, लेकिन मैं 1996 से चुनाव में या तो एक उम्मीदवार के रूप में या अन्य उम्मीदवारों के एजेंट के रूप में इसमें शामिल रहा हूं। ईवीएम पर मेरा विश्वास नहीं बदलेगा। तीनों राज्यों में भाजपा को मिली जीत के बाद कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह और कमलनाथ ने भी ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े किए हैं। दिग्विजय सिंह ने कहा, ÷चिप



वाली किसी भी मशीन को हैक किया जा सकता है। मैंने 2003 से ही ईवीएम द्वारा मतदान का विरोध किया है। क्या हम अपने भारतीय लोकतंत्र को पेशेवर हैकरों द्वारा नियंत्रित करने की अनुमति दे सकते हैं! यह मौलिक प्रश्न है जिसका समाधान सभी राजनीतिक दलों को करना होगा। उन्होंने आगे कहा कि माननीय चुनाव आयोग और माननीय सर्वोच्च न्यायालय क्या आप हमारे भारतीय लोकतंत्र की रक्षा करेंगे? वहीं, मंगलवार को ईवीएम के भरोसे पर जब दिग्विजय सिंह से सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मुझे तो ईवीएम पर भरोसा नहीं है। इसके बाद मीडिया ने उनसे पूछा कि क्या कांग्रेस को भी ईवीएम पर भरोसा नहीं है तो उन्होंने इसके जवाब में कहा कि यह बात तो कांग्रेस से पूछिए।

# अविवाहिता की सेरोगेसी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को किया तलब

**नई दिल्ली।**सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को किराये की कोख (सेरोगेसी) को अविवाहित महिलाओं के लिए प्रतिबंधित करने के प्रविधान को चुनौती देने वाली याचिका पर केंद्र सरकार को नोटिस



जारी किया है। सेरोगेसी के जरिये मां बनने के कानून के प्रविधानों पर विचार करने के लिए सर्वोच्च अदालत ने सहमति जताई है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और उज्जल भुयन की खंडपीठ ने केंद्र को नोटिस जारी करके जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट में वरिष्ठ वकील सौरभ किरपाल संक्षिप्त सुनवाई में याचिकाकर्ता नेहा नागपाल की ओर से पेश हुए। अधिवक्ता सौरभ ने कहा कि सेरोगेसी के मौजूदा कानून में कई झोल हैं। इसके प्रविधान संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता के अधिकार) और अनुच्छेद 21 (जीवन और निजी स्वतंत्रता के अधिकार) का उल्लंघन करते हैं।

केंद्र की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सालीसिटर ऐश्वर्य भाटी ने खंडपीठ को बताया कि वृहत्तर बेंच के समक्ष अविवाहित महिला की सेरोगेसी का मामला लंबित है। सौरभ किरपाल ने कहा कि इस मामले को सुना जाना चाहिए क्योंकि यह बड़ा संवैधानिक सवाल है।

इसके बाद खंडपीठ ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता को बिना विवाह के भी प्रजनन व मातृत्व का अधिकार है। याचिकाकर्ता डायबटीज की मरीज है।

# क्यों टली I.N.D.I.A गठबंधन की बैठक?

## संजय राउत ने बताई असली वजह

**नई दिल्ली।** शिव सेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने बुधवार को

**अभियान**

**ममता बनर्जी के घर में एक शादी है, एमके स्टालिन अपने बाढ़ प्रभावित राज्य में राहत अभियान में व्यस्त हैं।**

होने वाली आईएनडीआईए गठबंधन की बैठक के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारी बैठक आज होने वाली थी, लेकिन कुछ प्रमुख नेताओं की व्यस्तता के कारण इसे स्थगित कर दिया गया है। इसके अलावा राउत ने गठबंधन की अगली बैठक की तारीखों के बारे में भी बताया। सांसद राउत ने कहा, आईएनडीआईए गठबंधन में हम एक साथ हैं। आईएनडीआईए गठबंधन की



बैठक आज होने वाली थी, लेकिन कुछ प्रमुख नेता व्यस्तता के कारण उपलब्ध नहीं हैं। ममता बनर्जी के घर में एक शादी है, एमके स्टालिन अपने बाढ़ प्रभावित राज्य में राहत अभियान में व्यस्त हैं, नीतीश कुमार की तबीयत ठीक नहीं है और अखिलेश यादव उपलब्ध नहीं हैं, इसलिए यह बैठक 16 या 18 दिसंबर को होगी। चेहरा आदि सब कुछ बैठक में तय होगा। हम साथ हैं और इसका नतीजा आपको 2024 में दिखेगा। उन्होंने कहा कि आईएनडीआईए की अगली बैठक 16 से 18 दिसंबर के बीच हो सकती है और इसमें गठबंधन के चेहरे सहित कई चीजें तय की जाएंगी। इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आज इंडिया ब्लॉक में शामिल नेताओं की बैठक बुलाई थी। वहीं, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को बुधवार को बैठक में शामिल होने में असमर्थता की जानकारी दी थी। हेमंत सोरेन ने रांची में मीडिया से कहा, ÷मैं राज्य में व्यस्त रहूंगा। मैंने कल खरगे जी से बात की, हमारी ओर से कोई प्रतिनिधि जाएगा। इस बैठक में लोकसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे के ऊपर चर्चा होने की सबसे प्रबल संभावना है।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मिलेगी राहत?...ठग सुकेश चंद्रशेखर की याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट आज करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट महाठग सुकेश चंद्रशेखर की याचिका पर आज सुनवाई करेगा। सुकेश ने साल 2017 के चुनाव संबंधी धन शोधन रोधी कानून के अंतर्गत प्रवर्तन निदेशालय (श्वष्ठ) द्वारा दर्ज केस को रद करने की मांग को लेकर यह याचिका दायर की। सुकेश का यह मामला कमीशन रिश्वतखोरी से जुड़ा हुआ है। चंद्रशेखर पर आरोप है कि उसने तमिलनाडु में उपचुनाव लड़ने के लिए वीके शशिकला गुट के लिए पार्टी का चुनाव चिन्ह दो पत्तियां हासिल करने के लिए अन्नाद्रमुक के पूर्व नेता टीटीवी दिनाकरण से रकम ली थी। न्यायमूर्ति अमित शर्मा, जिनके समक्ष मामला सुनवाई के लिए लाया गया, में कहा गया कि चंद्रशेखर ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) और अभियोजन शिकायत (चार्जशीट) को रद्द करने की मांग की।

# गरीब कल्याण योजना का आदर्श मॉडल प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीब कल्याण योजना के माध्यम से श्रमिक, महिला एवं किसानों के सशक्तीकरण का जो मॉडल पेश किया है। वह देश से गरीबी दूर करने का



एक आदर्श मॉडल है। देश की राजनैतिक चर्चा में गरीब की चर्चा होना जरूरी है।

देश में नेशनल फूड सिक्योरिटी एक्ट बनने के बाद भी देश में गरीब आदमी के पास राशन नहीं पहुंच पाया। पीडीएस सिस्टम में इस बात की गारंटी दी गई की वहां से आदमी को सस्ता अनाज मिलेगा। फिर भी पीडीएस पर हमेशा से उंगलियां उठती रही हैं, जब ये योजना शुरू हुई थी तो सिर्फ चार राज्यों में थी। लेकिन अब मोदी जी ने यह योजनाएं 36 राज्यों में लागू की हैं। इसमें भी 2 प्रकार की योजनाएं है- एक ओडब्ल्यूएस और दूसरी प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजाना। जब हम एक योजना में एक परिवार को युनिट मानते हैं तो उसे एक मुफ्त में 35 किलो अनाज देते हैं। इस योजना में प्रत्येक परिवार के सदस्य को 5 किलो राशन दिया जाता है। वन नेशन वन कार्ड ने गरीब मजदूरों को देश के किसी भी हिस्से में अपने खाद्यान्न की सुरक्षा की गारंटी दी है, वहीं डिजिटल कार्ड ने परिवार के प्रत्येक व्यक्ति को अलग-अलग रहने की परिस्थिति में खाद्य गारंटी भी दी है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने फिर से 5 साल के लिए गरीब कल्याण योजनाओं को बढ़ाया है अब इसमें मुफ्त में अनाज लगभग 80 करोड़ से ज्यादा लोगों को मिलेगा। इस योजना में 5 साल में करीब 11 करोड़ 80 लाख रुपए खर्च होगा। वही प्रतिपक्ष में बैठे लोगों को इस पर चर्चा करनी है तो वो गरीब कल्याण योजनाओं पर चर्चा करें ताकि योजनाओं का सही मूल्याकंन हो सके।

# पति को खोने के बाद अवशेषों को भारत भेजने में जुटी लाचार पत्नी

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया में एक 26 वर्षीय भारतीय व्यक्ति की कार के दुर्घटनाग्रस्त होने और कई बार पलटने से दर्दनाक मौत हो गई। अब मृतक की पत्नी ने उनके अवशेषों को भारत




में उनके माता-पिता के पास वापस भेजने के लिए मदद की अपील की है। विंडहैम टीवी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, खुशदीप सिंह सोमवार रात करीब 11.15 बजे पामर्स रोड पर गाड़ी चला रहे थे और उसी दौरान दक्षिण-पश्चिम मेलबर्न में उनकी कार कइ बार पलट गई। आपातकालीन सेवाएं तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और खुशदीप को बचाने की कोशिश की, लेकिन हादसा इतना भंयकर था कि उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस दुर्घटना के सटीक कारण की जांच कर रही है, लेकिन अधिकारी का मानना है कि थकान के कारण ये हादसा हुआ होगा। अपने पति के अवशेषों को भारत में उनके माता-पिता को वापस भेजने के लिए, सिंह की पत्नी, जपनीत कौर ने GoFundMe पर एक फंडरेजिंग अभियान शुरू किया है। बता दें कि जपनीत कौर एक अंतरराष्ट्रीय छात्रा हैं, जो पिछले साल ऑस्ट्रेलिया आई थी। उन्होंने बताया कि उनके पति मेलबर्न में ट्रक ड्राइवर के रूप में काम करते थे। कौर का समर्थन करने के लिए लोग सामने आ रहे है। अपनी याचिका में, कौर ने इस हृदयविदारक समय के दौरान मिले लोगों के समर्थन और संवेदना के लिए आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि नवंबर में, मेलबर्न में एक पब के खचाखच भरे आउटडोर डाइनिंग एरिया में एक लग्जरी एसयूवी घुस गई थी, जिससे दो भारतीय परिवारों के दो बच्चों सहित पांच सदस्यों की मौत हो गई थी।

## पाकिस्तान में मारा गया लश्कर प्रमुख हाफिज सईद का सहयोगी हंजला अदनान, अज्ञात बंदूकधारियों ने घर के बाहर गोलियों से भूना

**नई दिल्ली।** लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी हंजला अदनान की पाकिस्तान के कराची में अज्ञात बंदूकधारियों द्वारा हत्या कर दी गई। हंजला ने 2015 में जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में बीएसएफ के काफिले पर हमले की साजिश रची थी। वह 26/11 मुंबई हमले के मास्टरमाइंड लश्कर प्रमुख हाफिज सईद का करीबी माना जाता था। अज्ञात बंदूकधारियों ने अदनान को 2 और 3 दिसंबर की रात को उसके आवास के बाहर गोली से भून दिया। अदनान के शरीर में चार गोलियां लगी थीं। सूत्रों के मुताबिक, लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी को पाकिस्तानी सेना गुप्त रूप से कराची के एक अस्पताल में ले गई। इलाज के बीच 5 दिसंबर को उसकी मौत हो गई।

# तेजी से पिघल रहा ग्लेशियर, बढ़ रहा कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन में मंगलवार को एक रिपोर्ट जारी की गई है, जिसमें क्लाइमेट को लेकर बहुत बुरे संकेत दिए गए है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (ङ्ख्रूस्न) की एक नई रिपोर्ट के अनुसार, पिछला दशक रिकॉर्ड पर सबसे गर्म रहा है। इस रिपोर्ट में बढ़ती बारिश, अधिक गर्म दिन और ग्लेशियर के पिघलने और टूटने की बात कहीं गई है। रिपोर्ट कहती है कि 2011-2020 का दशक रिकॉर्ड पर सबसे गर्म दशक रहा। इसका वैश्विक औसत तापमान 1850-1900 के औसत से 1.10 ह 0.12 डिग्री सेल्सियस ऊपर था। वहीं, 2011-2020 के दशक में उत्तर पश्चिम भारत, पाकिस्तान, चीन और अरब प्रायद्वीप के दक्षिणी तट में अत्याधिक बारिश दर्ज की गई। 2011-2020 के दौरान दक्षिण-पूर्व एशिया, यूरोप, दक्षिणी अफ्रीका, मैक्सिको और

**संगठन**

**विश्व मौसम विज्ञान संगठन की उप महासचिव एलेना मानेनकोवा ने कहा, पिछला दशक जलवायु परिवर्तन के बढ़ते खतरे की याद दिलाता है।**

पूर्वी ऑस्ट्रेलिया सहित कई क्षेत्र अत्यधिक गर्म रहे। ये 1961-1990 के औसत से लगभग दोगुने थे। इस दशक के दौरान बाढ़ और सूखे जैसी मौसमी घटनाओं का वैश्विक स्तर पर सामाजिक-आर्थिक और मानवीय प्रभाव पड़ा। दुनिया भर में ग्लेशियर का पिघलना और अंटार्कटिक महाद्वीपीय बर्फ की



चादर से बर्फ के नुकसान में 75त्न की वृद्धि हुई है। 2001-2010 की तुलना में 2011-2020 समुद्र का स्तर बढ़ा है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन की उप महासचिव एलेना मानेनकोवा ने कहा, पिछला दशक जलवायु परिवर्तन के बढ़ते खतरे की याद दिलाता है। 2023 में वैश्विक कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन 36.8 बिलियन मीट्रिक टन तक पहुंचने के साथ, यह स्पष्ट है कि हमें इस चुनौती से निपटने के लिए और अधिक गंभीर कार्रवाई करने की आवश्यकता है मानेनकोवा ने देशों से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने और जलवायु अनुकूलन उपायों को लागू करने के लिए अधिक कड़े कदम उठाने का आग्रह किया है। उन्होंने नवीकरणीय ऊर्जा और अन्य जलवायु-अनुकूल प्रौद्योगिकियों में निवेश बढ़ाने का भी आह्वान किया।

## अमेरिका ने फिर आतंकी पन्नू की हत्या का राग अलापा, भारतीय अधिकारी पर लगाया साजिश रचने का आरोप

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने एक भारतीय अधिकारी पर सिख अलगाववादी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नून की अमेरिकी धरती पर हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया है। अमेरिका ने कहा है कि वह अपने देश में अलगाववादी सिख नेता की हत्या की साजिश में भारतीय अधिकारी की संलिप्तता के आरोपों के संबंध में भारत द्वारा की जाने वाली जांच का इंतजार करेगा।

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने मीडिया से कहा, हमने इस मामले को सरकार के सबसे ऊंचे स्तर पर उठाया है। विदेश मंत्री ने इसे सीधे अपने विदेशी समकक्ष (एस जयशंकर) के सामने उठाया है। हम इस मुद्दे को बहुत गंभीरता से लेते हैं। भारत ने हमें बताया है कि वे इसको लेकर जांच करेंगे।

# इजरायली महिलाओं की चीख आपने नहीं सुनी क्योंकि वो...

## मानवाधिकार संगठनों पर फूटा नेतन्याहू का गुस्सा

**तेल अवीव।** संघर्षविराम के बाद इजरायल मे हमास के खिलाफ दक्षिणी गाजा में हमले और तेज कर दिए हैं। खान यूनिस शहर के पूर्वी

**आबादी**

**इजरायली बमबारी में 23 लाख की आबादी वाले गाजा पट्टी के 80 प्रतिशत लोग विस्थापित हो चुके हैं।**

इलाके में मंगलवार को इजरायली टैंकों ने भीषण गोलीबारी की। इस युद्ध में हजारों महिलाओं और मासूम बच्चों की मौत हो चुकी है। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों ने ये दावा किया है इजरायली सेना द्वारा किए गए हमले में महिलाओं और बच्चों की मौत हो रही है। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों के इन दावों पर इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों पर एकतरफा





आरोप लगाने की बात कही है।

उन्होंने इजरायल के खिलाफ टिप्पणी करने वाले अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों पर टिप्पणी करते हुए कहा,जब हमास के लड़ाकों द्वारा महिलाओं के साथ अत्याचार हुआ तो ये अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों ने चुप्पी क्यों साध रखी थी। इजरायली पीएम ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर पोस्ट किया, ÷मैं महिला अधिकार संगठनों, मानवाधिकार संगठनों से कहता हूं÷ आपने इजरायली महिलाओं के दुष्कर्म, भयानक अत्याचार, यौन उत्पीड़न के बारे में सुना है - आप कहां हैं?

द टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के अनुसार, बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि आपने सुना है, मैंने यौन शोषण और क्रूर दुष्कर्म के अभूतपूर्व मामलों के बारे में सुना है। लेकिन, उन्होंने (महिला समूहों और मानवाधिकार समूहों) इस बारे में इजरायली महिलाओं की चीख नहीं सुनी। क्या आप इसलिए चुप थे क्योंकि ये यहूदी महिलाएं थीं?

इजरायली बमबारी में 23 लाख की आबादी वाले गाजा पट्टी के 80 प्रतिशत लोग विस्थापित हो चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, सात अक्टूबर को हमास के हमले के बाद इजरायली कार्रवाई में 15,890 लोगों की जान जा चुकी है। 41 हजार से अधिक घायल हैं। हजारों लापता हैं। वहीं, हमास के हमले में 1200 से अधिक लोगों की मौत हुई थी और 240 को बंधक बना लिया गया था। इजरायल डिफेंस फोर्स (आइडीएफ) ने मंगलवार को कहा, गाजा में हमास के खिलाफ उनके ऑपरेशन के दौरान सेना के तीन और जवान मारे गए हैं। इसके साथ ही जमीनी कार्रवाई शुरू होने के बाद से गाजा में अब तक हमारे 81 सैन्यकर्मी मारे गए हैं।

# इजरायली हमले में लेबनानी सेना की मौत पर आईडीएफ ने जताया अफसोस

**यरूशलम।** इजरायल और हमास के बीच युद्ध जारी है। इसी बीच इजरायल की उत्तरी सीमा पर लेबनान के साथ झड़पें तेज हो गई है। इसे लेकर इजरायल ने उत्तरी सीमा पर हिजबुल्लाह से जुड़ी एक चौकी को निशाना बनाया, जिसमें एक लेबनानी सैनिक की मौत हो गई। इस पर इजरायल ने अफसोस जताया है और कहा कि इस घटना की समीक्षा की जा रही है।

इजरायली हमले के बाद लेबनानी सेना ने कहा कि इजरायल द्वारा की गई बमबारी में एक सैनिक शहीद हो गया और तीन अन्य घायल हो गए। इस पर इजरायल ने भी बयान जारी किया है और घटना पर खेद जताया है। इजरायल ने कहा कि हिजबुल्लाह के कैंप के रूप में पहचाने गए एक स्थल पर गोलीबारी की गई, जिसमें सूचना मिली है कि लेबनान के कई सैनिक घायल हो गए। हमारे निशाने पर



लेबनानी सैनिक नहीं थे। इजरायल ने कहा, आईडीएफ को घटना पर खेद है, और इसकी जांच की जाएगी। बता दें कि हिजबुल्लाह ने हमास के हमले का समर्थन किया था। हालांकि, हिजबुल्लाह के नेता हसन नसरल्ला ने सात अक्टूबर की घटना में अपने संगठन की भूमिका होने से इनकार किया था। इसके बाद से उत्तरी सीमा पर लेबनान और इजरायल के बीच झड़पें तेज हो गई थी। इजरायल ने हिजबुल्लाह को कड़ी चेतावनी दी थी कि तनाव को शांत करने के लिए वह हर संभव कदम उठा सकता है। इसे लेकर इजरायल ने सीमावर्ती इलाकों से लोगों को भी हटा दिया था।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** देश भर में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि मनाई जा रही है। इस मौके पर बड़हलगंज में कार्यकर्ताओं द्वारा नगर पंचायत बड़हलगंज के बाई पास रोड पर स्थित डॉ.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

वहीं मण्डल अध्यक्ष अखण्ड प्रताप शाही, एनजीओ प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक व चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर, ब्लॉक प्रमुख रामआशीष राय ने डॉक्टर अंबेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इसके अलावा राजीव पांडेय, सुनील सिंह, आमोद गौंड, दुर्गेश मिश्र, आलोक त्रिपाठी, सूरज सोनकर, आदित्य तिवारी, कुलदीप गौंड, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, शिव प्रकाश यादव, गुलाब प्रसाद समेत कई अन्य गणमान्य भी उपस्थित रहे। इस दौरान महेश उमर ने कहा कि आज हम बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को उनकी पुण्यतिथि पर याद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस देश के निर्माण में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। देश संचालन के लिए संविधान के निर्माण में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि संविधान ने देश के सभी लोगों को एक साथ और समानता के साथ आगे बढ़ने का मौका दिया है। मण्डल अध्यक्ष अखण्ड प्रताप शाही ने कहा कि संविधान समाज के सभी दलित, शोषित, पिछड़े और महिलाओं समेत सभी वर्गों को एक साथ एकता और समानता के साथ आगे बढ़ाने की सीख देता है और प्रदेश की वर्तमान सरकार इन्हीं मूल्यों के ऊपर काम करते हुए आगे बढ़ने का काम कर रही है। वहीं, ब्लॉक प्रमुख रामआशीष राय ने कहा कि शोषित वर्ग,आर्थिक रूप से कमजोर व दलितों के उत्थान के लिए प्रयास और भारत के संविधान के निर्माण में उनका योगदान हम सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत है।

### नीरज और सुरेश को मिलेगा डीजीसीडी डिस्क एवार्ड

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** नागरिक सुरक्षा के सहायक उप नियंत्रक नीरज श्रीवास्तव एवं स्टाफ आफिसर टू चीफ वार्डेन फायर सुरेश कुमार गुप्ता को भारत सरकार ने डीजीसीडी डिस्क एवार्ड से नवाजा है। इस आशय की जानकारी नागरिक सुरक्षा के 61वें स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर गृह मंत्रालय, भारत सरकार के एडीजी, नागरिक सुरक्षा उमेश शर्मा द्वारा जारी पत्र से हुई है। उत्कृष्ट कार्यों के लिए इनके नामों की संस्तुति जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने की थी। एवार्ड मिलने की सूचना होने पर नागरिक सुरक्षा के वार्डनों मे खुशी की लहर व्याप्त है। नियंत्रक सत्य प्रकाश सिंह चीफ वार्डेन डॉ. संजीव गुलाटी, डिप्टी चीफ वार्डन डॉ. शरद श्रीवास्तव, वरिष्ठ सहायक उप नियंत्रक वेद प्रकाश, डिवीजनल वार्डन अखिलेश ओझा, राजेश चौधरी, दीपक माथुर, शेष नारायण मिश्र, मनजीत सिंह, अमरनाथ जायसवाल समेत कई लोगों ने शुभकामनाएं दी है।



### राजस्व राज्य मंत्री ने किया औचक निरीक्षण

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** बुधवार को राजस्व राज्य मंत्री ने ई डिस्टिक का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जनपद स्तरीय कंट्रोल रूम को देखकर अधिकारियों से अवगत हुए की आने वाले शिकायती पत्रों को किस तरह से निस्तारण किया जाता है अधिकारियों ने राज्य मंत्री को अवगत कराया कि जनपद के किसी भी जगह से आने वाले शिकायती प्रपत्रों को संबंधित विभागों के अधिकारियों के पास हस्तांतरित कर के फोन से आवेदक को जानकारियां दिया जाता हैं आवेदक को अवगत कराया जाता है कि आपके प्रार्थना पत्र को संबंधित अधिकारी के पास भेज दिया गया है संबंधित अधिकारी आवेदक से टेलीफोन से वार्ता कर बताए हुए स्थान पर पहुंचकर प्रार्थना पत्र का निस्तारण करने का कार्य करते हैं जिससे आवेदक संतुष्ट हो सके ई डिस्टिक निरीक्षण के दौरान एडीएम प्रशासन पुरुषोत्तम गुप्ता एडीएम वित्त राजस्व विनीत कुमार सिंह मुख्य राजस्व अधिकारी सुशील कुमार गौड़ ई डिस्टिक मैनेजर नीरज श्रीवास्तव मौजूद रहे।

### सहजनवा फोरलेन कट पर जाम से मिला निजात

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा थाना चौराहे के फोरलेन पर लगातार गुजर रहे भारी वाहनों से बने कट के दोनो छोर पर गुजर रहे राहगीरों की वजह से लगातार हो रहे जाम की स्थित बनी रहती थी। कभी कभी देखा जाता था की कट से गुजर रहे राहगीरों की वजह से फोरलेन के दोनो पटरियों पर वाहनों की लम्बी कतारे लग जाती थी। इस समस्या से निजात पाने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों और व्यापारियों ने पहल किया जो रंग लायी। मंगलवार को प्रशासन ने नगर के जनप्रतिधियों और व्यापारियों के साथ बैठक कर निर्णय लिया की जाम से निजात दिलाने के लिए यातायात पुलिस एक पुलिस कर्मियों की तैनाती की जायेगी। बुधवार को देखा गया की एक यातायात पुलिस का जवान तथा तीन होमगार्ड की तैनाती की गई थी। जो कट से गुजर रहे राहगीरों को हाथ से इशारा कर आने जाने देते थे। इनकी ड्यूटी सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक लगाई गई थी। पुलिस कर्मियों के तैनाती से जाम से निजात मिलना शुरू हो गया है।

### एम. प. स्कूल पर मना बाबा साहब का परिनिर्वाण दिवस

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गोला उपनगर के सुअरज गाँव में स्थित एमसीए पब्लिक स्कूल पर शिक्षक शिक्षिकाए व छात्र छात्राओं ने संविधान के निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर फूल माला अर्पित कर परिनिर्वाण दिवस मनाया। इस मौके पर बाबा साहब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उप प्रधानाचार्य राहुल यादव ने बताया कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर 6 दिसंबर 1956 को अंतिम सांस ली। बाबा साहब के बहुमूल्य योगदान को याद करने के लिए यह दिन पूरे भारत में महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है। परिनिर्वाण बौद्ध धर्म के प्राथमिक सिद्धांतों में से एक है। इसका अर्थ है कोई व्यक्ति जिसने अपने जीवन काल में और मृत्यु के बाद निर्वाण या स्वतंत्रता प्राप्त कर ली है। संस्कृत में परिनिर्वाण दिवस का अर्थ मृत्यु के बाद निर्वाण प्राप्त करना अर्थात मृत्यु के बाद शरीर से आत्मा की मुक्ति। इसके पश्चात शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी अपने विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुकेश प्रजापति राजन वीरेंद्र मौर्य सरवन यादव पूनम नीलू तिवारी खुशबू काजल सहित शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### परिनिर्माण दिवस पर डा अंबेडकर को दी गई श्रद्धांजलि

**सहजनवा गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा तहसील बार एसोसीएशन द्वारा तहसील सभागार में संविधान के रचयिता डा भीमराव के परिनिर्माण दिवस को धूमधाम से मनाया। अधिवक्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान बार अध्यक्ष केके त्रिपाठी ने कहा कि 6 दिसंबर को डा भीमराव अंबेडकर द्वारा दिए गए सामाजिक योगदान और उनकी उपलब्धि को याद करने के लिए मनाया जाता है। बौद्ध नेता के रूप में बाबा साहेब की सामाजिक स्थिति के कारण उनकी पुण्यतिथि को महा परिनिर्माण दिवस के रूप में जाना जाता है। वही वार्ड 4 केशवपुर में परिनिर्माण दिवस के अवसर पर बाबा साहेब को श्रद्धांजली दी गई तथा अधिवक्ता यशवंत भारती द्वारा भारत का संविधान निर्माण प्रक्रिया डा अंबेडकर पर पुस्तक लिखने पर सभासद लक्ष्मण द्वारा उन्हें फूलमालाओं तथा शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान बार मंत्री राधवेंद्र सिंह, अधिवक्ता इंदेश प्रसाद, सतीश कुमार, संतोष चौधरी, विनोद मिश्र, जीबी सिंह, भूपेश तिवारी, रविंद्र, सुशील, आर्या, रमाशंकर, कुबेर, राममिलन सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### दो बाइक में टक्कर दोनो पक्षों पर केस दर्ज

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा थाना क्षेत्र के महदेईया धुसियापार मोड के पास दो बाइक सवार आपस में भिड़ कर गम्भीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनो पक्षों की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। भीटी रावत टोला भरपुरवा निवासी राजेंद्र प्रसाद पुत्र चननालाल व शुभम पुत्र रामरूप दोनो मंगलवार सुबह में महदेईया के घुसियापार मोड पर आपस में बाइक लेकर भिड़ गए थे। जिसमे दोनो को चोटे आई थी। बाइक क्षतिग्रस्त हो गई थी। टक्कर के बाद दोनो में मारपीट और एक दूसरे को जान से मारने की धमकी दे रहे थे। पुलिस ने एक पक्ष के शुभम की शिकायत पर राजेंद्र प्रसाद, दो, तीन अज्ञात तथा दूसरे पक्ष राजेंद्र प्रसाद की शिकायत पर शुभम के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

**किसान मोर्चे ने कराया नमो कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन**

# मोदी सरकार में खेलों को दिया जा रहा बढ़ावा: राधेश्याम पांडे



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खेलो इंडिया बढ़ो इंडिया कार्यक्रम के तहत शहर के रविंद्र किशोर शाही स्टेडियम में भाजपा किसान मोर्चा के तत्वाधान में नमो कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमे जिले के प्रत्येक विधानसभा से दो दो टीमें तथा देवरिया विधानसभा से 4 टीमों ने भाग लिया। कुल 16 टीम भाग ले रही हैं जो टीम विजई होगी उसे लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सम्मानित करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी विशिष्ट अतिथि किसान मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राधेश्याम पांडे तथा नगर पालिका अध्यक्षा अलका सिंह दीप प्रज्वलन कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया तथा अतिथियों खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि इस तरह के खेलो के आयोजन से युवाओं के शारीरिक विकास के साथ उनका मानसिक विकास भी होता है। खेल के क्षेत्र में देवरिया ने राष्ट्रीय फलक पर अपना लोहा मनवाया है उमेश यादव आज क्रिकेट के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पे देवरिया का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विशिष्ट अतिथि राधेश्याम पांडे ने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार में खेलों को काफी बढ़ावा दिया जा रहा है जिससे युवा पीढ़ी स्वस्थ और विकसित हो रही है। खेलों के माध्यम से स्वस्थ भारत की संकल्पना ही मोदी सरकार का उद्देश्य है। न पा अध्यक्षा अलका सिंह ने कहा कि जनपद में प्रतिभाओं की कमी नहीं है चाहे वो खेल का क्षेत्र हो या अन्य कोई क्षेत्र हो विकसित राष्ट्र के योगदान में युवा खिलाड़ियों की भी भूमिका महत्वपूर्ण है। किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन मिश्रा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और आभार जताया। संचालन भगवान यादव ने किया। प्रथम प्रतियोगिता में रामपुर कारखाना और भाटपार रानी के मुकाबले में रामपुर की टीम ने 17 अंक प्राप्त किया और भाटपार की टीम ने 36 अंक पाकर जीत दर्ज की । दूसरे मुकाबले में भलुअनी और गौरी बाजार के बीच में भलुअनी की टीम ने 19 अंक प्राप्त किया और गौरीबाजार की टीम 30 अंक पाकर विजई हुई।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 दिसंबर को

**कुशीनगर।** अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रवि कान्त यादव ने जनपदवासियों को अवगत कराया है कि 9 दिसंबर शनिवार को दीवानी न्यायालय, कुशीनगर के प्रांगण में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर अशोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में किया जा रहा है। उन्होंने जनपद के समस्त अधिवक्तागण एवं वादकारियों से अनुरोध किया है कि 9 दिसंबर को दिन शनिवार को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण करावें। साथ ही ऐसे बाद जो अभी तक न्यायालय में दाखिल नही किए गए हैं, उनको भी प्री-लिटिगेशन स्तर पर निस्तारित करावे। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में अधिक जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है।

# बाबा साहब के पद चिन्हों पर चलने का ले संकल्प: जिलाधिकारी

**कलेक्ट्रेट में मनाई गई बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि**



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** भारत रत्न सम्मानित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा एवं अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा द्वारा उनके तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। तत्पश्चात बारी बारी से सभी ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी अधिकारियों कर्मचारियों के साथ उनके मार्ग पर चलने का संकल्प लिया तथा जिलाधिकारी ने कहा कि बाबा साहब के पदचिन्हों का अनुसरण और उनके आदर्शों को आत्मसात करके हम उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं। बाबा साहब बहुत बड़े न्यायविद, समाज सुधारक और दूरदर्शी सोच के प्रेरणादायक के रूप रहे है। उनकी दूरदर्शिता समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगों को आज भी प्रेरित करती है। यह दिवस हम सबको उनके द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों एवं मूल्यों पर चलने के लिए पुनर्संकल्पित होने की प्रेरणा देता है। बाबा साहब द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों एवं मूल्यों को आत्मसात कर उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर पूरी निष्ठा के साथ चलने का व्रत लेना होगा और यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि भी होगी। इस अवसर पर संविधान निर्माण में बाबा साहेब के योगदान को याद किया गया।

### यूपी बोर्ड परीक्षा में इस वर्ष कम हुए 6610 परीक्षार्थी

**कुशीनगर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की तरफ से वर्ष 2024 में होने वाले बोर्ड परीक्षा की तैयारियां तेज कर दी है। इस वर्ष हाईस्कूल और इंटर में 112760 परीक्षार्थी शामिल होंगे। बीते वर्ष की बोर्ड परीक्षा से इस वर्ष 6610 कम परीक्षार्थी पंजीकृत हुए हैं। परीक्षा संपन्न कराने के लिए कुल 147 केंद्र बनाए गए हैं, जबकि पिछले वर्ष 177 परीक्षा केंद्र बनाए थे। जिले में 19 राजकीय, 55 वित्तपोषित और 287 समेत कुल 361 माध्यमिक विद्यालय संचालित हैं। इसमें वर्ष 2023 की बोर्ड परीक्षा के लिए हाईस्कूल के 67674 और इंटर में 51696 समेत 119370 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए थे, जबकि इस वर्ष हाईस्कूल के 61496 और इंटर के 51264 समेत कुल 112760 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए हैं। बोर्ड परीक्षा में इस वर्ष परीक्षार्थियों की संख्या कम होने की वजह से परीक्षा केंद्रों की संख्या भी कम हुई है। पिछले वर्ष 177 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जबकि इस वर्ष जिले के 147 कॉलेजों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। हालांकि परीक्षा केंद्र निर्धारित होने के बाद मिली आपत्तियों को बोर्ड की तरफ से निस्तारित किया जा रहा है।

# बेटियां दो कुल की जननी हैं, उन्हें सम्मान मिलना ही चाहिए: विनय प्रकाश



मेधावी छात्रों में कंप्यूटर वितरण करते विधायक विनय प्रकाश व अन्य

- आधुनिक युग में तकनीकी शिक्षा का बड़ा महत्व है : विजय खेतान
- 17 मेधावी छात्रों को संस्था के तरफ से वितरण किया गया कंप्यूटर

अवधनामा संवाददाता

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** आज बेटियां ऊंची उड़ान पर हैं, बस उन्हें तरासने की जरूरत है। हर क्षेत्र में ये अपनी पहचान बना रखी हैं।

उक्त बातें बुधवार को रामकोला विधायक विनय प्रकाश गोंड ने किसान चौक स्थित रमा टेक्निकल कालेज में मेधावी छात्र व छात्राओं में कम्प्यूटर वितरण करते हुए उक्त बातें कहा। उन्होंने कहा कि बेटियां दो कुल की जननी हैं एक शिक्षा व एक ससुराल। इन्हें सम्मान अति आवश्यक है।

विशिष्ट अतिथि दिल्ली से आए रमा टेक्निकल के महानिदेशक मंतेश कुशवाहा ने कहा कि रमा टेक्निकल कालेज से निकले तमाम बच्चों को याद किया जो यहां से निकल कर अच्छी नौकरी कर रहे हैं। नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय खेतान ने भी इस कॉलेज की भूरी भूरी प्रशंशा करते हुए कहा कि यह संस्था बेरोजगारों को रोजगार देने का काम कर रही है। कालेज के चीफ डायरेक्टर राज गोपाल मिश्र ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पुरस्कार 17 मेधावी छात्र छात्राओं को दीपावली एडमिशन पर दिया गया। आखिर में विधायक ने सभी छात्र छात्राओं को कंप्यूटर देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। पुरस्कार पाने वालों में तरन्नुम,अनुष्का, श्रावण, विशाल, ममता, अनिकेत, आनंद मोनू आदि शामिल है। इस मौके सच्चिदानंद मिश्र, श्रीमति प्रेम लता मिश्र, आनंद मिश्र, राजेश गुप्ता, मदन मिश्र, मुरारी सिंह, रामगोपाल मिश्र, सुनील पांडेय, नीलेश जायसवाल, सविता, वैष्णवी, राजन, आकाश, आदित्य, हर्ष, शुभम, समीर आदि मौजूद रहे।

### हत्या के विरोध में ज्ञापन

**कुशीनगर।** करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या को लेकर पूरे देश में आक्रोश की आग फेल गई है। राजपूत समाज और करणी सेना के लोग काफी रोष व्याप्त हैं। इसी को लेकर बुधवार को राजपूत समाज व करणी सेना के लोगों ने जनपद सेवरही नगर पंचायत स्थित महाराणा प्रताप स्मारक चौक के स्व. सुखदेव सिंह भावभीनी श्रद्धांजलि दी और कलेक्ट्रेट पहुंचकर हत्यारों को फांसी की मांग कर डीएम को ज्ञापन सौंपा। एडवोकेट अमरनाथ सिंह, वरिष्ठ पत्रकार प्रेम शंकर सिंह सूर्यवंशी ने कहा कि जिन लोगों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष की हत्या की है, उन लोगों को फांसी की सजा अथवा एनकाउंटर होना चाहिए। शिक्षक अशोक सिंह, अशोक सिंह राघव,गौरव राव, दीपक सिंह, रोहित सिंह, रघुनाथ सिंह, अनिरुद्ध सिंह, अंकुश सिंह, रणवीर सिंह, दिपांकर सिंह, उज्जवल सिंह, अंकुश सिंह, राज सिंह, सोनू सिंह, गोपाल सिंह सूर्यवंशी, मनोज सिंह, अमन सिंह, अमित सिंह, अविनाश प्रताप सिंह, गोलू सिंह, राहुल सिंह, दिपांसु सिंह, नीरज सिंह, पिन्टु सिंह, विनय सिंह, उत्तम सिंह, अनुज सिंह, अनुराग सिंह आदि के साथ सैकडो की संख्या मे लोग उपस्थित रहे।

# समाज के अंतिम व्यक्ति को योजना का लाभ मिले: सतीश चंद्र शर्मा



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य है समाज के अंतिम पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिले और गांव को शहरो की तरह सुविधाए मिले। मोदी और योगी सरकार की सरकार में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओ का लाभ हर वायक्ति को मिल रहा है। किसान सम्मान निधि किसानो के खाते में भेजी जा रही है, विधवा, विकलांग, हर घर जल योजना, आयुष्मान भारत सभी परिवारों तक पहुंच रहा है।

उक्त बातें बुधवार को खड्डा ब्लॉक के गांव खड्डा में विकसित भारत संकल्प यात्रा को संबोधित करते हुए जिले का प्रभारी मंत्री व राज्य मंत्री खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग उ.प्र. सतीश चन्द्र शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा की केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक को जोड़ने के कार्य हो रहा प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास, हर घरों में शौचालय, निशुल्क राशन, निशुल्क, उज्ज्वला गैस कनेक्शन आयुष्मान कार्ड आदि योजनाओ का लाभ जनता को मिल रहा है ।कार्यक्रम में कृषि, आंगन वाणी, इफको, स्वास्थ विभाग, खाद आपूर्ति, बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर संदेशी और मुंशरिम को प्रधानमंत्री आवास की चाभी मंत्री द्वारा सौंपी गई तथा उज्जवला गैस कनेक्शन के लाभार्थियों को गैस कनेक्शन उपलब्ध कराया गया। जूनियर विधालय की छात्रा तरन्नुम और नैना ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन मजीबुल्लाह राही ने किया और अध्यक्षता ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विजय कांत मिश्र ने किया। कार्यक्रम को विधायक मोहन वर्मा, पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, प्रमुख प्रतिनिधि सुधीर राव, आदि ने संबोधित किया।

### प्रा. वि. का अभिलेख जलाया, सामान भी उठा ले गए चोर

**मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सोनिया माफी टोला स्थित प्राथमिक विद्यालय में अज्ञात चोरों ने आलमारी का ताला तोड़कर जहां अभिलेख जला दिया वहीं किचन का सामना भी उठा ले गए। इस मामले में विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने तहरीर देकर कार्यवाई की मांग किया है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त विद्यालय में मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने गेट का ताला तोड़कर विद्यालय में पहुंच गए जहां आलमारी में रखे सारा आवश्यक अभिलेख जला दिया वहीं किचन का सामग्री बर्तन इत्यादि चोरी कर लिए। बुधवार को सुबह 7 बजे रसोइया विद्यालय पहुंची तो यह स्थिति देख प्रधानाध्यापक आशुतोष कुमार मिश्र को दूरभाष पर दिया। जिसके बाद प्रधानाध्यापक साढ़े आठ बजे विद्यालय पहुंचे तो अभिलेख जला देख दंग रह गए। इस मामले में तत्काल 112 नंबर को सूचना दिया। इसके बाद थानाध्यक्ष कप्तानगंज को तहरीर देकर कार्यवाई की मांग किया। तहरीर मिलने के आधार पर थानाध्यक्ष राजकुमार बरवार मौके से पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। इस संबंध उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द मामले का पर्दाफाश कर दिया जायेगा।



### शोषितों और वंचितों की आवाज थे भीमराव अम्बेडकर



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** शहर के रामगुलम टोले में स्थित बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। भाजपा के जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा बाबा साहेब एक बहुत बड़े अर्थशास्त्री, न्यायविद, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे। उन्होंने छुआछूत की सामाजिक बुराई को खत्म करने, लैंगिक समानता को बढ़ावा देने, और देश भर में दलितों का सामाजिक और आर्थिक उत्थान करने के लिए लड़ाई लड़ी थी, वह आजादी के बाद संविधान का मसौदा तैयार करने वाली समिति के अध्यक्ष थे आज उनकी पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति का सम्मान करने और उनके सिद्धांतों की रक्षा करने के लिए उनके प्रेरणादाई रास्ते पर हम चल रहे हैं। वो कहते थे मन की खेती मानव अस्तित्व का अंतिम उद्देश्य होना चाहिए। नगर अध्यक्ष संजय पांडे ने कहा कि बाबा साहब के नीतियों का आज हम सब अनुसरण कर रहे हैं। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा, अजय उपाध्याय, जितेंद्र पाण्डे राजेंद्र मल्ल, अंकुर राय, दुर्गेश नाथ त्रिपाठी, निरंजन शुक्ला, सीपी सिंह, प्रभाकर तिवारी, सुधीर श्रीवास्तव, गोविंद चौरसिया, मनीष मल्ल, दीपक वर्मा, विजय पंडित आदि उपस्थित रहे।

### चोरी की घटना में कई गिरफ्तार



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद देवरिया द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर नियत्रंण हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी नगर महोदय जनपद देवरिया के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली जनपद देवरिया के उ0नि0 हरिनाथ सिंह यादव व उ0नि0 संजय सिंह चन्देल मय हमराहियान द्वारा दिनाँक 15.11.2023 को भीखमपुर रोड पर स्थित दुकान व साहू लेडिज वर्ल्ड में हुयी चोरी की पटना व दिनाँक 17.11.2023 को सोमनाथ मंदिर के निकट कुष्ट आश्रम के सामने दुकान शालिनी सिरेमिक में हुयी चोरी की घटना व दिनाँक 29.11.2023 को प्रशान्त सिंह पुत्र श्री ईश्वरदयाल सिंह मु0 गरुणपार निकट भारतीयम शिक्षा निकेतन विजय टाकिज थाना कोतवाली के घर में हुयी चोरी के सम्बन्ध में माल तीन अदद टूटे हुए सोने के कड़े व एक अदद सोने की चैन व एक अदद एप्पल आईफोन व चार अदद चांदी के सिक्के व चोरी के सामान से बेचे गये व चुराये गये कुल 27000/- रूपये बरादम किया गया तथा उपरोक्त चोरी की घटना में सम्मिलित अभियुक्तगण 1. विवेक गुप्ता पुत्र चन्द्रभान गुप्ता निवासी बतासा गली भीखमपुर रोड थाना कोतवाली जनपद देवरिया उम्र करीब 20 वर्ष 2. आकाश चौहान पुत्र कुंवर चौहान निवासी सब्जी मण्डी अर्जुन रोड थाना कोतवाली जनपद देवरिया उम्र करीब 21 वर्ष 3, अमन खरवार पुत्र कन्हैया खरवार नि0 रजला सेंटर चौराहा थाना कोतवाली जनपद देवरिया उम्र करीब 20 वर्ष 4. अनिल सोनकर पुत्र गंगा सोनकर नि0 मरचहिया बेलवनिया थाना बरियापुर जनपद देवरिया हा0मु0 कांशीराम आवास ओवर ब्रिज थाना कोतवाली जनपद देवरिया उम्र करीब 25 वर्ष 5. गौरव वर्मा पुत्र रामकिशुन वर्मा निवासी डां0 रामचन्द्र गली भीखमपुर रोड थाना कोतवाली जनपद देवरिया उम्र करीब 32 वर्ष को दिनाँक 06.12.2023 को मुखबीर खास की सूचना पर चीनी मिल ग्राउण्ड में गिरफ्तार किया गया।

### अखिल क्षत्रिय महासभा ने दिया ज्ञापन

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** अखिल क्षत्रिय महासभा द्वारा देवरिया कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह को करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के विरोध में उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी एवम राज्यपाल के नाम से ज्ञापन दिया। अखिल क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों ने हत्यारों को फांसी देने की मांग की। मंगलवार को राजस्थान के जयपुर के श्याम नगर में दो बदमाशों ने सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की घर में घुसकर हत्या कर दी थी। इसके बाद इन्हें मानसरोवर मेट्रो मास हॉस्पिटल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। देवरिया में अखिल क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय सचिव विनोद सिंह बघेल एवम प्रदेश उपाध्यक्ष अमित सिंह बबलू के नेतृत्व में पदाधिकारियो ने जिलाधिकारी से मुलाकात की और ज्ञापन के माध्यम से हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर फांसी की सजा दिलवाने की मांग की। मामले में सीबीआई जांच करवाकर साजिश में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की बात कही।

# शरारती तत्वों ने झोपड़ी में लगाई आग, मुकदमा दर्ज

अवधनामा संवाददाता



- अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के अनंतपुर गांव का मामला

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के अनंतपुर गांव में एक झोपड़ी में गांव के ही कुछ शरारती तत्वों ने आग लगा दी। आग लगने से झोपड़ी में रखा सामना जलकर खाक हो गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के अनंतपुर गांव निवासी सुरेंद्र पुत्र श्री करण के झोपड़ी में मंगलवार की रात कुछ शरारती तत्वों ने आग लगा दी। जिसमें रखा लकड़ी और अन्य सामान जलकर खाक हो गया। आग लगने की सूचना पर परिजन जब तक पहुंचते तब तक सब कुछ जलकर खाक हो गया था। सुरेन्द्र ने अहिरौली बाजार थाने में गांव के ही कुछ लोगो के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुट गई। तथा सुरेंद्र के तहरीर मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष अहिरौली बाजार श्री प्रकाश राय ने बताया की पीड़ित सुरेंद्र की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का डीएम ने किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

- लाभार्थियों को वितरण किया कार्ड व प्रमाण पत्र
- प्रगतिशील किसानों को किया सम्मानित



**बहराइच।** योजनाओं के संतृप्तीकरण के लिये आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से आमजन में जागरुकता बढ़ाये जाने के उद्देश्य से 15 नवम्बर 2023 से 26 जनवरी 2024 तक संचालित होने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा अन्तर्गत विकास खण्ड पयागपुर के ग्राम कोल्हुआ व शिवदहा, चित्तौरा के बेगमपुर, बक्शीपुरा, तेजवापुर के केशवापुर, नौसहरा, रिसिया के ग्राम कमलाजोत बाग व बुलबुल नेवाज, फखरपुर के ग्राम अलीपुर दरौना, धकेरवा, जरवल के ग्राम परसोहर, जतौरा, नवाबगंज के ग्राम कलवारी व बनकुरी तथा विकास खण्ड कैसरगंज के कुण्डासर व रूकनापुरखुर्द में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर आयोजित किया गया। कम्पोजिट विद्यालय कुण्डासर में आयोजित शिविर का जिलाधिकारी मोनिका रानी ने दीप प्रज्जवलित कर शिविर का शुभारम्भ किया तथा शिविर का निरीक्षण कर संचालित गतिविधियों का जायजा लिया। इस अवसर पर प्रमुख कैसरगंज संदीप सिंह विसेन, उप जिलाधिकारी पंकज दीक्षित, खण्ड विकास अधिकारी अमन वर्मा, उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही व अन्य अधिकारी तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे। शिविर को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि भारत सरकार की मंशानुरूप अभियान के तहत आमजन को जोड़ा जाय ताकि लोगों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी हो सके। डीएम ने कहा कि आयोजन के पीछे भारत सरकार की मंशा है कि समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े सभी पात्र असंतृप्त लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाकर उनके जीवन में खुशहाली लायी जा सके। डीएम ने अधिकारियों का आहवान किया कि पूर्व आयोजित किये गये सेवा से संतृप्तिकरण अभियान के अनुभव का लाभ उठाते हुए शिविरों का आयोजन इस प्रकार से करें कि जिले के सभी वंचित पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके। शिविर के निरीक्षण के दौरान डीएम ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का निरीक्षण कर स्टालों से संचालित गतिविधियों का जायजा लेते हुए आवश्यक जानकारी प्राप्त की। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य मेला, आयुष्मान कार्ड पंजीकरण एवं जागरूकता स्टाल के निरीक्षण के दौरान बच्चों के साथ गोल्डेन कार्ड बनवाने पहुंची महिला का अपने समक्ष गोल्डेन कार्ड बनवा कर वितरण भी किया। आईसीडीएस विभाग द्वारा लगाये गये स्टाल के निरीक्षण के दौरान डीएम ने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व बच्चों का अन्नप्रासन्न भी कराया गया। इसके अलावा आवासीय योजना का प्रमाण पत्र, शौचालय व अच्छी खेती करने वाले किसानों को प्रशस्ति पत्र का वितरण भी किया। शिविर में खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, उज्ज्वला योजना का प्रचार-प्रसार, पंजीकरण एवं आधार सीडिंग, ग्राम्य विकास विभाग द्वारा समृद्धि दिवस आजीविका, आजीविका मेला, संसाधन मेला, उत्पाद प्रदर्शनी, व्यापार/उद्यम विचार प्रतियोगिता, सरकारी योजनाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम, प्रशिक्षण कार्यक्रम डिजीटल विपणन, वित्तीय साक्षरता, ई-कामर्स, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, जिला अग्रणी बैंक द्वारा जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम मुद्रा लोन एवं अन्य वित्तीय समावेशन योजनाओं में अभ्यर्थियों का पंजीकरण, स्टैण्डअप/स्टार्टअप तथा कृषि विभाग द्वारा कार्यशाला एवं प्रदर्शनी, सरकारी योजनाएं, नवीनतम तकनीकी, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, पी.एम. प्रणाम योजना, नैनो फर्टिलाइज़र के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ लाभार्थियों को लाभान्वित भी किया गया।

# महिला शिक्षक संघ ने नवागत बीएसए से की शिष्टाचार भेंट

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** महिला शिक्षक संघ के तत्वाधान में जिले के नवांगतुक बेसिक शिक्षा अधिकारी हरिकेश यादव स्वागत करते हुये शिष्टाचार भेंट की गयी। इस दौरान जिलाध्यक्ष आरती सिंह कुशवाहा द्वारा मांग की गई की किसी भी शिक्षक के खिलाफ बिना किसी पुख्ता कारण के कोई कार्यवाही न की जाए। शिक्षक को अपनी बात रखने का मौका दिया जाए। विगत कुछ समय से बेसिक शिक्षा विभाग में निरीक्षण छापेमारी की तरह किए जा रहे है। निरीक्षण के लिए आए अधिकारीगण सकारात्मक दृष्टिकोण से निरीक्षण करेंगे तो शिक्षक भी पूर्ण मनोयोग और ऊर्जा से कार्य कर सकेंगे और अपने जिले को निपुण जिला बना सकेंगे। बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा कहा गया कि उन्हें अपने शिक्षकों पर विश्वास है। केवल दस प्रतिशत शिक्षक है जो अपने दायित्वों का निर्वहन सही से नहीं कर रहे है। शिक्षक पूर्ण मनोयोग से अपने दायित्वों का निर्वहन करे। किसी के भी खिलाफ कोई अनैतिक कार्यवाही नही की जायेगी। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमलेश राठौर, उपाध्यक्ष ऋतु रिछारिया, मीनाक्षी राजपूत, शशिलता, संगठन मंत्री बबीता रिछारिया, रजनी ओझा, सीता सूर्यवंशी, मीडिया प्रभारी सुखदा अग्निहोत्री, सदस्य नीतू, अंश, मीनाक्षी आदि उपस्थित रही।

## पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने दी गई श्रद्धांजलि

**सुल्तानपुर।** संविधान निर्माता डॉ0 भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा अंबेडकर जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही महोदय द्वारा अंबेडकर जी के समतापूर्ण समाज की परिकल्पना पर विचार कर उसे आत्मसात करने तथा अपने दृष्टिकोण में लागू करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर पुलिस लाइन स्थित समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## जनपद में नहरों का संचालन शुरू

**बहराइच।** सरयू नहर परियोजना के नोडल अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि जिले के किसानों को सिचाई के लिए किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसलिए जनपद में रोस्टर के अनुसार नहरों का संचालन प्रारम्भ कर दिया गया है। सरयू नहर की मुख्य शाखा से पानी छोड़ा गया है जो नहरों की शाखाओं एवं अल्पिकाओं में शीघ्र ही पानी उपलब्ध हो जायेगा। किसानों को नहरों से सिचाई में किसी प्रकार की असुविधा होने पर नहरों से सम्बन्धित अधिकारियों से सम्पर्क कर समस्या का समाधान करा सकते है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत अधिक वादों का करायें निस्तारण

**ललितपुर।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त दिशा-निर्देशों एवं जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चन्द्रोदय कुमार के तत्वाधान में 09 दिसम्बर 2023 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु अपर जिला जज प्रथम/नोडल अधिकारी गुलाब सिंह की अध्यक्षता में न्यायिक अधिकारियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। सिविल जज (जू.डि., एफ.टी.सी.) अतुल, विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट बहादुर सिंह मौजूद रहे।

# विकवाजितपुर परासिंह ग्राम में गए हरे पेड़ों पर नहीं हुई कार्रवाई

अवधनामा संवाददाता

- वन माफिया विनोद बर्मा के आगे वन विभाग मौन

**सुल्तानपुर, भदैयां।** कोतवाली देहात क्षेत्र के अंतर्गत हनुमानगंज बाईपास फोरलेन के किनारे विकवाजितपुर बरासिन ग्राम सभा में मंगलवार को पुलिस वा वन विभाग की मिली भगत से हरे आम के पेड़ काटे जा रहे थे। जहां पर प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ हरे पेड़ पौधे लगवाकर क्षेत्र को हरा भरा करने के लिए लाखों करोड़ों रुपए का बजट पास कर क्षेत्र में पौधे लगवाने के लिए दिशा निर्देश जारी कर रहे हैं।तो वही क्षेत्रीय अधिकारियों की मिली भगत से वन माफिया विनोद बर्मा ने हरे पेड़ों की कटान जोरों पर करवा रहे हैं। जबकि क्षेत्र डीएफओ के निर्देश पर उड़न दस्ता की टीम कई जगह ताबड़तोड़ छापेमारी कर अवैध रूप से पेड़ काटने वालों के खिलाफ जुर्माना काटकर दोबारा पेड़ ना काटने की चेतावनी दे रही है। जहां वन माफियाओं ने अधिकारियों की बातों को नजर अंदाज कर दुबारा हरे पेड़ों की कटाई जोरों पर कर दिया गया है। वन माफिया नजदीकी वन अधिकारियों की मिली भगत से अवैध रूप से पेड़ कटवाने में माहिर हैं। जबकि ग्रामीणों ने इसकी शिकायत वन विभाग के अधिकारियों वा पुलिस अधिकारियों से अवैध रूप से काट रहे हरे आम के पेड़ों पर रोक लगाने के लिए शिकायत किया। इसके बावजूद ना तो वहां पर कोतवाली देहात की पुलिस गई और ना ही वन विभाग का कोई अधिकारी मौके पर पहुंचे। वन माफियाओं ने लकड़ी को काटकर ट्रैक्टर ट्राली पे लादकर लकड़ी को ठिकाने लगा दिया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में निर्णित वाद की अपील नही होती: एडीजे

**सुल्तानपुर।** राष्ट्रीय लोक अदालत आगामी 9 दिसंबर को लगेगी। इसको लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला जज अभिषेक सिन्हा कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत नौ दिसंबर को आयोजित है।इस सम्बंध में विचाराधीन प्रकरणों एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के संबंध में चर्चा कर नौ दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण कराने में सहयोग देने की बात की गई है तथा उसके प्रचार प्रसार के सम्बंध में दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में निर्णित वादों के बाद उसकी कहीं कोई अपील नहीं होती ।सुलह समझौता के जरिए अधिक से अधिक इस अवसर का लाभ उठाएं ।उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में आने के लिए वादकारी स्वयं उपस्थित होकर अपनी बात कह सकता है और सुलह समझौता करके त्वरित और उपयुक्त लाभ प्राप्त कर सकता है।

# परिनिर्वाण दिवस पर याद किये गये डॉ. भीमराव आंबेडकर

- बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर अर्पित किया गया श्रद्धासुमन
- वक्ताओं ने बाबा साहब के व्यक्तित्व एवं कृतत्व पर डाला

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** भारतीय संविधान के शिल्पकार एवं महान समाज सुधारक भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर जी के 67वें परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर कलेक्टेव्ट सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी अवधेश कुमार मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, डिप्टी कलेक्टर पूजा चौधरी, अवनीश पाण्डेय, प्रशिक्षु पीसीएस ज्योति चौरसिया सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

बाबा साहब का परिनिर्वाण दिवस हम सबको उनके द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों एवं मूल्यों पर चलने के लिए पुनर्संकल्पित होने की प्रेरणा देता है। यही कारण है कि जाति आधारित भेदभाव के विरुद्ध लड़ाई, सामाजिक न्याय की प्रतिस्थापना, सशक्तीकरण के साधनों के रूप में शिक्षा पर विशेष जोर एवं समावेशी व समतावादी समाज की स्थापना के सन्दर्भ में उनका दर्शन आज पहले से भी अधिक प्रासंगिक है। अमृतकाल के इस दौर में भारत एक वैश्विक शक्ति के रूप में अपनी पूरी क्षमता हासिल कर विश्वगुरू बनने की राह पर अग्रसर हो इसके लिए हमें बाबा साह्य द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों एवं मूल्यों को आत्मसात कर उनके द्वारा दिखाये गये मार्ग पर पूरी निष्ठा के साथ चलने का व्रत लेना होगा और यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि भी होगी।

इसी प्रकार विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बाबा साहब का परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. ने जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, पीडीडीआरडीए राज कुमार, डीसी मनरेगा के.डी.गोस्वामी, डीपीआरओ राघवेन्द्र द्विवेदी, खण्ड विकास अधिकारियों व अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया तथा बाबा साहब के व्यक्तित्व एवं कृतत्व पर प्रकाश डाला गया।

# देश का भविष्य बच्चों पर निर्भर है, बाबा साहब की शिक्षाओं का अनुसरण करें: डीएम

- बाबासाहब के सिद्धान्तों को आत्मसात करना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी
- मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल पहनाकर उज्जवल भविष्य की बधाई दी



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** अम्बेडकर पार्क में भारत रत्न बोधिसत्व बाबा साहब डा.भीमराव अम्बेडकर का परिनिर्वाण दिवस आयोजित किया गया। इस अवसर सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिलाध्यक्ष भाजपा राजकुमार जैन, प्रदीप चौबे एवं जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बाबासाहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किये तथा मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि बाबासाहब देश के महानतम लोगों में से एक हैं। बाबासाहब ने अपना सम्पूर्ण जीवन समाज के निचले स्तर पर जीवन यापन कर रहे लोगों के लिए न्यौछावर कर दिया। उन्होंने तत्कालीन समय में लोगों को शिक्षित एवं अपने अधिकारों के प्रति जागरुक करने का कार्य किया है। बाबासाहब ने प्रत्येक क्षेत्र में अपनी मेधा के बल पर ख्याति प्राप्त की। जिलाधिकारी ने बाबासाहब को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि भारत के प्रत्येक नागरिक को बाबासाहब की शिक्षाओं का अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि हम बाबासाहब के बताये हुए मार्ग पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। जिलाधिकारी ने मेधावी बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बच्चों पर देश का भविष्य निर्भर करता है, सभी बच्चे बाबासाहब की शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए मन लगाकर पढ़ाई करें और आगे बढ़ें।

# परिनिवारण दिवस पर कांग्रेसियों ने डॉ. अंबेडकर को किया याद

अवधनामा संवाददाता



- बाबा साहब द्वारा लिखित संविधान की रक्षा के लिए कॉग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता हर स्तर पर तैयार है: अभिषेक सिंह

**सुल्तानपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में भारत रत्न एवं संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर का परि निर्वाण दिवस मनाया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। तत्पश्चात दर्जनों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व नेता शहर स्थित अंबेडकर पार्क पहुंचे,जहां डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन किया। तत्पश्चात शहर अध्यक्ष शकील अंसारी के संयोजन में जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय के प्रांगण में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि जिस समय बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी अपने छात्र जीवन में संघर्ष करके शिक्षा प्राप्त कर रहे थे पढ़ रहे थे उस समय देश में सामाजिक भेदभाव छुआछूत चरम पर था, गांव के कुएं व तालाब में जानवर तो पानी पी सकते थे लेकिन दलित समाज के लोग पानी नहीं पी सकते थे,ऐसी स्थिति में पढ़ लिखकर बाबा साहब ने एक ऐसी किताब की रचना की जिसका पूरा विश्व कायल हुआ और आज पूरा देश उसी किताब से चल रहा है उसे संविधान के नाम से जानते हैं, उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहेब के जीवन संघर्ष से हमें प्रेरणा लेकर उनके बताए हुए रास्तों पर चलना चाहिए, कॉग्रेस की सरकारें हमेशा बाबा साहब द्वारा लिखित संविधान का अनुसरण करती आई है लेकिन वर्तमान सरकार संविधान को खत्म कर देना चाहती है, जिसमे उन्हें हम लोग सफल नहीं होने देंगे। वरिष्ठ नेता व पीसीसी सदस्य हौशिला भीम ने पंचशील का पाठ किया और कहा कि भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी सामाजिक बुराइयों को दूर करने के प्रयासों और उनकी ओर से शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए महत्व को देश कभी नहीं भूलेगा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश त्रिपाठी ने कहा कि आज बाबा साहब के संविधान को वर्तमान भाजपा सरकार कुचलने की कोशिश कर रही है, जिसकी की रक्षा हेतु दलित, पिछड़ा व अल्पसंख्यक वर्ग को एक होना पड़ेगा। इडी, सीबीआई और इनकम टैक्स विभाग के डर से भाजपा के इशारे पर देश व प्रदेश की जनता को भ्रमित कर रहे हैं।

## लघु एवं सीमान्त पशुपालक किसान प्राप्त कर सकते है निःशुल्क बरसीम बीज

**बहराइच।** मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि शासन द्वारा जनपद में 200 लाभार्थी पशु पालक किसानों को 10 हे. क्षेत्रफल में हरा चारा उत्पादन हेतु बरसीम, बीज निःशुल्क उपलब्ध कराने हेतु 5 कुंतल बीज प्रदान किया गया है। योजना का लाभ लघु एवं सीमान्त कृषक प्राप्त कर सकते है। योजना में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व महिला लाभार्थी तथा पीसीडीएफ के अन्तर्गत संचालित दुग्ध उत्पादन सदस्यों को वरियता प्रदान की जायेगी। लाभार्थियों के पास कम से कम दो दुधारू पशु हो तथा सिचाई की पर्याप्त सुविधा एवं स्वयं की भूमि उपलब्ध हो। लाभार्थियों का चयन खसरा, खतौनी के आधार पर किया जायेगा। इच्छुक लाभार्थी अपने भूमि से सम्बन्धित खसरा, खतौनी, आधार कार्ड व मो.न.के साथ सम्बन्धित पशु चिकित्साधिकारी से सम्पर्क कर सकते है। चयनित पशुपालक लाभार्थी किसानों को निःशुल्क बरसीम चारा बीज कम से कम 01 हे. व अधिकतम 0.5 हे. हेतु बोआई एवं प्रदर्शन के लिए प्रदान किया जायेगा।

# आवास आवंटन में लापरवाही बरतने पर तत्कालीन सचिव को जारी हुई नोटिस

अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर, कुड़वार।** विकास खण्ड के ग्राम सभा बहमरपुर में तैनात तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी/तत्कालीन सचिव रामराज की शिकायतकर्ता शहजाद खान पत्र श्री फैयाज अहमद, निवासी ग्राम बहमरपुर ने शिकायती पत्र दिया था। जिसकी जाँच कार्यक्रम अधिकारी / खंड विकास अधिकारी कुड़वार द्वारा कराई गयी। खण्ड विकास अधिकारी द्वारा उपलब्ध करायी गयी जाँच आख्या के अवलोनोपरान्त पाया गया कि आवास साइट पर आवास का रजिस्ट्रेशन राम अवध सुत नन्हक मृतक) के नाम हुआ था। आवास आवंटन के समय राम अवध सुत राम उदित से इस आशाय का शपथपत्र प्राप्त करें कि इनके पिता के घर का नाम ननकू था जो आवास सूची में फीड हो गया था. राम अवध सुत राम उदित को आवास आवंटित करा दिया गया। इस प्रकार आप द्वारा नियमों के विरुद्ध राम अवध सुत नन्हक (मतक) के स्थान पर राम अवध सूत राम उदित को आवास आवंटित कराकर शासनादेश के विपरीत कार्य किया गया तथा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की शासकीय धनराशि रू0 1.20 लाख का दुरुपयोग कराया गया है। प्रकरण में तत्कालीन सचिव को निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्तानुसार आरोपों के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण सुसंगत साक्ष्यों सहित पत्र प्राप्ति के 03 दिवस के भीतर उपायुक्त श्रमरोजगार, सुलतानपुर को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। स्पष्टीकरण समय से एवं संतोषजनक न पाये जाने पर आपके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी, जिसके लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे।

# सांसद ने की डीएम से कहा जाचं कर दोषी के खिलाफ करे कार्रवाई

**सुल्तानपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व सुल्तानपुर की सांसद मेनका संजय गांधी ने प्रतिभावान शिक्षक सूर्य प्रकाश द्विवेदी की आत्महत्या के मामले में जिलाधिकारी से वार्ता की है।उन्होंने जिलाधिकारी से कहा कि प्रकरण की जांच कराकर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।उन्होंने प्रतिभावान शिक्षक सूर्य प्रकाश द्विवेदी के निधन पर शोक संवेदना भी प्रकट की है।उन्होंने कहा मेरी समस्त संवेदना पीड़ित परिजनों के साथ है। सुल्तानपुर विधायक विनोद सिंह ने उठाया बेसिक शिक्षा विभाग में निलंबन बहाली के चल रहे खेल पर उंगली खंड शिक्षा अधिकारी मनोजीत राव की प्रताड़ना से शिक्षक सूर्य प्रकाश द्विवेदी की खुदकुशी के आरोपों पर भाजपा विधायक विनोद सिंह ने भी उन्हें आड़े हाथ लिया है। उन्होंने कहा कि वर्ष भर शिक्षकों के निलंबन और बहाली के नाम पर बेसिक शिक्षा विभाग में चले खेल को अब उजागर होने की जरूरत है शिक्षकों के वेतन रोकने और बहाल करने के नाम पर अफसरों ने जो धन उगाही जो की है वह सार्वजनिक होना चाहिए जांच के द्वारा विधायक ने कहा कि शिक्षक के साथ हुई घटना अफसोस जनक है मेरी पीड़ित परिवार के साथ पूरी संवेदना है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बैजेमऊ विकास खण्ड मौदहा-हमीरपुर

पत्रांक : 47/निविदा प्रकाशन/वित्त/2023-24 दिनांक : 06.12.2023

### अल्पकालीन निविदा प्रकाशन

ग्राम पंचायत बैजेमऊ में वित्त आयोग के योजना के अर्न्तगत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों में प्रयोगार्थ सामग्री आपूर्ति हेतु ग्रा0अ0वि0/लो0नि0वि0/सि0वि0/आयकर/व्यापार कर/ग्राम पंचायत/विकास खण्ड/जिला पंचायत में पंजीकृत फर्मो/सप्लायरों से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है।

उक्त कार्यालय से कार्य दिवसों में प्रातः 10.00 बजे से 05.00 बजे सायं तक दिनांक 07-12-2023 से 14-12-2023 तक निविदा मूल्य (कालम सं0 06 में दर्शाये गये) देकर प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदायें दिनांक 15-12-2023 को 12.00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा ग्राम पंचायत अथवा समिति के समक्ष खोलें जायेगें।

| क्र. | कार्य का नाम | स्वीकृत धनराशि (रू. में) जी.एस.टी. सहित | सामग्री अंश (रू. में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | शिवकरन के दरवाजे से रघुपत शर्मा तक नाला निर्माण कार्य | 582900=00 | 490393 | 9807 | 450+18% GST | 03 माह |

**निविदा हेतु शर्ते :-**

1. निविदा प्रपत्र/कुटेशन के साथ 100 रू0 का स्टाम्प एवं 1 रू0 का रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर अनिवार्य होगा।
2. प्रत्येक निविदा के साथ 02 प्रतिशत धरोहर राशि (कालम नं0 5 पर प्रदर्षित) राष्ट्रीयकृत बैंको की एफ0डी0आर0/डाक विभाग की एन0एस0सी0 जो ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम पंचायत बैजेमऊ वि0ख0 मौदहा-हमीरपुर के नाम बंधक/देय होगा। यह निविदा दिनांक से 180 दिन तक वैध होगा। धरोहर राशि न होने पर कार्य पूर्ण होने तक उतनी धनराशि रोककर भुगतान किया जायेगा।
3. निविदादाता आयकरदाता हो तथा वाणिज्य कर कार्यालय में पंजीकृत हो जी0एस0टी0 नम्बर अंकित होगा।
4. लोक निर्माण विभाग द्वारा शासनादेश सं0 6738/23.07.2016-176(सा0)/06 दिनांक 28.12.2006 के अनुसार दिशा निर्देशों के क्रम में हो।
5. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी ।
6. प्रथक-प्रथक कार्य हेतु प्रथक प्रथक निविदा प्रपत्र भरनें होंगे। एक कार्य की एक निविदा स्वीकार की जायेगी।
7. फर्म/सप्लायर कार्य स्थल का भलीभांति परीक्षण कर ले निविदा स्वीकृति के पश्चात कार्य स्थल पर निर्माण सामग्री की आपूर्ति कार्य प्रभारी/अधोहस्ताक्षरी की मांग के अनुसार की जायेगी, जिसके सम्बन्ध में कोई दावा मान्य न होगा।
8. ग्राम पंचायत/समिति/अधोहस्ताक्षरी किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत अथवा बिना कारण बताये समस्त निविदायें निरस्त कर सकती है।
9. उक्त सामग्री घट या बढ सकती है जिस पर कोई दावा मान्य नही होगा।
10. शासनादेश सं0 730/33-3-2022-11/2022 पंचायतीराज अनुभाग-3 दिनांक 26 अप्रैल 2022 में वर्णित रिश्तेदार निविदादाता नही होना चाहिये।
11. शासनादेश सं0 137/अडतीस-7-2022-63 नरेगा/2009 ग्राम्य विकास अनुभाग 7 दिनांक 21.03.2022 में वर्णित रिश्तेदार निविदादाता नही होना चाहियें।
12. प्रत्येक दशा में निविदा प्रपत्र के साथ समस्त सूचनायें निर्धारित प्रारूप पर संलग्न होना चाहिये।
13. निविदादाता अपराधिक प्रवृत्ति का नही होना चाहिये।

**जुगुल किशोर**
ग्राम प्रधान
ग्रा.प्र. बैजेमऊ, वि.ख. मौदहा (हमीरपुर)

**नितेश कुमार सिंह**
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्रा.प्र. बैजेमऊ, वि.ख. मौदहा (हमीरपुर)


# दिव्यांगों की सेवा ईश्वरीय कार्य: मण्डलायुक्त

अवधनामा संवाददाता

- प्रान्तीय अधिवेशन में ललितपुर जिला हुआ सम्मानित




प्रान्तीय सम्मेलन में संबोधित करते मण्डलायुक्त

**ललितपुर।** दिव्यांगों की प्रतिभा किसी से कम नहीं उनको समाज में मौका मिले तो वहीं किसी कार्य में पीछे नहीं। दिव्यांगता समाज में अभिशाप नहीं वल्कि दिव्यांगों को सेवा ईश्वरीय कार्य है, जिसके माध्यम से उन्हें स्वावलम्बी बनाया जा सकता है।

विचार मण्डलायुक्त डा.आदर्श सिंह ने समदृष्टि विकास अनुसंधान मण्डल सक्षम के प्रान्तीय अधिवेशन का उदघाटन करते हुए कहा कि दिव्यांगों के लिए झांसी में दिव्यांग पार्क स्मार्ट सिटी योजना के तहत प्रस्तावित है जो प्रदेश में अनूठी मिशाल होगा। उन्होंने दिव्यांगों के लिए शासन द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचे इसमें आने वाली परेशानियों के निदान के लिए भरोसा दिया। अधिवेशन को प्रदेश के राज्यमंत्री हरगोविन्द कुशवाहा, राष्ट्रीय सह मिला प्रमुख स्वाति, समक्ष की संरक्षिका नेहा शर्मा ने भी सम्बोधित किया। समदृष्टि विकास एवं अनुसंधान मण्डल सक्षम के प्रान्तीय अधिवेशन में उत्कृष्ट कार्य के लिए जिलाध्यक्ष अक्षय अलया को सम्मानित करते हुए प्रान्तीय अध्यक्ष डा. शरद वाजपेई ने कहा कि दिव्यांगों की प्रतिभा को निखारने और स्वावलम्बी बनाने का दायित्व सक्षम के कार्यकर्ता निर्वाहन कर रहे हैं। उन्होंने कहा सक्षम 21 प्रकार की दिव्यांगता पर कार्य करने वाला राष्ट्रीय संगठन है। महारानी लक्ष्मीवाई मेडीकल कालेज झांसी में सम्पन्न हुए अधिवेशन में राष्ट्रीय युवा प्रमुख सचिन पाण्डे, प्रान्त सचिव प्रशान्त मिश्रा, कला आयाम प्रमुख डा.आशुतोष वाजपेई, प्रान्तीय कार्यालय प्रमुख ब्रजेश कटियार, प्रान्तीय सह सचिव डा.सुरेन्द नारायण शर्मा, झांसी जिलाध्यक्ष डा.सुरेन्द्र गोस्वामी, महानगर अध्यक्ष डा.मयंक बंसल, फतेहपुर जिलाध्यक्ष पीयूष द्विवेदी ने सम्बोधित किया। अधिवेशन स्थल पर दिव्यांगों द्वारा उत्पादित सामग्री की प्रदर्शनी, विभिन्न जिला इकाईयों द्वारा किए एक कार्यो की झांकी लगाई गई तथा दिव्यांगों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस मौके पर जिला सचिव अजय जैन एड., डा.तेजस्व श्रीवास्तव, अधिवक्ता आयाम प्रमुख कौशल किशोर गोस्वामी, गोविन्द व्यास, ध्रुव साहू, वीरेन्द्र जैन सोनू, रवीन्द्र जैन, मनविन्दर कौर, डा.नीलम सर्राफ, पुष्पा निरंजन आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में प्री-ट्रायल मीटिंग का आयोजन

**अवधानामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** दीवानी न्यायालय परिसर हमीरपुर में माननीय जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा के कुशल निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर के तत्वावधान में दिनांक 09.12.2023 को होने वाली आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में प्री-ट्रायल मीटिंग का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त प्री-ट्रायल मीटिंग में लोक अदालत के नोडल अधिकारी/विशेष न्यायाधीश एस.सी./एस.टी. एक्ट विनीत कुमार वासवानी, प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मनोज कुमार शासन, सिविल जज (जू.डि.) आयुषी चतुर्वेदी, सी.ओ. सदर, राजेश कमल, अपरजिलाधिकारी हमीरपुर, राज कुमार गुप्ता, अधिशाषी अभियन्ता हमीरपुर, सुमित व्यास, टेलीकॉम जिला प्रबन्धक, सचिन रावत, यातायात निरीक्षक, आर्यन मिश्रा, जिलापूर्ति अधिकारी, तहसीलदार सदर, तहसीलदार मौदहा, तहसीलदार सरीला, व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। अगामी लोक अदालत में होने वाले वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौता के आधार पर सौहार्दपूर्ण वातावरण में कराया जायेगा। प्रशासन स्तर पर अधिक से अधिक वादों को निस्तारण करने हेतु प्रशासनिक स्तर के अधिकारीयों के साथ विचार विमर्श किया गया। पुलिस प्रशासन की ओर से प्रतिनिधि उपस्थित आये एंव लोक अदालत में जारी नोटिस के तामीला को लेकर दिशा निर्देश दिये गये। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोक अदालत में शमनीय आपराधिक वाद, पुलिस चालानी वाद, लघु आपराधिक वाद, अन्तिम रिपोर्ट, 138 एन.आई.एक्ट, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, वैवाहिक वाद, भरण-पोषण वाद, श्रम वाद, विक्रय कर एवं आयकर सम्बन्धी वाद, सिविल वाद किरायेदारी से सम्बन्धित वाद, बैंक वसूली सम्बन्धी वाद, उत्तराधिकारी वाद, विद्युत अधिनियम वाद, आर.टी.ओ. चालानी वाद, नगर पालिका से सम्बन्धित वाद, बांटमाप संबंधी वाद, रेलवे से सम्बन्धी वाद, वन विभाग से सम्बन्धित वाद, नहर विभाग से संबधित वाद, सेवा एवं पेंशन सम्बन्धी मामले, प्राकृतिक आपदा एवं क्षतिपूर्ति संबंधी मामले, मनोरंजन विभाग संबंधी मामले अगामी लोक अदालत में होने वाले वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौता के आधार पर सौहार्दपूर्ण वातावरण में कराया जायेगा तथा वादकारियों का आवाहन किया कि वह लोक अदालत में बढ़ चढ़ कर भाग ले व लोक अदालत को सफल बनायें।

# बोर्ड परीक्षा: डीएम की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

**अवधानामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद, उप्र प्रयागराज द्वारा आयोजित वर्ष 2024 की हाईस्कूल/ इण्टरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा हेतु ऑनलाइन निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर प्रधानाचार्य/प्रबन्धक/छात्र/अभिभावक ों से प्राप्त आपत्तियों के निराकरण हेतु जिलाधिकारी श्री राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा ऑनलाइन निर्धारित किए गए 37 परीक्षा केंद्रों के सापेक्ष 32 केंद्रों के संबंध में प्राप्त आपत्तियों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा केंद्रों के संबंध में प्राप्त आपत्तियों को शासनादेश में वर्णित बिंदुओं के अनुसार निस्तारण किया जाए । कहा कि यह ध्यान दिया जाए कि शासनादेश में वर्णित अधिकतम दूरी से अधिक दूरी पर कोई भी परीक्षा केंद्र ना बनाया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा केंद्रों का अंतिम रूप से चयन के लिए अगले तीन दिवसों में संबंधित परीक्षा केंद्रों का राजस्व विभाग की टीम एसडीएम/ तहसीलदार/ नायब तहसीलदार द्वारा मौके पर जाकर मानक के अनुसार सत्यापन कर लिया जाए। इस सत्यापन में सभी जरूरी संसाधन ,इंफ्रास्ट्रक्चर आदि को देखकर संबंधित परीक्षा केंद्रों के संबंध में प्रस्ताव दिए जाएं। कहा कि किसी भी विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाने का प्रस्ताव देने से पहले यह अवश्य ध्यान दिया जाए की परीक्षा शुचिता के साथ संपन्न हो सके। जिलाधिकारी ने कहा की परीक्षा केंद्रों के निर्धारण के संबंध में जो भी आपत्ति दर्ज हुई है उनको अच्छे ढंग से सत्यापन कर निस्तारण किया जाए।

# मौदहा पुलिस ने नहीं लिखी रपट पीड़िता ने एसपी से की शिकायत

**अवधानामा संवाददाता**

**मौदहा हमीरपुर।** 06 दिसंबर चोरी, राहजनी, टप्पेबाजी सहित तमाम मामलों को अपने हिसाब से निपटाने में माहिर मौदहा पुलिस द्वारा एक पीड़िता की रपट नहीं लिखी गई तो उसने एसपी की चौखट पर पहुंच शिकायती पत्र सौंपा है। मौदहा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उरदना गांव निवासी पीड़िता भूरी पत्नी गोकुल प्रसाद ने पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा को दिये गए शिकायती पत्र में बताया है कि उसकी भैस चोरी हो गई है।जिसको लेकर उसने चोरी करने वालों के खिलाफ मौदहा कोतवाली में नामजद तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी। लेकिन कोतवाली के बार बार चक्कर काटने के बाद भी भैंस चोरी करने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार नही किया है। जबकि आरोपी पक्ष उलटे पीड़ित महिला को फर्जी मुकदमे में फसाने की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता भूरी ने बताया कि बीते 11 अक्टूबर की रात गांव के ही चोर भैंस चुराकर ले गए थे।जिस पर पीड़िता ने 112 पुलिस को फोन भी किया था और मौदहा कोतवाली में नामजद तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नही की है।

## किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**हमीरपुर।** जनपद के किसानों की समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से किसान यूनियन के नेताओं ने जिलाधिकारी को चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। भारतीय किसान यूनियन ने अपने चार सूत्रीय मांगों के ज्ञापन में बताया कि स्वासा बुजुर्ग में किसान की जमीन पर ग्राम प्रधान ने कूड़ा घर बनवा दिया है जिसे हटाया जाए।साथ ही गढा गांव में आवास योजना का मुद्दा उठाया है।साथ ही छानी खुर्द में बनाए गए अमृत सरोवर के निकट पार्किंग बनवाने की मांग की गई है इस दौरान संगठन के जिला सहप्रभारी शिवसिंह भदौरिया सहित लगभग एक दर्जन साथी मौजूद रहे।

# सीवर टैंक में गिरने से दो सगे भाइयों की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**अवधानामा संवाददाता**

**सुमेरपुर - हमीरपुर।** कहा जाता है कि अनहोनी को कोई टाल नहीं सकता और मौत दुनिया की वह सच्चाई है जिससे इनकार नहीं किया जा सकता मौत का जो समय व स्थान निर्धारित है उस स्थान पर उस समय उस व्यक्ति की मौत हो कर रहेगी कोई शक्ति उसे बचा नही सकती इसका जीता जागता उदाहरण भरुआ सुमेरपुर में दो सगे भाइयों का एक साथ सिवर टैंक में गिरकर मरना है। यह ऐसी दर्दनाक मौत है जिसके बारे में सोच कर भी इंसान की आत्मा कांप उठती है। छोटा भाई सिवर टैंक में गिरा उसकी जान बचाने के लिए बड़ा भाई भी उसमें कूद गया लेकिन दोनों की जांन न बच सकी। भरुआ सुमेरपुर थाने के टेढ़ा गांव में सीवर टैंक का ढक्कन टूटने से एक भाई जो पेशे से सिपाही था उसके अंदर गिर गया उसकी जान बचाने के लिए बड़ा भाई भी टैंक में कूद गया लेकिन दोनों ऐसा फंसे की फिर जिंदा न निकल सके। गैस और बदबू तथा ऑक्सीजन न मिलपानें दोनों की दम गुटकर मौत हो गयी। लगभग 1 घंटे तक दोनों उस टैंक में फंसे रहे जिनको निकालने के लिए परिजनों नें हर सम्भव प्रयास किया बड़ी मशक्कत करते रहे लेकिन निकालने में असफल रहे जेसीबी मशीन बुलाकर टैंकर को तोड़ा गया इस प्रक्रिया में लगभग एक घंटे का



समय लगा और जब टैंक को तोड़कर दोनों को बाहर निकाला गया तो दोनों की हालत बेहोशी जैसी थी जिन्हें निजी साधन से आनन फान सरकारी अस्पताल लेजाया गया जहाँ डाक्टरों नें दोनों को मृत घोषित कर जिससे परिवार में कोहरा मच गया पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। टेढ़ा गांव निवासी 32 वर्षी लाल बहादुर उर्फ कल्लू जो सिपाही था जिस की कौशांबी के मंझनपुर थाने में तैनाती थी एक सप्ताह पूर्व छुट्टी पर गांव आया था और घर में पुराने सीवर टैंक को बनवाने के लिए बड़े भाई ग्राम पंचायत सदस्य 35 वर्षीय रामसेवक उर्फ भूरा के साथ टैंक के ऊपर खड़े होकर निर्माण कराने के सम्बन्ध में भाई के साथ मशवरा कर रहा था इसी बीच टैंकर का ढक्कन टूट गया और सिपाही उसके अंदर गिर गया टैंक में छोटे भाई के गिर जाने पर बड़ा भाई रामसेवक उसे बचाने के लिए टैंक में कूद गया टैंक में गंदगी व गैस भरी होने के कारण दोनों उसमें डूब गए दोनों को बचाने के लिए परिजनों बहुत मशक्कत की लेकिन सफल नहीं हुए सिपाही अविवाहित था बड़े भाई शत्रुघ्न कुशवाहा ने छलकते हुए आंसुओ के बताया कि घर में निर्माण कार्य होना था इसी को लेकर दोनों छोटे भाई आपस में चर्चा कर रहे थे लेकिन वह चर्चा दोनों भाइयों के जीवन की आखरी चर्चा साबित होगी ऐसा सपनों में भी नही सोचा होगा। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है इस मौत से गांव में सन्नाटा छा गया है।

# भव्यता के साथ मनाया गया अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस

**अवधानामा ब्यूरो**



**हमीरपुर।** जनपद में भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस पूरी भव्यता के साथ मनाया गया। इस क्रम में कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में जिलाधिकारी राहुल पांडेय की अध्यक्षता में भारत रत्न डॉ बी आर अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने भारत रत्न डॉ बीआर अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की तत्पश्चात जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में उपस्थित लोगों को भारत के संविधान की उद्देशिका का पाठ कराया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि यह दिवस हम सबको उनके द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों एवं मूल्यों पर चलने के लिए पुनर्संकल्पित होने की प्रेरणा देता है। यही कारण है कि जाति आधारित भेदभाव के विरुद्ध लड़ाई, सामाजिक न्याय की प्रतिस्थापना, सशक्तीकरण के साधनों के रूप में शिक्षा पर विशेष जोर एवं समावेशी व समतावादी समाज की स्थापना के सन्दर्भ में उनका दर्शन आज पहले से भी अधिक प्रासंगिक हो गया है। अमृतकाल के इस दौर में भारत एक वैश्विक शक्ति के रूप में अपनी पूरी क्षमता हासिल कर विश्वगुरू बनने की राह पर अग्रसर हो इसके लिए हमें बाबा साहब द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों एवं मूल्यों को आत्मसात कर उनके द्वारा दिखाये गये मार्ग पर पूरी निष्ठा के साथ चलने का व्रत लेना होगा और यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि भी होगी।

भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के परिनिर्वाण दिवस पर उन्हें श्रद्धापूर्वक स्मरण करने के लिए जनपद के विभिन्न कार्यालयों/ संस्थानों में पुष्पांजलि सभा का आयोजन कर बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित किये गए तथा शिक्षण संस्थाओं में युवाओं के लिए भाषण/व्याख्यान कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी, जिससे बाबा साहब के विचार एवं दर्शन से अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुए कार्यक्रम में एडीएम वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार मिश्रा, एडीएम नमामि गंगे राजेश कुमार यादव ,एडीएम न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव ,प्रशासनिक अधिकारी राजकुमार त्रिवेदी, नाजिर धर्मेंद्र कुमार सिंह ,जगदीश निगम कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलों के कर्मचारी तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## सक्रिय क्षय रोगी खोज अभियान 4 दिसम्बर तक

**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** सक्रिय क्षय रोगी खोज अभियान भारत सरकार के लक्ष्य 2025 में क्षय रोग का समूल समाप्ति हेतु सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मिशन मोड में कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में शासन के निर्देशानुसार जनपद सोनभद्र में सक्रिय क्षय रोगी खोज अभियान दिनांक 25 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2023 तक आयोजित किया गया जिसमें जनपद में 20 प्रतिशत जनसंख्या को आच्छादित करते हुए 471377 व्यक्तियों की स्क्रिनिंग करायी गयी जिसमें 1616 लक्षण वाले सम्भावित व्यक्तियों का परीक्षण किया गया जिसमें कुल 94 क्षय रोगी चिन्हित किये गये। इस अभियान में कुल 25 सुपरवाइजर द्वारा 135 टीमों द्वारा कार्य किया गया, एक टीम में 3 सदस्य लगाये गये।

# टॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्लांट लगा होना सुनिश्चित करें: जिलाधिकारी

**अवधानामा संवाददाता**



**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने टॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग की स्थिति की समीक्षा बैठक करते हुए उपस्थित संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए की सर्वप्रथम तहसील मुख्यालय तथा उसके बाद ब्लॉक मुख्यालय की सभी सरकारी तथा वाणिज्यिक बिल्डिंग पर टॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्लांट लगा होना सुनिश्चित करें।

सहायक अभियंता लघु सिंचाई के द्वारा अवगत कराया गया कि विभाग द्वारा जिले में कुल 47 स्थल टॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्लांट लगाने हेतु चयनित किए गए हैं, 14 प्राइवेट बिल्डिंग में भी टॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्लांट लगाए जा चुके हैं। डीएम ने निर्देश दिए हैं कि वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्लांट लगा होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा स्कूलों कॉलेज, तथा सभी सरकारी विभाग की बिल्डिंगों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्लांट लगाने हेतु उनके विभाग अध्यक्षों को निर्देशित कर दिया जाए। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी खंड विकास अधिकारियों को जल जीवन मिशन के तहत हो रहे रीस्टोरेशन वर्क पर कड़ी निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने समस्त संबंधित अधिकारियों को गोवंश संरक्षण हेतु तत्परता से कार्य करने के लिए भी निर्देशित किया। बैठक में सीडीओ श्याम बहादुर सिंह, पीडी डीआरडीए अवधेश राम, समस्त खंड विकास अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पल्स पोलियों अभियान के सफल संचालन हेतु जिला टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

**अवधानामा ब्यूरो**




**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में पल्स पोलियों अभियान दिसम्बर 2023 के सफल संचालन हेतु जिला टास्क फोर्स की बैठक की गयी बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने पल्स पोलियों अभियान को सफल बनाने हेतु की गयी तैयारियों की बिन्दुवार समीक्षा की, समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि पल्स पोलियों अभियान में 0 से 05 वर्ष के बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाया जाना है जिसकी संख्या 317939 है पल्स पोलियों अभियान के दौरान 10 दिसम्बर को 1092 बूथों पर पोलियों ड्राप पिलायी जायेगी इस दिन पोलियो ड्राप पीने से जो बच्चें छुट जायेगें उन बच्चों को 11 से 15 दिसम्बर तक 698 टीमों द्वारा घर-घर जाकर पोलियों की खुराक पिलायी जायेगी इस अभियान को सफल बनाने हेतु 36 ट्राजिट टीमें एवं 07 मोबाईल टीमें बनायी गयी है जिसके माध्यम से भ्रमणशील रहते हुए पल्स पोलियों अभियान की निगरानी भी की जायेगी इस दौरान जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाये की पल्स पोलियों अभियान के दिन सभी प्राथमिक विद्यालय खुले रहेगें एंव अध्यापक उपस्थित होकर बुलावा टोली के माध्यम से बच्चों को बुथ पर लाने का प्रयास करेगें बुथ दिवस के अवसर पर सभी आगनबाड़ी कार्यकत्री एंव सुपरवाइजर भी बुथ पर उपस्थित रहेगीं एंव बच्चों को पोलियो बुथ पर लाने में सहयोग करेगी उन्होंने कहा कि इस पल्स पोलियों अभियान के दौरान सभी विभाग आपस में समन्वय बनाते हुए इस अभियान को सफल बनायेगें इस अभियान के दौरान इस बात का विशेष ध्यान दिया जाये की कोई भी बच्चा पोलियों की खुराक पीने से वंचित ना रहें इसमें किसी स्तर पर शिथिलता न बरती जाये इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. अश्वनी कुमार, डा. गिरधारी लाल, डॉ. आर.जी. यादव, डॉ. जी.एस. यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# पूर्व सांसद नरेंद्र कुशवाहा का जिला प्रभारी ने किया स्वागत

**अवधानामा ब्यूरो**



**भाजपा पार्टी कार्यालय पर जिला अध्यक्ष नपा अध्यक्ष पदाधिकारी ने दी बधाई**

**सोनभद्र।** बहुजन समाज पार्टी को छोड़कर भाजपा पार्टी कार्यालय का दामन पकाने पर पहली बार जनपद आगमन के उपलक्ष में पूर्व सांसद नरेंद्र कुशवाहा का बीजेपी पार्टी कार्यालय पर जिला प्रभारी अमरनाथ यादव व भाजपा जिला अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता, नपा अध्यक्ष रूबी प्रसाद व जिला महामंत्री कृष्ण मुरारी गुप्ता सहित कई पदाधिकारी द्वारा माला अर्पण कर स्वागत किया गया वही जिला प्रभारी अमरनाथ यादव ने बताया कि भाजपा पार्टी के दामन पकड़ने पर पार्टी संगठन पदाधिकारी द्वारा इनका स्वागत व सम्मान के साथ प्रथम आगमन पर पदाधिकारी से परिचय प्राप्त कराया गया इसके उपरांत उनके बीजेपी पार्टी के दायित्वों के विषय में भी जानकारी दी गई वहीं पूर्व सांसद नरेंद्र कुशवाहा ने बताया कि पीएम मोदी व सीएम योगी के नेतृत्व में चलने वाली या डबल इंजन की सरकार निश्चित रूप में आम जनमानस के ही तैसी सरकार है इसके तमाम योजनाओं से प्रभावित होते हुए हमें भी अवसर मिला और मेरे द्वारा भी आम जनमानस का संपूर्ण विकास हेतु प्रयास किया जाएगा इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा विशाल पांडे, विपिन तिवारी, संजय जयसवाल, आशीष कुमार, उदयनाथ मौर्य सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## आवास योजना में लापरवाही बरतने पर सचिव निलंबित

**सुमेरपुर हमीरपुर।** ग्राम पंचायत अमिरता मे पतियों के बाद पत्नियों को आवास योजना का लाभ देने के आरोप मे जांच के बाद जिला विकास अधिकारी ने तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी को निलंबित कर दिया है। गत 25 नवंबर के अंक में दैनिक अवधानामा नें इस आवास घोटाले को प्रमुखता के साथ उजागर किया गया था।जिस का असर यह हुआ कि ग्राम सचिव को निलंबित कर दिया गया है। इस घोटाले मे वित्तीय वर्ष 2021-22 मे अमिरता गांव निवासी आशाराम, राम कैलाश, हरिया, पंकज, रामखेलावन, रामकेश, मनफूल, गयादीन, भूरा को मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ दिया गया। इसके बाद वित्तीय वर्ष 2022-23 में उनकी पत्नियों राजेश्वरी, सुशीला, बउवा, रमाकांती, कंची, शिवकली, शिवपति, पसुनिया एवं मंजू को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ थमा दिया गया। इस दौरान पंचायत में ग्राम विकास अधिकारी पद पर विनोद वर्मा की तैनाती थी। इस समय यह मौदहा विकासखंड में तैनात हैं।

# जनसुनवाई में बच्चों ने अधिकारियों को फूल देकर बताई समस्याएं

**अवधानामा संवाददाता**

- **वार्ड नंबर 20 हुसैनगंज मोहल्ला में मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे लोग**
- **अधूरी इंटरलाकिंग, बांस-बल्लियों के सहारे झूल रहे बिजली के तार**

**बांदा।** शहर के तमाम हिस्सों में आज भी लोग मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे हैं। वहां न तो चलने के लिए सड़क है और न ही बिजली लाइन खींचने के लिए बिजली के पोल ही लगे हुए हैं। मसलन दलदल भरा रास्ता और बिजली के झूलते तार संबंधित इलाकों की पहचान बनकर रह गए हैं। शहर के वार्ड नंबर 20 हुसैनगंज मोहल्ला का हाल भी कुछ ऐसा ही है।

मोहल्ले के लोग मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान अपने बच्चों को लेकर पहुंचे। बच्चों ने अधिकारियों को फूल देकर समस्याओं से अवगत कराया। बच्चों ने डीएम और अधिकारियों को बताया कि उनके मोहलले में इंटरलाकिंग आधी अधूरी पड़ी हुई है। नालियां भी नहीं बनी हैं। इससे जलभराव होने के कारण आवागमन मुश्किल होता है। यह भी बताया कि बिजली के पोल नहीं लगे हैं, इसकी वजह से बांस-बल्लियों के सहारे लोगों के घरों तक बिजली के तार पहुंचे हैं, जो हवा के झोंके में जमीन छूते हैं। किसी भी समय हादसा हो सकता है। बच्चों ने अधिकारियों को बताया कि चलने के लिए न तो सड़क है और न ही लाइन खींचने के लिए बिजली के पोल हैं। बच्चों ने जनसुनवाई के दौरान मौजूद रहे अधिकारियों के साथ ही जिलाधिकारी से समस्याओं का समाधान कराए जाने की मांग की है। इस दौरान मोहल्ले के मोर्रनुल खान, अब्दुल मजीद, मोहम्मद शाहिद मंसूरी, मोहम्मद अकील, परवीन बेगम, अब्दुल तहसीम, अली हसन, मोनिस आदि मौजूद रहे।

# बिजली चोरी कराने पर संविदा कर्मचारी निलंबित, टीम गठित

**अवधानामा संवाददाता**

**दो सदस्यीय टीम करेगी जांच, हड़हा गांव का मामला**

**बदौसा।** बिजली विभाग के संविदा कर्मचारी के द्वारा हड़हा गांव में बिजली चोरी कराए जाने का मामला सामने आया है। उप खंड अधिकारी विमलेश कुमार सिंह ने कर्मचारी को निलंबित करते हुए दो सदस्यीय टीम गठित की है। यह टीम संविदा कर्मी के कारनामे की जांच करेगी। अतर्रा के विद्युत वितरण उपखंड अधिकारी विमलेश कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार को वह ओटीएस स्कीम के तहत बकाया वसूली करने के लिए हड़हा गांव गए थे। वहां पर देखा कि हामिद अली पुत्र अहमद अली विद्युत संयोजन संख्या 4522534000 से उनके परिसर पर स्थापित मीटर संख्या 761978 को मेन सर्विस केवल से काटकर अलग कर दिया गया था और दो नग केविल के मध्य से छह घरों को और विद्युत सप्लाई दी गई थी। इस परीसर पर विद्युत केबल पूर्व में भी श्रीकांत नोडल टीजी-2 द्वारा दो बार विच्छेदित करायी गयी थी। इसके बाद ग्राम जरैला पुरवा में 8 नग पीटी डब्लू बोर पर लाठी डण्डे के सहारे तार खींच कर विद्युत चोरी की जाती थी। सभी विद्युत केबल एक ही जगह पर रखी मिलीं। ग्रामीणों ने बताया कि सुविधा शुल्क लेकर अशरफ हुसैन संविदा कर्मचारी द्वारा विद्युत चोरी कराई जाती है। ग्रामीणों की जुबानी के आधार पर प्रथम दृष्टया संविदा कर्मचारी अशरफ हुसैन की संलिप्तता बिजली चोरी कराने में नजर आ रही है।

# भीमराव अंबेडकर सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब समाज शिक्षित संगठित होगा

**अवधानामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस श्रद्धांजलि कार्यक्रम बुधवार को वार्ड-17 आर्यनगर अंबेडकर भवन राबर्ट्सगंज पर मनाया गया। डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर जिला प्रभारी अमरनाथ यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल जी, सदर विधायक भूपेश चौबे ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल जी व संचालन मण्डल अध्यक्ष राबर्ट्सगंज बलराम सोनी ने किया। इस मौके पर मुख्यअतिथि जिला प्रभारी अमरनाथ यादव ने कहा कि भीमराव अंबेडकर सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब समाज शिक्षित होगा संगठित होगा और संघर्ष करेगा। समाज मे व्याप्त छुआछूत दलितो महिलाओं और मजदूरों से भेदभाव जैसी कुरीतियों के खिलाफ आवाज बुलन्द करने का बाबा साहब को भारतीय संविधान का स्तंम्भ माना जाता है। इस मौके भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल ने कहा कि भीमराव रामजी आम्बेडकर, भारतीय बहुज्ञ, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, और समाज सुधारक थे। सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया था। आम्बेडकर विपुल प्रतिभा के छात्र थे। उन्होंने कोलंबिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स दोनों ही विश्वविद्यालयों से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधियाँ प्राप्त कीं तथा विधि, अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान में शोध कार्य भी किये थे। व्यावसायिक जीवन के आरम्भिक भाग में ये अर्थशास्त्र के प्रोफेसर रहे एवं वकालत भी की तथा बाद का जीवन राजनीतिक गतिविधियों में अधिक बीता। इसके बाद आम्बेडकर भारत की स्वतन्त्रता के लिए प्रचार और चर्चाओं में शामिल हो गए पत्रिकाओं को प्रकाशित करने, राजनीतिक अधिकारों की वकालत करने और दलितों के लिए सामाजिक स्वतंत्रता की वकालत की और भारत के निर्माण में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। बाबा साहब को याद करते हुए कहा कि उनके विचार और आदर्श लाखों लोगो को ताकत देता है बाबा साहब ने राष्ट्र के लिए जो सपने देखे थे उन सपनों को पूरा करने के लिए भारतीय जनता पार्टी प्रतिबद्ध है। इस मौके पर सदर विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में जो भी योजनाएं चल रही है वो बाबा साहब के विचारों से प्रेरित है, और समाज के अंतिम पायदान के लोगो को योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

## जिलाधिकारी, ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित किये



**सोनभद्र।** बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के 67वें परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किये इसी प्रकार से मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार ने विकास भवन के सभागार में बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किये इस दौरान कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी सहदेव कुमार मिश्र सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगणों ने भी पुष्प अर्पित किये। इस दौरान बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी इस दौरान विकास भवन सभागार में भी जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चैहान, परियोजना निदेशक आर.एस. मौर्य, उपायुक्त स्वत रोजगार ए.के. जौहरी, उपायुक्त मनरेगा रमेश कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव, जिला अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी सुधाशूं शेखर शर्मा सहित अन्य अधिकारियों व कर्मचारीयों ने पुष्पांजलि अर्पित की, इसी प्रकार से जनपद के कार्यालयों में भी बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी और जनपद के शिक्षण संस्थानों में भाषण एंव व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

अवधनामा



# डबल इंजन सरकार में हो रहा है, देश व प्रदेश का चहुंमुखी विकास

## भारत को विकसित देश बनाने के लिए मील का पत्थर साबित होगी विकसित भारत संकल्प यात्राः केशव मौर्य

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद ने कहा कि भारत का प्रत्येक नागरिक विकास करेगा, तब भारत का सम्पूर्ण विकास होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्टाचार मुक्त भारत, गरीबी मुक्त भारत, किसान समृद्धि भारत, महिला सशक्त भारत, युवा रोजगार भारत के जो संकल्प लिए थे, वह अब सब पूरे हो रहे हैं। गरीबों, युवाओं, महिलाओं तथा भारत के किसानों को सशक्त बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब गरीब , युवा, महिलाए तथा भारत के किसान सम्पन्न होंगे तब विकसित भारत बनेगा। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है कि 2047 तक विकसित भारत बने, इसलिए सम्पूर्ण भारत में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।भारत को विकसित देश बनाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा मील का पत्थर साबित होगी। केशव प्रसाद मौर्य आज बिलसूरी विकास खण्ड सिकंदराबाद जनपद बुलन्दशहर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पूर्व में महिलाएं गृह कार्य किया करती थीं, अब महिलाएं प्रधानमंत्री के सतत प्रयास से अपने घरों की आर्थिक स्थिति सुधार रही हैं। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से स्वरोजगार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में लगभग 10 लाख समूहों का गठन किया जा चुका है, जिसमे 1 करोड़ 20 लाख महिलाएं जुड़ी हैं प्रधानमंत्री के नेतृत्व में समस्त ग्रामों का विकास हुआ है। केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों को प्राप्त हो रहा है। लाभार्थियों को सीधे लाभ प्राप्त कराने के उद्देश्य से देश में 52 करोड़ लोगों के जनधन खातों को खोला गया। जिसमे 30 लाख करोड़ से अधिक की धनराशि को प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना व प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, शौचालय निर्माण कार्य, किसान सम्मान निधि इत्यादि लाभकारी योजनाओं के लाभार्थियों के सीधे खातें में ट्रांसफर किया गया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को चूल्हा जलाने में अत्यन्त कठिनाई होती थी प्रधानमंत्री के सतत प्रयास से उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत गैस कनेक्शन निशुल्क वितरण किए गए और दीपावली पर गैस के रुपए सीधे उज्ज्वला लाभार्थियों के खातों में ट्रान्सफर किए गए और आगे होली के अवसर पर भी उज्ज्वला लाभार्थियों को गैस निरूशुल्क वितरण की जाएगी। उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण अन्न योजना में गरीबों को निशुल्क राशन वितरण किए जा रहा है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा महिलाओं, युवाओं, गरीबों तथा किसानों को सम्मान देने का काम देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। पूर्व में बिजली अमीर के घर रहती थी, अब बिजली गरीब के घर पर भी रहती है। देश में 4 करोड़ 50 लाख तथा प्रदेश में 55 लाख परिवारों को निश्शुल्क पक्के आवास दिए गये। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सतत प्रयास से 33 प्रतिशत आरक्षण देकर महिलाओं को सम्मान किया। प्रधानमंत्री ने खेल जगत में भी खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का कार्य किया, खेल जगत में पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है।

# नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री का दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम

- एके शर्मा जनपद एटा, अलीगढ़ व आगरा में आयोजित कार्यक्रमों में करेंगे शिरकत



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा जनपद एटा, अलीगढ़ व आगरा में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों व बैठकों में सिरकत करने के लिए दो दिवसीय भ्रमण रहेंगे। ए0के0 शर्मा कल दिनांक 07 दिसम्बर, 2023 दिन गुरुवार को अपराह्न 02:30 बजे एटा जनपद पहुँचकर वहाँ स्थापित जवाहरपुर थर्मल पावर स्टेशन का अधिकारियों के साथ निरीक्षण करेंगे। तत्पश्चात सायं 05:30 बजे से अलीगढ़ के सर्किट हाउस में पहुँचकर वहाँ पर विभागीय अधिकारियों के साथ कार्यों की समीक्षा करेंगे। इसके पश्चात मंत्री सायं 06:45 बजे राधा वन आगरा रोड, अलीगढ़ पर आयोजित होने वाले सामाजिक कार्यक्रमों में भी प्रतिभाग करेंगे। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री 08 दिसम्बर, 2023 दिन शुक्रवार को पूर्वाह्न 10:00 बजे से आगरा के सर्किट हाउस में अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे और विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे तथा जनप्रतिनिधियों से कार्यों के संबंध में विचार विमर्श भी करेंगे। अपराह्न 01:30 बजे से आगरा में आयोजित होने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में भी सहभागिता करेंगे।

# विकास निगम के विशेषज्ञों ने कार्यशाला में किया प्रतिभाग

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** नगरीय निकाय निदेशालय ने नेशनल एक्शन फ़ॉर मैकेनाइज्ड सैनिटेशन इकोसिस्टम के अंतर्गत एक दिवसीय ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स फॉर नमस्ते कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय सफ़ाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम के विशेषज्ञों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक स्वच्छ भारत मिशन एवं नगरीय निकाय निदेशालय डॉ0 नितिन बंसल (आईएएस) द्वारा किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने सीवर एवं सेप्टिक टैंक की सफाई में कार्यरत कर्मचारियों के हित में चलाई जा रही योजना के विषय एवं इसके द्वारा सभी सफाई कर्मचारियों को लाभान्वित करने हेतु किये जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने 'नमस्ते' के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए योजना को सफल बनाने पर सभी को योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान अपर निदेशक ऋतु सुहास द्वारा सभी प्रशिक्षुओं को सफाई मित्र सुरक्षा, स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत की जाने वाली कार्यवाहियों से अवगत कराया गया और सफाई मित्रों की सुरक्षा एवं सामाजिक विकास हेतु की जाने वाली आवश्यक कार्यवाही हेतु जिला स्तर की टीम को निर्देशित किया गया।

# घर के कचरे का घर में ही उपचार, वातावरण बना रहे शुद्ध

अवधनामा ब्यूरो

- विश्व मृदा दिवस पर कार्यशाला आयोजित
- विशेषज्ञों ने बताये घर में ही जैविक खेती करने के तरीके

**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा के कुशल निर्देशन में प्रदेश के नगरीय निकायों को वैश्विक शहर के रूप में विकसित किया जा रहा। नगरों की साफ-सफाई व्यवस्था को पुख्ता कर, चौराहों, फुटपाथों, पार्कों का शुशोभन किया जा रहा। साथ ही नगरीय जीवन का श्रेष्ठ और उत्तम बनाने के लिए बेहतरीन व्यवस्था के साथ प्रदूषणमुक्त वातावरण के लिए पर्यावरण सुरक्षा हेतु भी प्रयास किये जा रहे। इस उद्देश्य से विश्व मृदा दिवस के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन नगरीय द्वारा आम जनमानस को जागरूक करने के लिए मृदा संरक्षण एवं होम कम्पोस्टिंग पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया।राज्य मिशन निदेशालय के सभागर से वर्चुअल माध्यम से आयोजित इस कार्यशाला में रमा त्यागी, अध्यक्ष हॉर्टिकल्चर सोसाइटी, रविन्द्र काबरा एवं संजीव त्रिपाठी अर्चना त्रिपाठी ने होम कम्पोस्टिंग के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि वातावरण को शुद्ध रखने के लिए धरती माँ को जहरीले रसायन से दूर रखना होगा। इसके लिए हमें अपने घर के कचरे को होम कम्पोस्टिंग के माध्यम से जैविक खाद के रूप में परिवर्तित करना होगा। कार्यशाला में बताया गया कि हम किचन गार्डन में स्वयं से बनायी गयी खाद से अपने घर में ही सब्जी उगा सकते हैं। अपने घरेलू कचरे का सही प्रबंधन कर जैविक खाद का इस्तेमाल कर जैविक सब्जियां भी उगा सकते हैं। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के साथ अपने रसोईघर को आर्थिक रूप से मजबूत कर सकते हैं।

कार्यशाला में बताया गया कि जैविक खाद बनाने के लिए ऐसे कचरे का उपयोग करें, जो सड़ गल जाता हो, जैसे सब्जियों के छिलके, फल के छिलके, खराब सब्जियां, घर से निकलने वाली दाल, बेसन, आटा आदि इनमें शामिल हैं। कचरे में प्लास्टिक, कांच व लकड़ी इत्यादि सामान की मिलावट न होने दें। जिस कचरे से जैविक खाद बनाना है, उसे छोटे टुकड़ों मे काटकर गड्ढे, ड्रम या बैग में डाल दें। कचरे के छोटे टुकड़े डालने से यह जल्दी सड़ जाता है और जैविक खाद के रूप में परिवर्तित होते में ज्यादा समय नही लगता। कचरे की परत लगाते समय ट्राइकोडर्मा और वेस्ट डीकंपोजर का छिड़काव ऊपर से कर सकते हैं, जिससे खाद जल्दी बनती है। गोबर का घोल उपलब्ध होने पर उसका भी छिड़काव कर सकते हैं। कचरे में नमी को बनाकर रखें, नमी कम होते ही उस पर पानी का छिड़काव करें।

# संक्षिप्त समाचार

## सदफ फातिमा को मिली पीएचडी की उपाधि

**लखनऊ।** सदफ फातिमा को पी.एच.डी. की उपाधि प्रदान की गयी है। सदफ फातिमा को यह उपाधि सादिक चौबक के अफसानों की अहमियत और आफादियत अस्रे हाजिर के तनाजुर में विषय पर प्रदान की गयी। सदफ फातिमा ने अपना शोध कार्य लखनऊ विश्वविद्यालय के फारसी के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. आरिफ अय्यूबी की निगरानी में पूर्ण किया। अतिथि विशेषज्ञ दिल्ली विवि के फारसी विभागाध्यक्ष प्रो. अलीम अशरफ खान ने सदफ फातिमा के शोध पत्र की सराहना करते हुए जल्द से जल्द किताब के रूप में लोगों के सामने लाने को कहा। उन्होंने प्रो. आरिफ अय्यूबी को भी मुबारकबाद दी, जिनकी देखरेख में यह महत्वपूर्ण शोध कार्य पूर्ण हुआ। इस मौके पर फारसी विभाग के अन्य शिक्षकों व अतिथियों ने सदफ फातिमा और प्रो. अय्यूबी को मुबारकबाद दी, जिसमें विशेष रूप से फारसी विभागाध्यक्ष प्रो. गुलाम नबी अहमद, प्रो. उमर कमालुद्दीन, प्रो. अहसन जफर, डॉ. शुएब अनवर अलवी, जियाउल्लाह सिद्दीकी, डॉ. नाजिर हुसैन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## आरडीएसओ में महापरिनिर्वाण दिवस का आयोजन

**लखनऊ।** आरडीएसओ में बुधवार को डॉ.भीमराव आम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस का आयोजन किया गया। समारोह में आरडीएसओ के महानिदेशक अजय कुमार राणा ने डॉ.आम्बेडकर को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। अपने विचार व्यक्त करते हुए महानिदेशक ने कहा कि डॉ.भीमराव आम्बेडकर का व्यक्तित्व बहुमुखी प्रतिभाओं का अद्भुत संगम था। बाबा साहब एक कुशल न्यायविद, संविधानवेत्ता, सामाजिक प्रेरणा पुरुष, शिक्षा शास्त्री और राष्ट्रवादी होने के साथ साथ एक विद्वान साहित्यकार भी थे।

## प्रभारी, उपायुक्त (स्वतः रोजगार) सीतापुर को दी गयी, विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि

**लखनऊ।** ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आवंटित लक्ष्य को उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा सोशल मोबिलाइजेशन कैम्पेन आयोजित करते हुए पात्र परिवारों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ते हुए समस्त सदस्यों को भारत सरकार द्वारा विकसित सखी ऐप (लोकोस) पोर्टल पर अपलोड किये जाने एवं प्रधानमंत्री आवास योजना -ग्रामीण के पात्र लाभार्थियों को स्वयं सहायता समूह से जोड़ने हेतु सर्वे कर कन्वर्जेस ऐप पर अंकन किये जाने के कार्य की प्रगति संतोषजनक नहीं होने,भारत सरकार के महत्वपूर्ण फ्लैगशिप कार्यक्रम में रुचि नहीं लेने एवं शिथिल कार्यप्रणाली के लिए राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन द्वारा जितेन्द्र कुमार मिश्र, प्रभारी उपायुक्त मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस में बड़े फेरबदल की तैयारी

- बदले जा सकते हैं कई जिलों के अध्यक्ष

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कांग्रेस ने प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक के बाद अब जिलों की ओवरहालिंग शुरू कर दी है। करीब 15 जिलों में नए लोगों को जिलाध्यक्ष बनाया जाएगा, जबकि 60 जिलों में पुराने जिलाध्क्षों के कंधे पर ही लोकसभा चुनाव का भार रहेगा। इसकी कवायद शुरू कर दी गई है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद क्षेत्रवार समीक्षा बैठक की। इन बैठकों ने संबंधित लोकसभा क्षेत्र की स्थिति का न सिर्फ जायजा लिया बल्कि संगठनात्मक ढांचें को दुरुस्त करने की रणनीति बनाई। यही वजह है कि उनकी 130 सदस्यीय प्रदेश कार्यकारिणी में ज्यादा युवा चेहरों को तवज्जो मिली। कार्यकारिणी में करीब 60 पुराने और 70 नए लोगों को मौका दिया गया है। मंगलवार को हुई समीक्षा बैठक में परिवर्तन यात्रा निकालने से लेकर अन्य कार्यक्रमों की रणनीति बनाई गई है। संगठनात्मक ढांचे पर विशेष रूप से फोकस किया गया है। सूत्रों की मानें तो पार्टी की रणनीति है कि कम समय को देखते हुए करीब 60 जिलाध्यक्षों को सक्रिय करके उन्हीं के कंधे पर लोकसभा चुनाव का भार रखा जाए। यही वजह है कि प्रदेश कार्यकारिणी में शामिल सभी उपाध्यक्षों, महासचिवों एवं सचिवों को निर्देशित किया गया है कि वे संबंधित जिले में जिलाध्यक्ष से पूरी तरह से समन्वय रखें। बूथ कमेटियों का गठन करें। किसी भी तरह का आपसी टकराव नहीं होना चाहिए। यदि किसी जिलाध्यक्ष से किसी वरिष्ठ नेता का टकराव है तो प्रदेश कार्यकारिणी की जिम्मेदारी होगी कि उसे दूर कराए।



### सभी को जोड़ने की रणनीति

प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने बताया कि सभी वरिष्ठ नेताओं, पूर्व पदाधिकारियों को जोड़कर संगठन को सक्रिय करने की रणनीति अपनाई गई है। सभी जिलाध्यक्षों को पूरी तरह से सक्रिय होने का निर्देश दिया गया है। इसके बाद भी जो लोग पार्टी का काम नहीं कर रहे हैं, उनके स्थान पर तेज तर्रार नेताओं को मौका दिया जाएगा।

# राज्य उपभोक्ता आयोग का फैसला

- आंखों का गलत इलाज करने पर दो डाक्टरों पर 15 लाख का जुर्माना, देना होगा ब्याज भी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** आंखों का गलत इलाज करने पर राज्य उपभोक्ता आयोग ने दो डाक्टरों पर 7.5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। जुर्माने की ये रकम उन्हें वर्ष 2015 से 12 फीसदी सालाना ब्याज के साथ अदा करना होगी। गाजियाबाद निवासी कृतिका अरोरा (उम्र 23 वर्ष) की ऑखों में सूजन आ गई थी। उन्होंने गाजियाबाद के मानव हास्पिटल एण्ड लेजर आई सेंटर के डॉ हरीश गुप्ता और डॉ एसडी तायल को दिखाया। उन डॉक्टरों ने आंखों की जांच की और प्रेड-फोर्ट की दवा आंख में डालने के लिए दी। आराम न मिलने पर उसे एक अन्य दवा पोटाडे आंख में डालने के लिए दी गयी। ऑख में आराम न मिलने पर ये दवाऐं कई महीनों तक लगातार दी गई। जब कृतिका ने दूसरे ऑख के अस्पताल में दिखाया, तब मालूम हुआ कि दोनों आँखों में मोतियाबिन्द हो चुका है। एक में 60 प्रतिशत और दूसरी में 40 प्रतिशत। उन्हें बताया गया कि यह आपरेशन से ठीक हो सकती हैं। कृतिका ने इस सम्बन्ध में जिला उपभोक्ता आयोग गाजियाबाद में एक परिवाद दाखिल किया जिसे खारिज कर दिया गया।

पीड़ित कृतिका ने राज्य उपभोक्ता आयोग लखनऊ में अपील की। इसकी सुनवाई राज्य आयोग के सदस्य राजेन्द्र सिंह और विकास सक्सेना ने की।

# डॉ. आम्बेडकर के जीवन और सिद्धान्तों पर हुई चर्चा

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान की ओर से बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर संस्थान के निराला सभागार में डॉ. भीमराव आम्बेडकर का स्मरण समारोह पूर्वक किया गया। परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर मां सरस्वती व डॉ. आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पार्पण अर्पित करते हुए दीप प्रज्जवलन किया गया। उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान के निदेशक आरपी.सिंह की उपस्थिति में आयोजित इस स्मृति समारोह में डॉ. आम्बेडकर के जीवन और सिद्धान्तों पर चर्चा करते हुए प्रधान सम्पादक डॉ. अमिता दुबे ने कहा कि डॉ. आम्बेडकर का जीवन हमें शिक्षा के महत्व को सिखाता है। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में संघर्ष करते हुए उच्च शिक्षा प्राप्त की और उन्नति की दिशा में देश को ले जाने का प्रयास किया। निदेशक आरपी.सिंह ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने महिलाओं की उन्नति के लिए भी बहुत अधिक काम किया। आज उनके जीवन की बातें सोचकर आश्चर्य होता है कि उन्होंने किस प्रकार कार्य किया होगा। इस अवसर पर किरन संजय, प्रदीप कुमार दुबे, सुरेन्द्र कुमार, रामजनम दिवाकर, प्रदीप, जितेन्द्र, सुनील सखूजा, शिवराज प्राची, आसिया बानो, मालती यादव आदि उपस्थित रहे।

# कर्बला अब्बास बाग की होर्डिंग हटी

- वक्फ हुसैनी बेगम की सम्पत्ति खाली कराई गयी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** हरदोई रोड स्थित वक़्फ़ कर्बला अब्बास बाग में लगी एक होर्डिंग को थाना ठाकुर गंज पुलिस हटवाने पहुंची जिसको लेकर हालात थोड़ा हंगामी रहे कर्बला के प्रशासक सारिम महदी ने बताया की उन्होने कर्बला के पीछे वाले गेट के पास एक होर्डिंग लगवाई थी जिसमे उनहोंने कर्बला की ज़मीन बताते हुए उसकी बिक्री पर खरीद को अवैध बताया था जिसपर किसी ने आपत्ति करते हुए पुलिस से बोर्ड हटवाने का अनुरोध किया सारिम महदी का कहना था ज़मीन कर्बला की आराजी है जिसकी पैमाइश भी हो चुकी है जिस पर किसी को आपत्ति का अधिकार नहीं है मामला कोर्ट में भी है पुलिस ने कहा की जब तक फैसला नहीं होता तब तक किसी तरह का बोर्ड न लगाया जाये।

वहीं दूसरी तरफ जल निगम रोड बालागंज स्थित वक़्फ़ हुसैनी बेगम, की संपत्ति ख़ाली कराई गई। उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने प्रशासन की मदद से बुधवार को वक्फ की भूमि पर अवैध कब्जों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बालागंज के जल निगम रोड स्थित वक्फ हुसैनी बेगम की भूमि से लगभग तीन दर्जन अवैध कब्जेदारों के कब्जे हटवाये। वक्फ बोर्ड चेयरमैन अली जैदी ने बताया कि वक्फ हुसैनी बेगम की जल निगम पर लगभग 7 बीघा जमीन है, जिस पर अवैध कब्जेदार कब्जा जमाए हुए थे। पूर्व में वक्फ सम्पत्ति से अवैध कब्जेदारों को हटाने के लिए 2 दिसम्बर को कार्रवाई होना थी, लेकिन पुलिस फोर्स उपलब्ध न होने की वजह से कार्रवाई न हो सकी। बुधवार को वक्फ सम्पत्ति से अवैध कब्जे हटाने की कार्रवाई वक्फ इंस्पेक्टर जिल्ले हसन की मौजूदगी में की गयी। चेयरमैन अली जैदी ने बताया कि कार्रवाई के दौरान वक्फ की करोड़ों रुपये कीमत की जमीन से ढाई से तीन दर्जन अवैध कब्जे हटवाये गये।

# बाबरी मस्जिद की बरसी पर शोकसभा आयोजित

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** बाबरी मस्जिद की शहादत की 31वीं बरसी पर बुधवार को आल इंडिया मुस्लिम मजलिस ने शोकसभा आयोजित की गयी। पार्टी के कैसरबाग के तकिया पीर जलील स्थित कार्यालय में आयोजित शोकसभा में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद नदीम सिद्दीकी एडवोकेट ने कहा कि बाबरी मस्जिद की शहादत गांधी की हत्या के बाद देश में दूसरी जालिमाना घटना थी। 6 दिसम्बर 1992 को तत्कालीन सत्ता के संरक्षण और केन्द्र सरकार व उग्रवादियों ने बाबरी मस्जिद को नष्ट कर देश को बर्बाद कर दिया। उम्मीद थी कि सर्वोच्च न्यायालय से न्याय मिलने पर दाग मिटता लेकिन मस्जिद की शहादत के जिम्मेदार लोगों के पक्ष में फैसला देकर न्याय का गला घोंट दिया। उन्होंने कहा कि मुसलमान हमेशा मस्जिद की शहादत और अदालत के अन्याय के खिलाफ प्रार्थना और शोकसभा कर विरोध करते रहेंगे। एक न एक दिन बाबरी मस्जिद दोबारा बनेगी। शोकसभा में तौफीक जाफरी, इरफान खान कादरी, मोहम्मद मोहसिन खान एडवोकेट, शोएब खान एडवोकेट, डॉ. अफसर, डॉ. अनवारुल हक, अतहर अली, मोहम्मद अजीम, बाबू भाई, जमाल, अशरफ खान सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

# कांग्रेस ने मनाया डॉ. भीमराव अम्बेडकर का परिनिर्वाण दिवस

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** भारतीय संविधान के निर्माता और स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर बुधवार को कांग्रेस मुख्यालय में श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. हिलाल अहमद नकवी ने बताया कि हजरतगंज स्थित बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर कांग्रेस सचिव व प्रदेश सहप्रभारी तौकीर आलम, पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ल, इन्दल रावत, गयादीन अनुरागी और प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह ने माल्यार्पण किया। यहां के बाद पार्टी मुख्यालय में बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। राष्ट्रीय सचिव तौकीर आलम ने अपने सम्बोधन में कहा कि बाबा साहब ने समाज सुधारक के रूप में विशेष काम किया। दलित समाज के उत्थान के लिए अपने समय की चुनौतियों से लोहा लेते हुए उन्होंने लगातार संघर्ष किया। दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और दलितों से सामाजिक भेदभाव के खिलाफ अभियान चलाने के साथ श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का भी समर्थन किया।

इस मौकेपर श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से प्रदेश सचिव अर्चना राठौर, अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम, जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश त्रिपाठी, पूर्व मंत्री राजबहादुर सिंह, अनीस अंसारी, मुकेश सिंह चौहान, नरेन्द्र दत्त त्रिपाठी, पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव, कैप्टन वंशीधर मिश्र, शाहनवाज खान, योगेश्वर सिंह, आदित्य सिंह, अय्यूब सिद्दीकी, जी.के. दुबे, के.डी. शुक्ला, जैसराम सहित अन्य कांग्रेसी शामिल थे।

# उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में मनाया गया परिनिर्वाण दिवस



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** आधुनिक भारत के आधार स्तम्भ एवं देश को एकता, अखंडता, समानता, एकता तथा सद्भावना के सूत्र में पिरोने वाले विराट व्यक्तित्व बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में मनाया गया। बुधवार को मंडलीय कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक डॉ.मनीष थपलियाल ने भारतीय संविधान के रचयिता एवं आधुनिक भारत के शिल्पकार डॉ. भीमराव आम्बेडकर को स्मरण करते हुए उनके प्रति कृतज्ञ नमन कर सादर श्रद्धासुमन समर्पित किये गये। मंडल रेल प्रबंधक ने बाबासाहेब के चित्र पर माल्यार्पण किया। मंडल रेल प्रबंधक डॉ.मनीष थपलियाल ने डॉ.आम्बेडकर के तेजस्वी व्यक्तित्व एवं उनके महान कृतित्वों का उल्लेख करते हुए बाबासाहेब को राष्ट्र की एकता, समरसता, अखंडता, बंधुत्व एवं स्वतंत्रता का प्रबल प्रणेता बताते हुए उनको राष्ट्र के उत्थान, प्रगति, समृद्धि एवं सशक्त भारत के निर्माता की संज्ञा दी। उन्होंने समस्त रेलकर्मियों का आह्वान करते सभी को बाबासाहेब द्वारा दर्शाये गये मार्ग पर चलने एवं उनके सिद्धांतों का अनुसरण करते हुए राष्ट्र सेवा करने की अपेक्षा की। कार्यक्रम में मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक शिवेंद्र शुक्ला सहित विभागाध्यक्ष, अधिकारी, मान्यता प्राप्त यूनियनों एवं एसोसिएशनों के पदाधिकारीगण व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बाबा साहब के परिनिर्वाण दिवस पर दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल के डीआरएम आदित्य कुमार ने बुधवार को मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय में भारत रत्न डॉ. भीमराव आम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। समारोह में एडीआरएम परिचालन विक्रम कुमार, एडीआरएम इंफ्रा राजीव कुमार, मुख्य परियोजना प्रबंधक गतिशक्ति राघवेन्द्र कुमार, मण्डल के शाखाधिकारियों एवं नरमू, एससीएसटी एसोसिएशन व ओबीसी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## नवविकसित फुल गेज रेल मोटर ट्रॉली का शुभारम्भ

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम आदित्य कुमार ने बुधवार को ऐशबाग रेलवे स्टेशन स्थित यार्ड में नवविकसित फुल गेज रेल मोटर ट्रॉली का शुभारम्भ किया। टेस्टिंग के बाद डीआरएम ने फुल गेज रेल मोटर ट्रॉली निर्माण करने वाले रेलकर्मियों को उत्साहवर्धन के लिए पुरस्कृत भी किया।

## लखनऊ जंक्शन पर मनाया गया महापरिनिर्वाण दिवस



**लखनऊ।** डॉ.भीमराव आम्बेडकर की पुण्यतिथि पर महापरिनिर्वाण दिवस लखनऊ जंक्शन पर भी मनाया गया। जिसमें रेल कर्मचारियों ने बाबा साहेब को पुष्प अर्पण कर याद किया। इस दौरान रेल कर्मचारियों ने अपने अपने विचार रखे और बाबा साहेब के कारवां को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अरविंद कुमार, नवनीत वर्मा, अजय कुमार, मनराज मीना, अरविंद कुमार और अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

## वोटर आईडी बनवाने के लिए लगा कैम्प

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल कार्यालय में वोटर आईडी बनवाने के लिए कैम्प लगाया गया। बुधवार को रेलकर्मियों एवं उनके आश्रित पारिवारिक सदस्यों के लिए वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी अमित पाण्डेय निर्देश पर लगे मतदाता पहचान पत्र शिविर में भारी संख्या में रेलकर्मियों ने आवेदन किया। इस शिविर का मकसद रेलकर्मियों एवं उनके पारिवार के सदस्यों की मतदाता पहचान पत्र सम्बंधी समस्याओं का समाधान करना, पंजीकरण करना तथा मतदाता पहचान पत्र संबंधी त्रुटियों का संशोधन करना था। इस शिविर में लगभग डेढ़ सौ रेलकर्मियों तथा उनके परिवार के सदस्यों ने लाभ उठाया।